खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

लखनऊ, मंगलवार 29 जुलाई 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 268 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

अधिकतम : 28°C
न्यूनतम : 25°C

shahtimes2015@gmail.com श्रावण शुक्ल पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 3 सफर 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



यूपी में सबसे लंबे कार्यकाल वाले मुख्यमंत्री बने योगी
पेज 2



19 साल की दिव्या देशमुख ने चेस विमेंस वर्ल्डकप जीता
खेल टाइम्स



संवादहीन संसद में सहमा लोकतंत्र और सत्ता का एकालाप
सम्पादकीय



मोहम्मद यूनुस ने भारतीय डाक्टरों को दिया धन्यवाद
पेज 12

## राज्यसभा में गतिरोध जारी, कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित

**नई दिल्ली।** बिहार में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण के मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग को लेकर राज्यसभा में सरकार और विपक्ष के बीच गतिरोध सोमवार को भी दूर नहीं हो सका और विपक्ष के हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही पहले बारह बजे , फिर दो बजे और अंततः दिन भर के लिए स्थगित करनी पड़ी। मानसून सत्र का पहला सप्ताह विपक्ष के हंगामे की भेंट चढ़ने के बाद दूसरे सप्ताह के पहले दिन भी कोई विधाई कामकाज नहीं हो सका। पहले सप्ताह में केवल एक विधेयक विपक्ष की अनुपस्थिति में पारित हो सका था। बारह बजे के स्थगन के बाद दो बजे जब सदन की कार्यवाही पुनः शुरू हुई तो पीठासीन उप सभापति भुवनेश्वर कलिता ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रफुल्ल पटेल को समुद्र द्वारा माल वहन विधेयक 2025 पर चर्चा शुरू करने के लिए कहा।

## ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा में कांग्रेस के वक्ताओं में थरूर का नाम शामिल नहीं

**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र में कांग्रेस सांसद शशि थरूर अपनी पार्टी से अलग-थलग नज़र आ रहे हैं। विश्वस्त सूत्रों के मुताबिक श्री थरूर ने ऑपरेशन सिंदूर के मुद्दे पर कांग्रेस को साफ-साफ कह दिया है कि वह इस मसले पर वही बात कहेंगे, जो कहते आ रहे हैं। सूत्रों के अनुसार कांग्रेस नेतृत्व ने थरूर से बहस में शामिल होने के लिए कहा था जिस पर उन्होंने कहा कि वह ऑपरेशन सिंदूर पर सरकार की आलोचना करने वाली पार्टी लाइन का पालन नहीं कर सकते। उनसे जब संसद परिसर में पत्रकारों ने ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल किया, तो उन्होंने इस पर कोई जवाब देने की बजाय सिर्फ कहा 'मौन व्रत'।

## राजस्थान में बारिश का रेड अलर्ट, आठ जिलों में स्कूल बंद

**नई दिल्ली।** बंगाल की खाड़ी में बना लो प्रेशर राजस्थान में एक्टिव है। इसके चलते मौसम विभाग ने राजस्थान के 14 जिलों में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। इसके साथ 8 जिलों झालावाड़, कोटा, भीलवाड़ा, बांसवाड़ा, बारां, डूंगरपुर, धौलपुर और अजमेर में स्कूलों की छुट्टी घोषित की गई है। बिहार के पटना में रविवार पूरी रात हुई बारिश से हालात बिगड़ गए हैं। पटना जंक्शन पर रेल ट्रैक डूब गया है।

## उपग्रह निसार का प्रक्षेपण कल

**चेन्नई।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी 'नासा' और 'इसरो' का 'सिंथेटिक अपर्चर रडार (निसार) उपग्रह' 30 जुलाई को भारतीय समयानुसार शाम 5:40 बजे प्रक्षेपित किया जाएगा। 2,400 किग्रा वज़न के इस उपग्रह को इसरो के जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल-एफ 16 (जीएसएलवी-एफ16) की मदद से आंध्र प्रदेश में श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से कक्षा में स्थापित किया जाएगा।

# IIT खड़गपुर में चार छात्रों की मौत पर सुप्रीम कोर्ट चिंतित

शाह टाइम्स ब्यूरो

- शीर्ष अदालत ने स्वतः संज्ञान लेते हुए किया सवाल
- क्या गड़बड़ है? छात्र आत्महत्या क्यों कर रहे हैं?

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में खड़गपुर के भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) में गत जनवरी से चार विद्यार्थियों की कथित आत्महत्या के मामले में सोमवार को गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए सवाल किया कि क्या गड़बड़ है? छात्र आत्महत्या क्यों कर रहे हैं? इस साल जनवरी से आईआईटी खड़गपुर परिसर में यह चौथा ऐसा मामला था।

न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने आईआईटी खड़गपुर और शारदा विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों की आत्महत्या से संबंधित स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई करते हुए ये उन संस्थानों से पूछा कि क्या उन्होंने इस गंभीर मुद्दे पर विचार किया है? आईआईटी खड़गपुर की ओर से पेश अधिवक्ता ने कहा कि इस मामले में 10 सदस्यीय समिति और एक परामर्श केंद्र का गठन किया गया है। इस तरह से वह मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का सामना कर रहे छात्रों की पहचान कर रहे हैं। एक फ़ोन नंबर दिया गया है जिस पर कभी भी कॉल कर मदद ली जा सकती है। पीठ के समक्ष आईआईटी खड़गपुर और शारदा विश्वविद्यालय के वकीलों ने बताया कि दोनों घटनाओं के संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। इन तथ्यों से अवगत होने के बाद अदालत ने कहा कि वह आगे कोई टिप्पणी नहीं करेगी और स्पष्ट किया कि मामले में जांच जारी रह सकती है। पीठ ने कहा कि हमें सूचित किया गया है कि जहां तक शारदा विश्वविद्यालय में हुई घटना का सवाल है, मृतक के पिता की ओर से प्राथमिकी दर्ज कराई गई है और जांच जारी है। इसे कानून के अनुसार आगे बढ़ने दें।




## बिहार की मतदाता सूची प्रारूप के प्रकाशन पर रोक से सुप्रीम कोर्ट का इन्कार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के बाद आगामी एक अगस्त को मतदाता सूची के प्रारूप को प्रकाशित करने से रोकने से इन्कार कर दिया और साथ ही यह भी कहा कि पुनरीक्षण प्रक्रिया में यदि कोई वैधता संबंधी कोई खामी पाई जाती है, तो वह उसे रद्द कर सकती है। पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद इस संबंध में आदेश पारित किया। पीठ ने स्पष्ट किया कि यदि वैधता संबंधी कोई उल्लंघन पाया गया, तो अदालत पूरी प्रक्रिया को रद्द कर सकती है।

# हापुड़ में गैंगस्टर डबलू यादव ढेर

शाह टाइम्स ब्यूरो




**हापुड़।** उप्र पुलिस की एसटीएफ ने हापुड़ जिले के सिंभावली इलाके में एक सशस्त्र मुठभेड़ में मोस्ट वांटेड गैंगस्टर डबलू यादव को मार गिराया।

एसटीएफ की नोएडा इकाई ने बिहार पुलिस और हापुड़ पुलिस के सहयोग से सोमवार तड़के इस मुठभेड़ को अंजाम तक पहुंचाया। बिहार के बेगूसराय जिले के साहेबपुर कमाल निवासी डबलू यादव को मुठभेड़ के दौरान सीने में गोली लगी। उसे तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। यादव एक कुख्यात अपराधी था और बिहार में एक चर्चित हत्याकांड सहित कई गंभीर मामलों का मुख्य आरोपी था। उस पर 50 हजार रुपये का इनाम था।

# राजनाथ का दावाः किसी दबाव में नहीं रुका 'ऑपरेशन सिंदूर'

## कहाः परीक्षा में पेंसिल के टूटने की चिंता नहीं, बल्कि परीक्षाफल पर फोकस जरूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो



- ऑपरेशन के सभी लक्ष्य तय समय से कर लिए गए थे हासिल

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर को किसी के दबाव में रोकने के विपक्ष के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए सोमवार को लोकसभा में कहा कि इस ऑपरेशन के सभी लक्ष्य तय समय में हासिल कर लिए गए थे और इसे किसी के दबाव में नहीं रोका गया।

श्री सिंह ने सोमवार को सदन में 'पहलगाम में आतंकवादी हमले के जवाब में भारत के मजबूत, सफल एवं निर्णायक ऑपरेशन सिंदूर' पर विशेष चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि आतंकवाद के खिलाफ हमारी जीरो टॉलरेंस की नीति को पूरी दुनिया ने देखा और हम इससे पीछे हटने वाले नहीं हैं। ऑपरेशन सिंदूर पूरी तरह सफल रहा और सेनाओं ने अपना लक्ष्य हासिल कर लिया। उन्होंने कहा कि हमने किसी के दबाव में आकर इसे नहीं रोका, बल्कि हमने दुश्मन के हर मंसूबे पर पानी फेरा है। हमारा मकसद युद्ध छेड़ना नहीं, बल्कि हमें आतंकवादियों के ढांचों को नेस्तनाबूद -शेष पृष्ठ दो पर

## लोकसभा में जयशंकर की दो टूक

### 22 अप्रैल से 17 जून तक पीएम मोदी और ट्रम्प के बीच कोई बातचीत नहीं हुई



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने संसद के निचले सदन यानी लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि पहलगाम के बाद भारत का रुख आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता (जीरो टॉलरेंस), आत्मरक्षा का अधिकार का है। विदेश मंत्री ने लोकसभा में बोलते हुए पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत की कूटनीतिक रणनीति का जिक्र किया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर तथ्य रखे। उन्होंने यह भी कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच किसी ने मध्यस्थता नहीं की।

## पहलगाम हमले व ऑपरेशन सिंदूर से जुड़े सभी तथ्य सामने लाएंः विपक्ष



**नई दिल्ली।** विपक्ष ने लोकसभा में सोमवार को ऑपरेशन सिंदूर पर शुरू हुई चर्चा के दौरान पहलगाम आतंकवादी हमले और ऑपरेशन सिंदूर से जुड़े सभी तथ्यों को सदन में रखे जाने की मांग की। कांग्रेस के उप नेता गौरव गोगोई ने कहा कि सरकार को पहलगाम हमले को लेकर पूरी सच्चाई देश के सामने लानी चाहिए और कांग्रेस सच्चाई के साथ है, लोकतंत्र के साथ है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित तभी तथ्य संसद में रखे जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि पाकिस्तान के साथ युद्ध में रफाल लड़ाकू विमान गिरे हैं, तो सरकार को इसकी जानकारी देश को देनी चाहिए। ये अरबों रुपये की कीमत के विमान हैं और भारत के पास सिर्फ 35 रफाल विमान हैं, ऐसे में इनकी जानकारी दिया जाना बहुत जरूरी है। तृणमूल कांग्रेस के कल्याण बनर्जी ने चर्चा में शामिल होते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का श्रेय सिर्फ सैन्य बलों को मिलेगा, इसकी सफलता का श्रेय कोई और नहीं ले सकता।

# जस्टिस वर्मा से सुप्रीम कोर्ट में सवाल-जवाब शुरू



- पूछाः आंतरिक जांच समिति के गठन की वैधता को चुनौती क्यों नहीं दी
- अगली सुनवाई कल

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने नकदी बरामद होने के आरोपों का सामना कर रहे न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा से सोमवार को पूछा कि संबंधित न्यायिक आंतरिक जांच समिति द्वारा अपनी जांच पूरी करने और रिपोर्ट प्रस्तुत करने का इंतज़ार क्यों किया?

न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ ने न्यायमूर्ति वर्मा की रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए उनके अधिवक्ता से पूछा कि उन्होंने आंतरिक जांच समिति के गठन की वैधता को चुनौती क्यों नहीं दी और अगर यह संवैधानिक प्रावधानों के विपरीत था, तो उन्होंने इसके अधिकार क्षेत्र को क्यों स्वीकार किया। पीठ ने न्यायमूर्ति वर्मा की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल से सवाल किया कि जब समिति गठित की गई थी तब आपने चुनौती क्यों नहीं दी? आपने इंतज़ार क्यों किया? न्यायाधीश पहले भी इन कार्यवाहियों में शामिल होने से बचते रहे हैं। पीठ ने उनसे पूछा कि क्या यह सच नहीं है कि आंतरिक जांच रिपोर्ट केवल एक तथ्य-खोज दस्तावेज़ है, न कि साक्ष्य और वह इससे कैसे असंतुष्ट हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि न्यायाधीश (जांच) अधिनियम के तहत जांच में मुद्दे की पड़ताल करने और शपथ के तहत साक्ष्य लेने की व्यापक शक्तियां हैं। अदालत ने यह भी बताया कि शीर्ष न्यायालय के निर्णयों ने आंतरिक प्रक्रिया की पवित्रता को बरकरार रखा है। शीर्ष अदालत इस मामले में अगली सुनवाई बुधवार को करेगी।

## मप्र के मंत्री विजय शाह की नीयत पर कोर्ट को संदेह

शाह टाइम्स ब्यूरो

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा- 13 अगस्त तक जांच रिपोर्ट दे एसआईटी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मप्र सरकार के मंत्री विजय शाह को कड़ी फटकार लगाई है।

कारण है कि उन्होंने भारतीय सेना की महिला अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी और अब तक उसके लिए सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगी। कोर्ट ने कहा कि मंत्री विजय शाह का व्यवहार संदेह पैदा करता है कि क्या उन्होंने जानबूझकर यह टिप्पणी की थी और अब माफी न मांगकर अपनी गलती नहीं मान रहे हैं। कोर्ट ने कहा कि इससे मंत्री की नीयत और ईमानदारी पर सवाल उठते हैं। जांच कर रही एसआईटी को सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया है कि वह 13 अगस्त तक जांच पूरी करे।

## CBI ने महुआ के खिलाफ लोकपाल को जांच रिपोर्ट सौंपी

**नई दिल्ली।** तृणमूल सांसद महुआ मोइत्रा की कैश फॉर क्वेरी मामले में एक बार फिर से मुश्किलें बढ़ सकती हैं। सीबीआई ने उनके खिलाफ लोकपाल को अपनी जांच रिपोर्ट सौंपी है। रिपोर्ट के आधार पर लोकपाल तय करेगा कि टीएमसी सांसद पर आगे क्या कार्रवाई करनी है। महुआ पर उनके पूर्व प्रेमी और सुप्रीम कोर्ट के वकील जय अनंत देहाद्राई ने 14 अक्टूबर, 2023 को संसद में सवाल पूछने के बदले घूस लेने के आरोप में सीबीआई में केस दर्ज कराया था।

# कुत्तों के काटने से मौत पर शीर्ष अदालत ने लिया स्वतः संज्ञान

शाह टाइम्स ब्यूरो



- शहर और उसके बाहरी इलाकों में हर दिन सैकड़ों कुत्तों के काटने की आ रही खबरें
- मीडिया रिपोर्ट को बेहद परेशान करने वाला और चिंताजनक बताया

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कुत्तों के काटने से छह साल की एक बच्ची की असामयिक मृत्यु से संबंधित मीडिया रिपोर्ट का सोमवार को 'स्वतः संज्ञान' लिया। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने शीर्ष अदालत रजिस्ट्री से कहा कि वह इस मामले को जनहित में स्वतः संज्ञान याचिका के रूप में दर्ज करें।

पीठ ने कहा कि इस आदेश को उचित आदेश के लिए समाचार रिपोर्ट के साथ भारत के मुख्य न्यायाधीश के समक्ष रखा जाए। पीठ ने इस मीडिया रिपोर्ट को 'बेहद परेशान करने वाला और चिंताजनक' बताते हुए कहा कि शहर और उसके बाहरी इलाकों में हर दिन सैकड़ों कुत्तों के काटने की खबरें आ रही हैं। कुत्तों के काटने से रेबीज हो रहा है। आमतौर पर बच्चे और बुजुर्ग इसके शिकार हो रहे हैं। कुत्तों के काटने से संबंधित यह खबर राष्ट्रीय राजधानी की है। कथित तौर पर एक पागल आवारा कुत्ते के काटने से छह साल की बच्ची की मौत हो गई थी। पीठ ने कहा कि इस समाचार में कुछ चिंताजनक और विचलित करने वाले आंकड़े और तथ्य हैं। शीर्ष न्यायालय ने गत 15 जुलाई को नोएडा में सार्वजनिक स्थानों पर कुत्तों को खाना खिलाने को लेकर उत्पीड़न का आरोप लगाने वाली एक अलग याचिका पर सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ता से पूछा था कि आप उन्हें अपने घर में खाना क्यों नहीं खिलाते?

## सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल की नई ओबीसी सूची पर रोक लगाने संबंधी हाईकोर्ट के आदेश पर लगाई रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा राज्य में ओबीसी की नई सूची को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया पर रोक लगा दी गई थी। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने प.बंगाल सरकार की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया। अदालत ने कहा कि इस मामले में यथास्थिति बनाए रखना आवश्यक है। पीठ ने यह कहते हुए कि आरक्षण कार्यपालिका की कार्यप्रणाली का एक हिस्सा है।

# पहलगाम हमले के मास्टरमाइंड समेत तीन आतंकी मारे गए

श्रीनगर, वार्ता

- ऑपरेशन महादेव के दौरान मिली सेना को सफलता

**जम्मू-कश्मीर में** श्रीनगर के बाहरी इलाके दाचीगाम में सोमवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए तीन आतंकियों में एक आतंकी पर्यटक स्थल पहलगाम के बैसरन का कथित मास्टरमाइंड भी शामिल है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि आतंकवादियों के दाचीगाम इलाके की ओर बढ़ने की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों की संयुक्त टीमों ने इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया। सेना ने इसे 'ऑपरेशन महादेव' नाम दिया था। अभियान के दौरान सुरक्षा बलों की आतंकवादियों के साथ भीषण मुठभेड़ शुरू हो गई। दोनों पक्षों के बीच चली गोलीबारी में तीन आतंकवादी ढेर हो गए। उन्होंने बताया कि मारे गए आतंकवादियों में से एक लश्कर-ए-तैयबा का पाकिस्तानी आतंकवादी सुलेमान शाह उर्फ हाशिम मूसा है, जो गत 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए हमले का कथित मास्टरमाइंड था। पहलगाम हमले में एक स्थानीय निवासी और 25 पर्यटक मारे गए थे।

## संक्षिप्त समाचार

### ऑपरेशन सिंदूर राजनीति से ऊपर उठ कर हो चर्चा: माया

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने सोमवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर पर सोमवार से शुरू होने वाली चर्चा में सत्ता और विपक्ष दलगत राजनीति से ऊपर उठ कर सार्थक चर्चा करें तो ही यह देश हित में होगा। सुश्री मायावती ने एक्स पर लिखा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' पर संसद में आज से शुरू होने वाली चर्चा को, सत्ता व विपक्ष को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर लेना चाहिए, ताकि आगे महिलाओं का सिंदूर ना उजड़े तथा मां को भी अपने बेटे गंवाने ना पड़े इस पर सरकार एवं विपक्ष को मिलकर ठोस रणनीति के तहत कार्य करना चाहिए। यही समय की मांग भी है। गौरतलब है कि संसद के मानसून सत्र के दौरान विपक्ष ऑपरेशन सिंदूर को लेकर एनडीए को घेरने की तैयारी में है।

### धार्मिक आजादी के हनन पर चुप नहीं रहेंगे: राहुल

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में दो ननों के साथ हुआ व्यवहार अत्यंत निंदनीय है और कांग्रेस धार्मिक आजादी के हनन की ऐसी घटनाओं को सहन नहीं करेगी। गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि छत्तीसगढ़ में दो कैथोलिक ननों को उनकी आस्था के कारण निशाना बनाकर जेल भेज दिया गया। यह न्याय नहीं बल्कि भाजपा- आरएसएस का गुंडाराज है। यह एक खतरनाक पैटर्न को दर्शाता है और इस शासन में अल्पसंख्यकों का व्यवस्थित उत्पीड़न है। उन्होंने कहा कि यूडीएफ सांसदों ने आज संसद में विरोध प्रदर्शन किया। हम चुप नहीं बैठेंगे। धार्मिक स्वतंत्रता एक संवैधानिक अधिकार है।

# विद्युत कर्मचारी के वेश में अराजक तत्व भी शामिल: एके शर्मा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने सोमवार को कहा कि निजीकरण के विरोध करने की आड़ में उनको झुकाने की चाहत लिए विद्युत कर्मचारी नेताओं के वेश में कुछ अराजक तत्व भी शामिल हैं, जिनकी मंशा पूरी होने वाली नहीं हैं।

शर्मा ने अपने आधिकारिक फेसबुक पेज पर लिखा- कुछ विद्युत कर्मचारी नेता काफ़ी दिनों से परेशान घूम रहे हैं, क्योंकि उनके सामने ऊर्जा मंत्री झुकते नहीं हैं। ए वही लोग हैं जिनकी वजह से बिजली विभाग बदनाम हो रहा है। ज्यादातर विद्युत अधिकारियों और कर्मियों के दिन-रात की मेहनत-पुरुषार्थ पर ए लोग पानी फेर रहे हैं। फेसबुक पोस्ट पर यह भी लिखा है- एके शर्मा के तीन वर्ष के कार्यकाल में ए लोग चार बार हड़ताल कर चुके हैं। पहली हड़ताल तो उनके मंत्री बनने के तीन दिन बाद ही होने वाली थी।

अंतत: बाहर से प्रेरित हड़ताल पर हड़ताल की इनकी श्रृंखला पर हाईकोर्ट को हस्तक्षेप करना पड़ा। अन्य विभागों में हड़ताल क्यों नहीं हो रही। वहां यूनियन नहीं हैं क्या। वहां समस्या या मुद्दे नहीं हैं क्या। सोशल मीडिया पर शेयर की गई पोस्ट में यह भी कहा गया है कि इन लोगों द्वारा ली गई सुपारी के तहत ही कुछ दिन पहले ये अराजक तत्व ऊर्जा मंत्री के सरकारी निवास पर आकर निजीकरण के विरोध के नाम पर छह घंटे तक अनेक प्रकार की अभद्रता किए और उनके और परिवार के विरुद्ध असभ्य भाषा का प्रयोग किए और एके शर्मा ऐसे हैं कि इन्हें मिठाई खिलाए और पानी पिलाए तथा मिलने के लिए ढाई घंटा प्रतीक्षा किए। शर्मा के कार्यालय की तरफ़ से कहा गया, जहां तक निजीकरण का प्रश्न है इनसे कोई पूछे कि जब 2010 में टोरेंट कंपनी को निजीकरण करके आगरा दिया गया तब भी तुम लोग यूनियन लीडर थे। कैसे हो गया यह निजीकरण। सुना है वो शांति से इसलिए हो गया कि ये बड़े कर्मचारी नेता लोग हवाई जहाज़ से विदेश पर्यटन पर चले गए थे।

# यूपी में अगले तीन दिन भारी वर्षा के आसार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर में होगी झमाझम

**लखनऊ।** उमस भरी गर्मी का सामना कर रहे उत्तर प्रदेश में सोमवार को कई इलाकों में छिटपुट बारिश ने राहत प्रदान की। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बारिश का यह सिलसिला कम से कम अगले 48 घंटे तक और पूर्वी उत्तर प्रदेश में कम से कम अगले 72 घंटे तक जारी रहने का अनुमान है। इस अवधि में कुछ इलाकों में मध्यम से भारी वर्षा के आसार हैं।

पिछले 24 घंटों के दौरान कई इलाकों में छिटपुट बारिश हुई। इस दौरान अमेठी, जौनपुर और प्रतापगढ़ में क्रमश: 65, 69.2, 85 मिमी बारिश दर्ज की गई है, जो सामान्य से अधिक है। मौसम वैज्ञानिक डा. एके सिंह ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में बने मानसून अवदाब कमजोर पढ़कर उत्तर पश्चिमी मध्य प्रदेश, पूर्वी राजस्थान पर कम दबाव के क्षेत्र के रूप में अवस्थित है। जिससे सम्बद्ध चक्रवाती परिसंचरण मध्य क्षोभमंडल तक बना हुआ है। मध्य समुद्र तल पर मानसून श्रीगंगानगर, झुंझुनूं के अलावा निम्नदाब क्षेत्र के केंद्र पन्ना, डाल्टनगंज, पुरुलिया होकर उत्तरी पूर्वी बंगाल की खाड़ी तक जा रही है। वही मध्य समुद्र तल से 3-1 किमी की ऊंचाई पर उत्तरी पूर्वी अरब सागर से गुजरात, पूर्वी राजस्थान एवं उत्तरी पूर्वी मध्य प्रदेश होते हुए दक्षिणी पूर्वी उत्तर प्रदेश तक है। उन्होंने बताया कि अनुकूल भूभौतिकीय परिस्थितियों के प्रभाव से प्रदेश में आगामी 2 से 3 दिनों तक मानसून की सक्रियता बढ़ने से बादल गरजने, बिजली के चमकने के साथ ही कहीं कहीं पर भारी से बहुत भारी बरसात की संभावना है। जिसमे पूर्वी उत्तर प्रदेश के अलावा पश्चिमी उत्तरप्रदेश के कुछ जिले शामिल हैं। मौसम विभाग की तरफ से आज जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, सुल्तानपुर, अम्बेडकरनगर, प्रतापगढ़, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, सिद्धार्थ नगर, गोंडा, बलरामपुर, बाराबंकी, अमेठी, अयोध्या, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, आगरा , बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, संभल, बदायूं, झांसी, ललितपुर एवं आसपास के इलाकों में भारी बारिश की संभावना व्यक्त की गई है, जबकि मंगलवार को आगरा, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर एवं बांदा, चित्रकूट, फतेहपुर, हरदोई, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, अलीगढ़ प्रथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं में बारिश की संभावना है। वही 30 जुलाई से प्रतापगढ़, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, सिद्धार्थ नगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीता. पुर, बाराबंकी, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकर नगर, झांसी, ललितपुर एवं आसपास के इलाकों में भारी बारिश की संभावना है।

## यूपी में पहले सीएम पंडित पंत का आठ वर्ष 127 दिन का रिकॉर्ड तोड़ा

# सबसे लंबे कार्यकाल वाले सीएम बने योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ कीर्तिमान रचने पर साधु संतों ने योगी को दी बधाई, उनकी दीर्घायु की कामना की

**लखनऊ/प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित करते हुए राज्य के सबसे लंबे कार्यकाल वाले मुख्यमंत्री बनने का गौरव प्राप्त किया है।

उन्होंने स्वतंत्र भारत के पहले मुख्यमंत्री पंडित गोलवद बल्लभ पंत का 8 वर्ष 127 दिन का रिकॉर्ड तोड़ते हुए अब तक 8 वर्ष 4 माह और 10 दिन का प्रभावी कार्यकाल पूरा कर लिया है। इससे पहले मुलायम सिंह यादव छह वर्ष 274 दिन, संपूर्णानंद पांच वर्ष 345 दिन, अखिलेश यादव पांच वर्ष चार दिन और नारायण दत्त तिवारी तीन वर्ष 314 दिन मुख्यमंत्री पद पर आसीन रहे हैं। भाजपा का कहना है कि योगी आदित्यनाथ का यह कार्यकाल न सिर्फ राजनीतिक स्थिरता का प्रतीक है, बल्कि शासन के प्रत्एक क्षेत्र में सुधार, पारदर्शिता और दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ विकास की गति को अभूतपूर्व ऊंचाइयों तक ले जाने वाला कालखंड भी है। अपराध और अराजकता से जूझते यूपी को मुख्यमंत्री योगी ने 'नए उत्तर प्रदेश' में बदलने का काम किया, जहां कानून का राज सर्वोपरि है और शासन व्यवस्था सुशासन का पर्याय बन चुकी है। विगत आठ वर्षों में योगी सरकार ने प्रदेश को बुनियादी ढांचे, निवेश और रोजगार के क्षेत्र में नए आयाम दिए हैं। गोरखपुर से एम्स की स्थापना हो, पूर्वांचल-एक्सप्रेसवे,बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे या फिल्म सिटी जैसे कई मेगा प्रोजेक्ट्स इसके उदाहरण हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना, मुफ्त राशन वितरण, उज्ज्वला योजना, कन्या सुमंगला और मिशन शक्ति जैसी योजनाओं के माध्यम से राज्य के करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। वहीं उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा दिनों तक मुख्यमंत्री पद पर बने रहने का कीर्तिमान रचने वाले योगी आदित्यनाथ को साधू संतों ने बधाई दी है और उनकी दीर्घायु की कामना की है। योगी आदित्यनाथ ने लगातार आठ वर्ष चार महीने 10 दिन तक मुख्यमंत्री रहने का रिकॉर्ड बनाया है। श्रृंगवेरपुर पीठाधीश्वर जगतगुरु रामानुजाचार्य शांडिल्य जी महाराज ने इस ऐतिहासिक पल के लिए योगी आदित्यनाथ को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ ने रामराज की स्थापना की है।

### जनता दर्शन के साथ योगी ने की सावन के तीसरे सोमवार की शुरुआत

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार तीसरे सोमवार को 'जनता दर्शन' किया। इस दौरान यहां प्रदेश भर से लगभग 60 से अधिक पीड़ित पहुंचे। मुख्यमंत्री हर पीड़ित के पास स्वयं पहुंचे, समस्याएं सुनीं, प्रार्थना पत्र लिया और आश्वस्त किया कि निश्चिंत होकर घर जाइए, आपकी समस्या का समाधान होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर नागरिक की समस्याओं का समाधान कर खुशहाल उत्तर प्रदेश बनाना ही सरकार की प्राथमिकता है। सीएम ने 'जनता दर्शन' में आए लोगों की बात सुनी।

# अवसानेश्वर मंदिर में करंट उतरने से भगदड़, दो की मौत

**बाराबंकी, वार्ता**

■ बाराबंकी में 30 से ज्यादा श्रद्धालु घायल

उत्तर प्रदेश में बाराबंकी के हैदरगढ़ क्षेत्र में स्थित श्री अवसानेश्वर महादेव मंदिर परिसर में सोमवार को करंट उतरने से मची भगदड़ में दो श्रद्धालुओं की मृत्यु हो गई जबकि 30 से अधिक घायल हो गए, जिनमें पांच की हालत गंभीर बनी हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर दुख जताते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है और घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि सावन का तीसरा सोमवार होने के चलते श्रद्धालु प्रात: तीन बजे से मंदिर में जल अभिषेक करने के लिए कतारबद्ध थे कि इस बीच मंदिर के बाहर लगे टीन शेड पर बिजली का तार टूटकर गिर गया, जिससे करंट उतर आया और भगदड़ मच गई। उन्होंने बताया कि भगदड़ में एक श्रद्धालु की मौत हो गई, जबकि 30 से अधिक घायल हो गए, जिन्हें तत्काल हैदरगढ़ व त्रिवेदीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया, जहां इलाज के दौरान एक और श्रद्धालु की मौत हो गई। पांच लोगों को गंभीर अवस्था में जिला चिकित्सालय भेजा गया है, जहां पर उनकी हालत चिंता जनक बताई जाती है। घटना की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक मौके में पहुंच गए और राहत एवं बचाव कार्य युद्धस्तर पर शुरु किया गया। स्थानीय नागरिकों के अनुसार बंदर के बिजली के तार पर कूदने से तार टूट गया।



**सेंसेक्स** 80891.02
**निफ्टी** 24680.90



**सोना रु.** 98375
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




**चांदी रु.** 113207
प्रति किलो



# शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन बिकवाली सेंसेक्स 81 हजार अंक से नीचे उतरा

**मुंबई, वार्ता**



विदेशी निवेशकों की बिकवाली और रुपए में जारी गिरावट से घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट रही। प्रमुख सूचकांकों में बीएसई का 30 शेयरों वाला संसेक्स 572.07 अंक यानी 0.70 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80,891.02 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी. 50 भी 156.10 अंक (0.63 फीसदी) टूटकर 24,680.90 अंक पर आ गया। गिरावट में खुलने के बावजूद शुरुआती कारोबार में कुछ समय के लिए शेयर बाजार हरे निशान में रहे थे, लेकिन दोपहर बाद सूचकांक तेजी से गिरे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 23 के शेयर गिरावट में और शेष सात के बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स की कंपनियों में कोटक महिंद्रा बैंक में सबसे अधिक गिरावट रही। बाजार की अपेक्षा से कमजोर तिमाही परिणाम के कारण उसका शेयर 7.5 प्रतिशत टूट गया। बजाज फाइनेंस का शेयर तीन प्रतिशत से अधिक गिरा। हिंदुस्तान यूनिलिवर का शेयर सबसे ज्यादा 1.23 प्रतिशत चढ़ा। मझौली और छोटी कंपनियों पर दबाव ज्यादा रहा। एनएसई में निफ्टी मिडकैप-50 का सूचकांक 0.49 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप- 100 का 1.26 प्रतिशत लुढ़क गया।

### पहली तिमाही में सुस्त रही भारतीय कंपनियों की राजस्व वृद्धि: रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** ऊर्जा, कोयला, सूचना प्रौद्योगिकी और इस्पात क्षेत्रों के सुस्त प्रदर्शन के कारण चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में भारतीय कंपनियों के प्रदर्शन में गिरावट आई है और उनकी राजस्व वृद्धि दर घटकर चार से छह प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है। बाजार अध्ययन एवं निवेश सलाह कंपनी क्रिसिल की सोमवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में 600 से ज्यादा कंपनियों के जारी वित्तीय परिणामों के अध्ययन के आधार पर यह बात कही गई है। इन 600 कंपनियों के कुल राजस्व में एक-तिहाई का योगदान इन्हीं चारों क्षेत्रों का है।

### सोने के भाव में मामूली गिरावट, चांदी के भाव गिरे

**नई दिल्ली।** सोमवार को सोने के दाम में मामूली गिरावट देखी गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 13 रुपए घटकर 98,375 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। चांदी की कीमत भी 1,135 रुपए कम होकर 1,13,207 रुपए प्रति किलो हो गई है।

देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने का भाव 1,00,080 और 22 कैरेट सोने का भाव 91,750 रहा, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,930 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,600 थी, वहीं कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,930 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,600 रही, जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,930 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,600 रही, जबकि भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,980 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,650 रही। इस साल 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 22,213 रुपए बढ़कर 98,375 रुपए पर पहुंच गया है। चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 27,190 रुपए बढ़कर 1,13,207 रुपए पर पहुंच गया है। पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था। हमेशा ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। सोने पर छह अंकों का हॉलमार्क कोड रहता है।

# ग्रीन हाइड्रोजन और हरित ऊर्जा में मिलकर काम करेंगे यूपी और जापान

**लखनऊ।**

स्वच्छ और हरित भविष्य की दिशा में एक अहम पहल करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार जापान के साथ ग्रीन हाइड्रोजन और नवीकरणीय ऊर्जा में वैश्विक सहयोग, तकनीकी हस्तांतरण और निवेश के अवसरों को साकार करने के लिए गंभीर प्रयास कर रही है।

प्रदेश सरकार का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल जापान में मौजूद है, जिसका नेतृत्व मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी कर रहे हैं। उनके साथ इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विजय किरण आनंद और यूपीनेडा (उत्तर प्रदेश नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी) के निदेशक इंदरजीत सिंह भी शामिल हैं। प्रतिनिधि मंडल का लक्ष्य राज्य को स्वच्छ ऊर्जा नवाचार के केंद्र के रूप में स्थापित करना है। प्रतिनिधि मंडल की यात्रा का एक प्रमुख आकर्षण टोयोटा मिराई नामक अगली पीढ़ी की हाइड्रोजन फ्यूल सेल कार के साथ गहन परिचर्चा रहा। यह वाहन हाइड्रोजन और ऑक्सीजन के संयोजन से ऊर्जा उत्पन्न करता है और अपशिष्ट में केवल जल उत्सर्जित करता है। यह प्रतिनिधिमंडल हरित हाइड्रोजन के उत्पादन और सतत ऊर्जा एवं गतिशीलता में नवाचार को प्रोत्साहित करने वाले उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना के लिए संभावित साझेदारियों पर चर्चा कर रहा है। ये प्रयास उत्तर प्रदेश में हरित हाइड्रोजन और अन्य स्वच्छ ऊर्जा समाधानों के लिए एक सशक्त पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। दौरे के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने यामानाशी विश्वविद्यालय के हाइड्रोजन और ईंधन सेल नैनोमटेरियल्स केंद्र का भी भ्रमण किया, जो उन्नत ईंधन सेल अनुसंधान के क्षेत्र में एक अग्रणी संस्थान है। यूपीनेडा के निदेशक इंदरजीत सिंह ने राज्य में स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन बढ़ाने के लिए वैश्विक संस्थानों के साथ सहयोग को विस्तार देने में गहरी रूचि जताई है। उत्तर प्रदेश सरकार का ध्यान विशेष रूप से सौर ऊर्जा, लघु जलविद्युत परियोजनाओं और बायोमास आधारित विद्युत उत्पादन जैसे वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों की क्षमता को बढ़ाने पर केंद्रित है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### राजनाथ का...

करना था, जिसे 22 मिनट में हासिल कर लिया गया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की तरफ से सैन्य अभियान महानिदेशक (डीजीएमओ) के स्तर पर संपर्क कर आग्रह किया गया था कि अब कार्रवाई रोक दी जाए। यह पेशकश इस शर्त के साथ स्वीकार की गई कि यह अभियान सिर्फ रोका जा रहा है और अगर भविष्य में कोई दुस्साहस हुआ, तो अभियान फिर प्रारंभ होगा। रक्षा मंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष के लोग पूछते हैं कि हमारे कितने विमान गिरे, यह सवाल राष्ट्रीय भावनाओं का सही प्रतिनिधित्व नहीं करता। जब लक्ष्य बड़े हों, तो अपेक्षाकृत छोटे मुद्दे पर सवाल नहीं किए जाते। इससे देश की सुरक्षा, सैनिकों के सम्मान और उत्साह से ध्यान हट सकता है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि विपक्ष को यह सवाल पूछना चाहिए था कि हमारी सेना ने पाकिस्तान के कितने विमानों को गिराया और कितने ठिकानों को ध्वस्त किया। उन्होंने कहा कि परीक्षा में पेन और पेंसिल के टूटने की चिंता नहीं करनी चाहिए, बल्कि परीक्षाफल पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। श्री सिंह ने कहा कि आज अगर विपक्ष प्रश्न पूछने में असफल है, तो विपक्ष को मैं मदद करना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि जनता ने जब हमें विपक्ष की भूमिका दी थी, तो हमने उसे निभाया था। उन्होंने कहा कि 1962 में जब चीन के साथ युद्ध हुआ था, जब दुखद परिणाम आया, तो हमने यह प्रश्न पूछा था कि हमारी देश की धरती पर दूसरे का कब्जा कैसे हुआ। हमने यह प्रश्न पूछा कि हमारे सैनिक कैसे बड़ी संख्या में मारे गए।

मशीनों और तोपों की चिंता न करके हमने देश की सीमा और सैनिकों की चिंता की। श्री सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सेना के तीनों अंगों (थलसेना, वायुसेना और नौसेना) के तालमेल का बेमिसाल उदाहरण है और इसमें पाकिस्तान की हर हरकत का करारा जवाब दिया गया। रक्षा मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम देने से पहले हर पहलू पर बहुत गहराई से अध्ययन किया गया था और यह विकल्प चुना गया था कि केवल आतंकवादियों और उनके ठिकानों को ही ध्वस्त करना है और पाकिस्तान के आम नागरिकों को कोई क्षति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर केवल सैन्य कार्रवाई नहीं थी, बल्कि आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति का निर्णायक प्रकटीकरण था। श्री सिंह ने कहा कि रक्षा के क्षेत्र में 2014 के बाद उल्लेखनीय परिवर्तन आया है। भारत आतंकवाद के हर रूप को समाप्त करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सरकार और सेना सब मिलकर देश की एकता अखंडता के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे। रक्षा मंत्री ने बताया कि हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीनों सेनाओं के प्रमुखों के साथ बैठक की और निर्णायक कार्रवाई की पूरी छूट दी। इसके बाद हमारी सेना ने आतंकवादियों को उनके ठिकानों में घुसकर मार गिराया। सेना ने हमारे देश की माताओं और बहनों के सिंदूर का बदला लिया है। यह सिंदूर अब सिर्फ एक प्रतीक नहीं, बल्कि शौर्य की गाथा बन चुका है। मैं बेहद सावधानी से कह रहा हूं, इस कार्रवाई में 100 से अधिक आतंकवादी और उनके हैंडलर मारे गए हैं। वास्तविक आंकड़ा इससे कहीं अधिक हो सकता है, लेकिन हम सुनिश्चित करना चाहते हैं कि कोई भी संख्या गलत न बताई जाए। श्री सिंह ने कहा कि हमने केवल जवाबी कार्रवाई की। पाकिस्तान ने हालांकि हमारे सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर हमला किया, लेकिन भारत ने इन सभी हमलों को विफल कर दिया। उन्होंने बताया कि भारत की जवाबी कार्रवाई पूरी तरह संतुलित और आत्मरक्षा के तहत की गई। पाकिस्तान की ओर से सात मई से लेकर 10 मई की रात तक मिसाइल और लंबी दूरी के हथियारों का इस्तेमाल भारत के खिलाफ किया गया। उनके निशाने पर हमारे सैन्य अड्डे थे, लेकिन हमारी रक्षा प्रणाली और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों ने हर हमले को नाकाम कर दिया।

पाकिस्तान एक भी लक्ष्य को हिट करने में सफल नहीं हो पाया। पाकिस्तान की आक्रामकता के जवाब में भारत की कार्रवाई न सिर्फ साहसिक बल्कि निर्णायक भी थी। हमारे सैनिकों ने इस मिशन को पूरी सफलता के साथ अंजाम दिया और राष्ट्र की सुरक्षा को सुनिश्चित किया। रक्षा मंत्री ने कहा कि शेर अगर मेंढकों को मारे, तो उसका बहुत अच्छा संदेश नहीं जाता। भारत के सैनिक शेर हैं। पाकिस्तान जैसा, जो अपने अस्तित्व के लिए दूसरों पर आश्रित हो, उससे मुकाबले का मतलब है अपना स्तर कम करना। हमारी नीति है, आतंकवाद के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करना। हमारा पाकिस्तान विरोध उनकी आतंकवाद की नीति के कारण है। उन्होंने भगवान राम और कृष्ण का जिक्र करते हुए कहा कि हमारी प्रवृत्ति भगवान राम और भगवान कृष्ण से प्रेरित है, जो हमें शौर्य भी सिखाती है और धैर्य भी सिखाती है। हमने भगवान कृष्ण से सीखा शिशुपाल की 100 गलतियां माफ की जा सकती हैं, लेकिन अब हमने सुदर्शन चक्र उठा लिया है। इस सीख का हम प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमारी विदेश और रक्षा नीति में प्रयोग कर रहे हैं। भारत पहले दोस्ती का हाथ बढ़ाता है, लेकिन अगर कोई देश उसे धोखा दे, तो वह उसकी कलाई भी मरोड़ना जानता है। उन्होंने पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर हमारे सामर्थ्य का प्रतीक था, जिसमें हमने दिखाया कि अगर कोई हमारे नागरिकों को मारेगा, तो भारत चुप नहीं बैठेगा। हमारा राजनैतिक तंत्र और नेतृत्व बिना किसी दबाव के काम करेगा। हमारी मिसाइलें भौतिक सीमाओं को पार करेंगी, वीर सैनिक दुश्मन की कमर तोड़ देंगे। हम आतंकवाद के हर रूप और स्वरूप को समाप्त करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। रक्षा मंत्री ने भारतीय सेना के अद्वितीय शौर्य और साहस की सराहना करते हुए कहा कि छह-सात मई की रात हमारी सेना ने एक ऐतिहासिक ऑपरेशन को अंजाम दिया। उन्होंने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले को अमानवीयता की चरम सीमा बताते हुए कहा कि हमलावरों ने लोगों की पहचान उनके धर्म के आधार पर की और उन्हें निशाना बनाया।


शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# तीन साल बाद मिला न्याय

## लखनऊ के विनोद हॉस्पिटल का लाइसेंस रद्द, युवक को अपाहिज बनाने वाला ऑपरेशन बना कारण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** महानगर स्थित विनोद हॉस्पिटल का लाइसेंस आखिरकार रद्द कर दिया गया है। यह कठोर कदम उस दर्दनाक घटना के बाद उठाया गया, जिसमें तीन वर्ष पूर्व इस निजी अस्पताल में एक युवक का गलत ऑपरेशन कर उसे जिंदगीभर के लिए अपाहिज बना दिया गया था। जानकारी के अनुसार, वर्ष 2021 में महानगर के कौशलपुरी निवासी 35 वर्षीय नीरज मिश्रा को उसके पैर में लगी चोट के बाद विनोद हॉस्पिटल में उसका इलाज कराया गया था।

परिजनों का आरोप है कि चिकित्सकों ने बिना आवश्यक जांच के तत्काल ऑपरेशन कर दिया और ऑपरेशन में ऐसी चूक हुई कि युवक की टांग हमेशा के लिए निष्क्रिय हो गई। ऑपरेशन के बाद पैर सुन्न पड़ गया और धीरे-धीरे उसमें कोई हलचल नहीं रही। तीन वर्षों तक पीड़ित परिवार न्याय की तलाश में दर-दर भटकता रहा। स्वास्थ्य विभाग को बार-बार शिकायतें भेजी गईं, लेकिन कार्रवाई टलती रही। अंततः मीडिया और सामाजिक संगठनों के दबाव के बाद विभाग हरकत में आया और तीन साल लम्बी चली जांच और न्यायिक प्रक्रिया के उपरांत विनोद हॉस्पिटल का लाइसेंस निरस्त कर दिया गया। स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि चिकित्सा नियमों की घोर अनदेखी, मरीज की बिना सहमति के हस्तक्षेप, और विशेषज्ञों के परामर्श के बिना की गई सर्जरी इस निर्णय का आधार बनी। फिलहाल अस्पताल में कोई चिकित्सकीय गतिविधि नहीं चल रही है और इसके खिलाफ आगे कानूनी कार्रवाई की भी तैयारी की जा रही है। यह मामला न सिर्फ चिकित्सा लाप. रवाही का एक ज्वलंत उदाहरण है, बल्कि उत्तर प्रदेश के अस्पतालों में जवाबदेही तय करने की दिशा में एक चेतावनी भी है। अपाहिज बनाए गए युवक नीरज मिश्रा का जीवन अब संघर्षों से भरा है, और परिवार न्याय के पूर्ण एहसास के लिए आगे भी लड़ाई जारी रखने को तैयार है।

## चोरी के माल के साथ चार शातिर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सीतापुर।** इस दौरान पुलिस ने शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पूर्णागिरि नगर निवासी राजपाल पुत्र कल्लू कंजड, अंकित रैदास उर्फ छोटू रैदास, मोहल्ला पूर्णागिरी श्यामनाथ निवासी शोभित सिंह उर्फ चिम्मन पुत्र देवेन्द्र उर्फ देवी कुमार, गौरव कंजड पुत्र गोविन्द को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी से संबंधित माल कुल 10,900 रुपये नकदी,7 जोडी पायल, 3 जोडी बिछिया , 3 अंगूठी, 4 अदद कंगन ,एक मंगल सूत्र ,एक छपका , दो बोरी जिसमे कटे हुए तार (सोलर पैनल) तथा 3 अवैध तमंचे मय कारतूस के, 3 तार कटर, दो आरी ब्लेड बरामद किये हैं। पुलिस का कहना है कि चारों शातिर चोर हैं।

# गरीब समाज के हक में उठी आवाज, समाजवादी के नेतृत्व में जताया विश्वास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यालय, 19 विक्रमादित्य मार्ग लखनऊ में सोमवार को एक सामाजिक-राजनीतिक संवाद का विशेष ख्रश्य सामने आया, जब डोम, मुसहर, नट, धरिकार, बांसफोर, पत्थरकट और थारू जैसी उपेक्षित जातियों से जुड़े प्रतिनिधियों ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को संबोधित ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन समाज के बुनियादी अधिकारों और आवश्यकताओं को लेकर था, इस अवसर पर अवधेश बागी ने समा. जवादी पार्टी के नेतृत्व में आस्था जताते हुए वर्ष 2027 में श्री अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प दोहराया।

प्रतिनिधिमंडल ने अपनी जातियों की दशकों पुरानी उपेक्षा और सरकारी योजनाओं से वंचित रहने की पीड़ा को शब्द दिए। उन्होंने मांग की कि डोम, मुसहर, नट, धरिकार, बांसफोर, पत्थरकट और थारू जातियों को भूमि के पटे दिए जाएं, आवास की स्थायी व्यवस्था की जाए और राशन कार्ड प्रदान कर प्रति यूनिट 25 किलो खाद्यान्न सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, पीने के पानी के लिए सरकारी हैंडपंप, बिजली का 50 मासिक बिल, और बच्चों की शिक्षा के लिए सचल व्यवस्था तथा 5,000 की प्रोत्साहन राशि की मांग भी रखी गई। बांस पर आश्रित जीवन यापन करने वाले बांसफोर समाज के लोगों ने मांग की कि सड़कों के किनारे वन विभाग की तर्ज पर बांस के बागवानी हेतु स्थान निर्धारित किया जाए ताकि वे स्वयं बांस खरीदकर अपनी पारंपरिक जीविका को सशक्त कर सकें। स्वास्थ्य सुविधा की भारी कमी पर चिंता जताते हुए उन्होंने यह भी कहा कि जाति आधारित स्मार्ट कार्ड जारी किए जाएं, जिससे समाज के लोगों को 5 लाख तक का निःशुल्क इलाज मिल सके। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में था। समाज के लोग निवास करते हैं, लेकिन उन्हें जाति प्रमाण पत्र न मिलने के कारण उनके बच्चों को शिक्षा और योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। प्रतिनिधियों ने इसे सामा. जिक अन्याय की श्रेणी में गिनते हुए सरकार से तत्काल समाधान की अपेक्षा की। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल और राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी ने प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि श्री अखिलेश यादव इन मांगों को लेकर पूरी तरह संवेदनशील हैं और पार्टी यह सुनिश्चित करेगी कि 2027 में सरकार बनने पर इन जातियों के साथ न्याय हो।

# योजना बहाली व बकाया मानदेय के लिए प्रेरकों ने पीएम को भेजा पत्र

## देश में पांच लाख, प्रदेश में एक लाख उन्नीस हजार व जनपद में 2300 रोजगार प्रेरक 31 मार्च 2018 से हुए बेरोजगार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** प्रधान मंत्री के सम्बोधन में जिला बेसिक शिक्षाधिकारी सीतापुर को प्रेरको ने सौपा तीन सूत्रीय ज्ञापन सौपा। ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया कि साक्षर भार मिशन योजना 2012 के अन्तर्गत चयनित प्रेरक जो कि 31 मार्च 2018 तक प्रेरक के पद पर कार्यरत रहकर लोक शिक्षा केन्द्र संचालित करते थे।

प्रेरको के द्वारा 15 प्लस वय वर्ग के निरक्षरो को साक्षर करने का कार्य साक्षर भारत मिशन योजना 2012 के अन्तर्गत किया जाता था साथ ही भारत सरकार व प्रदेश सरकार के द्वारा संचालित विभिन्न योजना जैसे जनधन योजना, बीएलओ आदि योजनाओं में जारी आदेशानुसार सहयोग भी प्रदान किया जाता था। ग्राम पंचायत स्तर पर एक पुरूष और एक महिला दो पद प्रेरक के होने के कारण ग्राम पंचायतों में जागरूकता अभियान चलाकर निरक्षर महिला पुरूषों को विभन्न योजनाओं के तहत प्रेरको के द्वारा जागरूक भी किया जाता था। जिस सम्बन्ध में देश प्रदेश व जनपद स्तर के विभिन्न संगठनों व प्रेरको के द्वारा व्यक्तिगत रूप से भी जनपद स्तर से लेकर प्रदेश व देश स्तर तक लगातार योजना बहाली व मानदेय बकाया के सम्बन्ध में 31 मार्च 2018 से मांग की जा रही है लेकिन लगातार आर्थिक समस्याओं से आ रही तंगी से अवगत कराने के बाद भी जहां एक तरफ बकाया मानदेय का भुगतान नही हुआ है वही दूसरी तरफ रोजगार से बेरोजगार हुए प्रेरक बढ़ती उम्र के साथ निराशा की उम्मीद में जीने लगे है। क्योकि चयन प्रक्रिया के बाद अचानक योजना बंद हो जाने के कारण प्रेरक के आय के समस्त साधन बंद हो गए है और अन्य नियुक्तियों में उम्र निकल जाने के कारण आवेदन करना भी संभव नही है। जो कि जीवन यापन में बड़ी समस्या है। जारी आदेशानुसार प्रेरको के द्वारा लगातार आडिट के नाम पर कई बार अभिलेख विकास खण्ड स्तर से लेकर जिला स्तर तक जमा करवाये जा चुके है। उसके बाद भी बकाया भुगतान के सम्बन्ध में लगातार उच्चाधिकारियों द्वारा ऑडिट के आदेश देकर कागज पूर्ति की जा रही है न कि कोई स्थाई और भविष्य सुरक्षित किये जाने के सम्बन्ध में निर्णय लिए जा रहे है जो कि गम्भीर समस्या है।

## चोरी के सामान के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** मानपुर थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मानपुर थाना क्षेत्र के मुंडेरी नहर पुल के पास छापेमारी की। वहां पर पुलिस ने मानपुर थाना क्षेत्र की ग्राम भूड़ पुरवा पिपरी बेनी सिंह निवासी नन्हकू पुत्र मलिखे तथा मानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम दुधियापुर निवासी पेशे पासी पुत्र कढ़ीले को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके कब्जे से एक मंगल सूत्र, एक मांग बेदी, एक मीना नथ, आठ बिछिया, दो जोड़ी पायल व एक मोटरसाईकिल बरामद की है। बरामद मोटरसाईकिल को अन्तर्गत धारा 207 एम.वी. एक्ट के तहत सीज किया गया है। पुलिस का कहना है कि दोनों शातिर अपराधी हैं।

# पत्नी की हत्या के बाद पति ने की आत्महत्या, शराब ने फिर एक परिवार को किया तबाह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** माल थाना क्षेत्र के पखरा गांव में रविवार को दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई, जिसमें शराब के नशे में पति ने पहले पत्नी की ईंट से पीटकर हत्या कर दी, फिर खुद आम के पेड़ पर फांसी लगाकर जान दे दी। मृतक की पहचान रवि कुमार के रूप में हुई है, जो पंजाब में नौकरी करता था और बीमार बहनोई को देखने गांव आया हुआ था।

घटना के अनुसार, रवि और उसकी पत्नी सीमा के बीच अकसर विवाद होते थे। रविवार को एक बार फिर दोनों के बीच झगड़ा हुआ, और रवि ने नशे की हालत में सीमा के सिर पर ईंट से हमला कर दिया। वारदात के समय उनकी चार वर्षीय बेटी बाहर खेल रही थी, जबकि आठ वर्षीय बेटी ने अंदर आकर मां को खून से लथपथ देखा और शोर मचाया। पड़ोसी पहुंचे तो रवि भाग गया। घायल सीमा को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर रवि की तलाश शुरू की थी। सोमवार सुबह उसका शव गांव के बाहर खेत में आम के पेड़ से लटकता पाया गया। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। शव केवल कच्छा पहने था, पास में कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच के अन्य एंगल पर भी काम कर रही है। लखनऊ में हाल के महीनों में शराब जनित पारिवारिक हिंसा के मामलों में तेजी आई है। कभी नशे में बलात्कार, कभी भाई द्वारा भाई की हत्या, और अब पति-पत्नी दोनों की जान चली जाना ख्र यह सिलसिला थमता नहीं दिख रहा। पखरा गांव की यह घटना एक बार फिर सवाल खड़ा करती है कि क्या समाज और प्रशासन शराब की सामाजिक कीमत पहचान पा रहा है? शराब की बोतल से निकलती आग ने एक और घर को यहां खाक कर दिया है।

# सपा में शामिल हुए बुंदेलखंड क्रांति मोर्चा और भीम आर्मी के पदाधिकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यालय, विक्रमादित्य मार्ग पर सोमवार को एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम में बुंदेलखंड क्रांति मोर्चा और भीम आर्मी, आजाद समाज पार्टी से जुड़े अनेक प्रमुख पदाधिकारियों ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

यह कार्यक्रम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नेतृत्व में आयोजित हुआ, जहां प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल की उपस्थिति में इन नेताओं ने समाजवादी विच. ारधारा को अपनाने का संकल्प लिया। प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने इस अवसर पर उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए विश्वास जताया कि नवशामिल साथी संविधान और आरक्षण की रक्षा के लिए संघर्ष में बूथ स्तर तक सक्रिय रहेंगे।

उन्होंने आह्वान किया कि सभी कार्यकर्ता घर-घर जाकर समा. जवादी पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं और वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में अखिलेश यादव को पुनः मुख्यमंत्री बनाने के लक्ष्य को साकार करें। समाजवादी पार्टी में शामिल होने वालों में बुंदेलखंड क्रांति मोर्चा के संस्थापक एवं भीम आर्मी उत्तर प्रदेश के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष रणवीर सिंह गौतम अहिरवार, संरक्षक राम प्रकाश अहिरवार, कोर कमेटी सदस्य कृष्ण कुमार अहिरवार, बुंद. ेलखंड प्रभारी एवं आजाद समाज पार्टी के पूर्व हमीरपुर जिलाध्यक्ष चौधरी शरद अहिरवार, महोबा जिलाध्यक्ष रणजीत अहिरवार, कुलदीप अहिरवार, सुरेश अहिरवार, रीतेश अहिरवार, दिनेश यादव, डॉ. मोतीलाल वर्मा, देवीदीन अहिरवार (राष्ट्रीय महासचिव, बुंद. ेलखंड क्रांति मोर्चा), तथा सूरज अहिरवार (जिला प्रभारी, महोबा) जैसे प्रमुख नाम शामिल रहे।

## अमेठी में 23 लेखपालों की तैनाती में बदलाव

**अमेठी।** जिलाधिकारी के निर्देश पर तहसील स्तर पर प्रशास. निक सुदृढ़ीकरण की प्रक्रिया के तहत आज दिन सोमवार को 23 लेखपालों के कार्य क्षेत्र में बड़ा फेरबदल किया गया है। वर्षों से एक ही जगह पर तैनात लेखपालों को अब नए गांवों का प्रभार सौंपा गया है, जिससे कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही आने की उम्मीद जताई जा रही है।तहसील प्रशासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार, कई लेखपालों को एक से अधिक गांवों की जिम्मेदारी भी दी गई है। संतोष सरोज, जो अब तक जलामा गांव में कार्यरत थे, उन्हें पचेहरी का लेखपाल नियुक्त किया गया है।

# जिला कारागार का त्रैमासिक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** जनपद न्यायाधीश कुलदीप सक्सेना, जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द', पुलिस अधीक्षक, अंकुर अग्रवाल व अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी सोमवार को जिला कारागार पहुंचे। यहां पर जिला कारागार का त्रैमासिक निरीक्षण किया।



जनपद न्यायाधीश कुलदीप सक्सेना ने जिला कारागार मे महिला बैरक, किशोर बैरक सहित अन्य बैरकों का निरीक्षण कर बन्दियों से वार्ता की। वार्तालाप के दौरान किसी भी बन्दी द्वारा निःशुल्क विधिक सेवा दिए जाने की प्रार्थना/आग्रह नही किया गया और न ही कोई अन्य समस्या बन्दियों द्वारा बताई गई। जनपद न्यायाधीश द्वारा जिला कारागार में स्थित अस्पताल तथा पाकशाला का भी निरीक्षण किया गया। सभी व्यवस्था दुरूस्त पाई गई। जनपद न्यायाधीश द्वारा ऐसे विचाराधीन बन्दियों से भी वार्ता की गई जो आधे से अधिक सजा को भुगत चुके है। उन्होंने जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि ऐसे विचाराधीन बन्दी जो धारा-436ए सी.आर.पी.सी. का लाभ पाने के योग्य है, उनकी सूची प्रत्येक सप्ताह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करेंगें। सुकन्या शांता बनाम भारत संघ एवं अन्य में दिए गए निर्देशों के अनुरूप कोई जातीय आधार पर भेद-भाव से सम्बन्धित मामला संज्ञान में नही आया। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेन्द्र कुमार सिंह, जेल अधीक्षक सुरेश कुमार सिंह'' व जेलर राजेश कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

# महावीर पार्क में पौधारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** नगर क्षेत्र के प्रेम नगर वार्ड में स्थित भगवान महावीर पार्क में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने हरिशंकरी पौधों का रोपण कर जनपद के सभी नगरीय निकायों के समस्त वार्डों में हरिशंकरी (बरगद, पीपल, पाकड़) रोपण कराए जाने के सम्बन्धी अभियान का शुभारंभ किया गया।




उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन, नगरीय निकायों एवं लोक भारती स्वयं सेवी संस्था के संयुक्त प्रयासों से सभी नगरीय निकायों के प्रत्येक वार्ड में आज हरिशंकरी (बरगद, पीपल, पाकड़) का पौधरोपण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जनपद के सभी ग्राम पंचायतों में पूर्व में ही अभियान चलाकर दो चरणों में हरिशंकरी का पौधरोपण किया जा चुका है। घजिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिक. ारियों को निर्देश दिए कि रोपित किए गए पौधों की सुरक्षा हेतु समुि. चत प्रबंध सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी से अपील भी की कि पर्यावरण संरक्षण हेतु महत्वपूर्ण इस कार्यक्रम को सफल बनाएं तथा अधिक से अधिक पौधों को रोपण करें। अभियान में सहयोग के लिए समाज के लोगों, सभासदों, स्वयंसेवी संगठनों सहित सभी को जिलाधिकारी ने धन्यवाद भी ज्ञापित किया। हरिशंकरी पौधों की विशेषता बताते हुए कहा कि यह पौधे प्राख्रतिक पर्यावरण एवं जल संरक्षण के साथ-साथ हमें आस्था से भी जोड़ते हैं तथा सभी को छाया भी प्रदान करते हैं। उन्होंने हरिशंक. री से मिलने वाले लाभों के विषय में भी बताया। कार्यक्रम के दौरान अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) नीतीश कुमार सिंह, अध्यक्ष प्रति. निधि नगर पालिका सीतापुर मुनेन्द्र अवस्थी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, सीतापुर वैभव त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## तीसरे सोमवार को उमड़ा शिवभक्ति का सैलाब

**लखनऊ।** श्रावण मास के तीसरे सोमवार को शिवभक्ति की अनुपम छटा हर ओर देखने को मिली। सुबह होते ही शिवालयों में घंटों की गूंज और हर-हर महादेव के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। लखनऊ के बु(ेश्वर महादेव मंदिर , अलीगंज के पुराने शिव मंदिर,चिनहट के सपनेश्व. रमहादेव, मनकामेश्वर महादेव और चौक स्थित महादेव मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें अलसुबह से ही लग गईं। सीतापुर के नैमिषारण्य, मिश्रिख और रामकोट क्षेत्र के प्राचीन शिवमंदिरों में सुबह चार बजे से ही पूजा आरंभ हो गई थी। हजारों श्रद्धालुओं ने पवित्र गोमती में स्नान कर शिवदर्शन किए।

# आतंकी घटनाओं पर उठाए सवाल चीन से व्यापार रोकने की मांग

## अखिलेश बोले, सेना को मौका मिलता, तो पीओके भी ले लेती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने जम्मू-कश्मीर में बार-बार हो रही आतंकी घटनाओं पर गहरी चिंता जताई है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में सुरक्षा तंत्र विफल साबित हो रहा है। श्री यादव ने पूछा कि ह्पहलगाम में हमला करने वाले आतंकी कहां गए, अब तक उनका कोई सुराग क्यों नहीं है? पूर्व मुख्यमंत्री सोमवार को पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हाल में हुए 'ऑपरेशन सिन्दूर' में भारतीय सेना ने जिस अदम्य साहस और पराक्रम का परिचय दिया, वह सराहनीय है। उन्होंने कहा कि अगर सेना को और अवसर मिलता तो संभवतः वह पीओके तक को अपने अधिकार में ले लेती। अखिलेश यादव ने केन्द्र की विदेश नीति को पूरी तरह विफल बताया। उन्होंने कहा कि भारत का सम्मान जरूर है, लेकिन जब उसे जरूरत पड़ी, तो कोई देश उसके साथ खड़ा नहीं हुआ। यह हमारी कूटनीतिक असफलता है। उन्होंने चीन के साथ व्यापार पर भी सवाल उठाए और कहा कि देश में चीन से सिर्फ बड़े उद्योगपतियों का सामान आ रहा है, जबकि किसानों को खाद और जरूरी उपकरण नहीं मिल पा रहे हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि अगले दस वर्षों तक चीन से कोई सामान भारत न लाया जाए। उत्तर प्रदेश की स्थिति पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि राज्य की डबल इंजन सरकार पूरी तरह असफल हो चुकी है। भाजपा ने बिजली, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी मूलभूत व्यवस्थाओं को चौपट कर दिया है।

# बैठक में डीएम ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में जनपद में संचालित 50 लाख रूपये से अधिक लागत की समस्त परियोजनाओं (सड़कों को छोड़कर) की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।



बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि निर्माणाधीन परियोजनाओं को निर्धारित समयावधि में पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन निर्माणाधीन रेलवे ओवर ब्रिजों में रेलवे के स्तर से कार्य लंबित हैं, उन्हें संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर शीघ्र पूर्ण कराया जाए। पर्यटन विभाग की परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराने हेतु निर्देश भी दिए। पूर्ण परियोजनाओं को निर्धारित प्रक्रिया का पालन कराते हुए शीघ्र हस्तांतरित कराए जाने के भी निर्देश दिए। धीमी प्रगाति वाली संस्थाओं को कार्य की प्रगाति में सुधार के निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि लापरवाही करने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिक. ारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को सीएमआईएस पोर्टल पर समय से फीडिंग कराए जाने हेतु निर्देश भी दिए तथा धीमी प्रगति वाली योजनाओं में सुधार हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि जो परियोजनाएं लम्बित है उनको प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाए।

# सावन के तीसरे सोमवार को शिवालयों में उमड़ी शिव भक्तों की भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** सोमवार सुबह ब्रह्ममुहूर्त से ही मंदिरों के बाहर श्रद्धालुओं की भीड़ जमा होने लगी। इनमें कांवड़िए भी शामिल थे। गेट खुलने के साथ ही महाकाल के उद्घोष के साथ श्रद्धालु मंदिरों में प्रवेश किए। इस दौरान घंटे और घड़ियाल गूंज उठे।



बहुत से श्रद्धालु रविवार को ही भगवान शिव पर जल चढ़ाने के लिए नदियों और तीर्थ की तरफ निकल पड़े थे। कांवरिए गाजेबाजे के साथ कांवर लेकर भगवान शिव की पूजा अर्चना करने के लिए निकले । जिले के चहलारी घाट पर कांवरियों ने घाघरा नदी का जल कांवर में भरा, रतनगंज घाट पर शारदा नदी का जल कांवरियों ने भरा, नैमिषारण्य में आदि गंगा गोमती नदी और चक्र तीर्थ का जल कांवरियों ने भरा। इसके बाद शिव भक्ति कांवरिया कांवर लेकर शिव मंदिरों और शिवालयों की तरफ निकल पड़े। प्रत्येक मंदिरों में भगवान भोलेनाथ की प्रतिमा का शिव. लिंग का रुद्राभिषेक किया गया। भगवान शिव की प्रतिमा को विशेष रूप से सजाया गया। जिला मुख्यालय पर शिव भक्तों ने बाबा श्याम नाथ मंदिर में भगवान शंकर जी का जलाभिषेक किया। देर रात से ही शिव भक्तों की लाइन मंदिर के बाहर लग गई थी। और के वक्त जैसे ही मंदिर के कपाट खुले शिव भक्त अपने आराध्य देव भगवान शंकर की पूजा अर्चना में जुट गए। बाबा श्याम नाथ के अलावा जंगली नाथ मंदिर पर भी शिव भक्तों की भारी भीड़ जुटी रही। नैपालापुर में विश्वकर्मा नगर में मौजूद शिव मंदिर पर श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। आनंद नगर शिव मंदिर में भी भक्त जुटे रहे। नैमिषारण्य में देव देवेश्वर मंदिर पर श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। पिसावां के मुल्ला भीरी स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर पर भक्तों की भारी भीड़ जुटी रही। बिसवां के पत्थर शिवाला मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। सकरन के चकलेश्वर महादेव मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव जी का दूध, शहद, गंगाजल आदि से जलाभिषेक किया। भांग, धतूरा पुष्प आदि चढ़ाकर भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की। कुल मिलाकर पूरा जिला हर हर महादेव के जयकारों की जय घोष से गूंजता नजर आया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# सावन के तीसरे सोमवार को मन्दिरों में जलाभिषेक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। सावन के तीसरे सोमवार को शिवालयों में शिवभक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने आस्था और उल्लास के साथ भगवान शिव का जलाभिषेक किया। इस दौरान परिवार तथा समाज में सुख शांति एवं समृद्धि की कामना की गई। भारी भीड़ के चलते शिवालयों के आस पास पुलिस बल तैनात रहा। नगर के शिव मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया। विधि-विधान पूर्वक सावन के तीसरे सोमवार पर पूजा-अर्चना कर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। हसनपुर के प्राचीन श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर, मां चामुंडा मंदिर समेत अन्य मंदिरों में शिव भक्तों ने हर-हर महादेव के जयघोष संग जलाभिषेक किया। मंदिरों में शिव भक्तों की लंबी लाइन लगी रही। श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित सतवीर गिरी ने बताया कि सावन के महीने में भगवान जल्द प्रसन्न हो जाते हैं। इसलिए भक्त भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर मन की मुराद मांगते हैं। हसनपुर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर नगर के मंदिरों तथा धार्मिक स्थानों पर पुलिस पिकेट तैनात की गई है। क्षेत्र में आदमपुर के पातालेश्वर शिव मंदिर, शिव मंदिर बिजनौरा, शिव मंदिर उझारी, शिव मंदिर फूलपुर गढ़ी पर भी शिव भक्तों ने जलाभिषेक किया। जलाभिषेक के दौरान शिवालयों में शिव भक्तों की लंबी लाइन लगी रही।



## ज्योतिबाफूले विचार मंच की बैठक

**मंडी धनौरा**। सोमवार को नगर के मोहल्ला सैनी नगर में महात्मा ज्योतिबा फुले विचार मंच की बैठक का आयोजन हुआ बैठक में गांव गांव शहर शहर सैनी बाहुल्य इलाकों में जागृति अभियान चलाए जाने को लेकर चर्चा हुई। जिला संयोजक राजपाल सैनी ने कहा कि अमरोहा जिले का नाम ज्योतिबा फुले नगर करने के लिए जिले भर में जागृति अभियान चलाया जाएगा समाज के लोग काफी लंबे समय से जिले का नाम ज्योतिबा फुले नगर करने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि भाजपा सरकार सैनी समाज के प्रति उदासीन रवैया दिख रही है यदि सैनी समाज के प्रति सरकार का रवैया सही नहीं हुआ तो आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में समाज सरकार को सबक सिखाने का काम करेगा।

## भंडारे में सैकड़ों लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** ब्लॉक क्षेत्र के गांव बहलोलपुर में प्राचीन चामुंडा मंदिर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे से पूर्व चामुंडा मंदिर की कमेटी के सदस्यों ने हवन यज्ञ में देश व ग्रामवासियों के कल्याण के लिये आहूतियां प्रवेशित कीं। इस अवसर पर कमेटी के सदस्य अरुण कुमार, कपिल चावला, सोमेंद्र कुमार, सोनू पेंटर, मदन पेंटर, शगुन भगत, सोनू सिंह, वीरेंद्र सिंह, चंद्रहास, राहुल कुमार रोहित कुमार, ज्ञानी सिंह, कमल सिंह भगत जी, और बृजपाल सिंह भगत जी, मनवीर सिंह सुभाष पेंटर, मोहित कुमार, रोहित कुमार, रवि कुमार, अतुल कुमार, सुरेंद्र कुमार, रणवीर, जितेंद्र कुमार, संकेत कुमार, आशीष कुमार, सौरभ कुमार, विकास कुमार आदि सदस्य मौजूद रहे।

# भाकियू शंकर ने निकाली 'एक कांवड़ राष्ट्र के नाम'



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** भारतीय किसान यूनियन (शंकर) ने सावन माह के तीसरे सोमवार को लेकर 'एक कांवड़ राष्ट्र के नाम' का आयोजन किया। सोमवार को सुबह आठ बजे गंगा धाम तिगरी से जिलाध्यक्ष चौधरी नेमपाल सिंह के नेतृत्व में कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद के सभी ब्लॉक, तहसील, जिला व मंडल के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान हर हर महादेव और बोल भेले की बम के जयकारों के वातावरण गुंजित हो उठा।

तिगरी मार्ग से गजरौला तक भगवान शंकर के जयकारे लगाते हुए भाकियू कार्यकर्ता चौपला स्थित शिव मंदिर पर पहुंचे, जहां पर भगवान शिव का जलाभिषेक करते हुए देश व जनता की सुख-समृद्धि के लिएं प्रार्थना की गई। इस दौरान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. दिवाकर सिंह ने कहा कि सावन माह को भगवान

**बम भोले की और हर हर महादेव के जयकारे गूंजे**

शिव की भक्ति के लिये महत्तवपूर्ण माना जाता है। भगवान शिव अपने भक्तों की मनोकामनाएं पूरी करते हैं। इस मौके पर चौ.धर्मवीर सिंह, राक. 'श रतनपुर, अनिल भटनागर, जितेंद्र राणा, शेर सिंह राणा, हरि सिंह, सत्यवीर सिंह, गजराम नेताजी, सुनील चौहान, मोनू चौधरी, प्रदीप चौधरी, सुरेश चौहान, चौधरी दलवीर सिंह, छत्रपाल सिंह, जिले सिंह, सुरेंद्र फौजी, चंद्रपाल फौजी, जविंदर सिंह, अरुण कुमार, रमेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# लोअर कारखाने से लाखों की मशीनें चोरी



**शाह टाइम्स संवाददाता नौगांवा सादात**। लोअर गारमेंटस कारखाने से चोर लाखों रूपये की मशीने चोरी कर ले गये। नगर के मोहल्ला नईबस्ती निवासी इरशाद अंसारी ने गांव बीलना में गंगनहर के किनारे धनौरा रोड पर जुम्मा पुत्र कलुवा के मकान को किराये पर लेकर लोअर बनाने का कार्य कर रखा है। बीती रात इरशाद अंसारी के घर कोई फंक्शन था जिसमें खाना खाने के लिए सभी कारीगर गये थे। रात जब साढ़े 11 बजे कारीगर कारखाने लौटे तो उसका ताला टूटा था तथा कारखाने से कई मशीने गायब थीं। कारीगरों ने इसकी सूचना उसी समय फोन से कारखाना स्वामी को दी। पीड़ित ने बताया कि चोर उसके कारखाने से चार मशीने चोरी कर ले गये हैं। जिनकी कीमत डेढ़ लाख रूपये है। रिपोर्ट दर्ज कराने को पुलिस को तहरीर दी गयी है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटना की जानकारी की।

# अमरोहा को मिले विकास प्राधिकरण का दर्जा

## भाकियू की पंचायत में उठा मुद्दा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। भारतीय किसान यूनियन शंकर की मासिक पंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत में किसानों ने अपनी विभिन्न समस्याओं और मांगों को जोरदार तरीके से उठाया।

सोमवार को धर्मपाल सिंह की अध्यक्षता और शीशपाल सिंह के संचालन में रहरा ब्लाक में हुई पंचायत में वक्ताओं ने कहा कि किसान आयोग का गठन रिपोर्ट के अनुसार करने जनपद अमरोहा को विकास प्राधिकरण का दर्जा देने और गजरौला में ट्रामा सेंटर बनाने की मांग की। रहरा ब्लॉक परिसर में आधार कार्ड केंद्र स्थापित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया। क्योंकि इसके अभाव में बच्चों के दाखिलो में परेशानी हो रही है। गंगा क्षेत्र में हरि बाबा बंध धाम तक कच्चे रास्ते को पक्का करने की मांग भी उठाई गई। विशेष रूप से सावन माह



में कांवड़ यात्रियों की सुविधा के लिए। आवारा पशुओं से फसलों के नुकसान पर चिंता व्यक्त की गई और गौशालाओं को सक्रिय कर पशुओं को उनमें भेजने की मांग की गई। इसके अतिरिक्त, गंगेश्वरी के मूर्ति निरीक्षक द्वारा दी गई राशन कार्ड सूची के राशन कार्ड अतिशीघ्र जारी करने, जिवपुर मुस्तकम में अतिक्रमण हटाकर रास्ते को साफ करने, मुबारिजपुर के हाजीपुर में पक्के खरंजे का निर्माण कराने और सिरसा कला में हनुमान मूर्ति से गंगा जी तक पक्के रास्ते का निर्माण कराने की मांगें भी प्रमुखता से रखी गई। भारतीय किसान यूनियन शंकर ने भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित दूध समझौते का भी पुरजोर विरोध किया। पंचायत में डॉ. योगेंद्र कुमार, शीशपाल सिंह कमल ठाकुर, राकेश कुमार सहित कई पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

# पूर्व प्रधान पर सरकारी धन के बंदरबाट का आरोप

## ग्रामीण ने डीएम से शिकायत कर जांच की मांग उठाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। गंगेश्वरी ब्लाक क्षेत्र के गांव रहरा निवासी नन्हें सिहं पुत्र खचेडू सिहं ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया कि पूर्व प्रधान ने ग्राम पंचायत निधि के पैसे को बदरबाट किया था और लिखित शिकायत करते हुए बताया कि पूर्व प्रधान बबीता गौतम पत्नी बब्लू गौतम के द्वारा अपनी प्रधानी के कार्यकाल में ग्राम पंचायत सचिव भूपेन्द्र कश्यप से हमसाज होकर प्रधान पति बब्लू गौतम के द्वारा अपने खाते में 13 लाख 40 हजार रूपये ग्राम पंचायत निधि से निकाल कर अपने निजि कार्य में लगा लिए। इसके बाद पूर्व प्रधान ने अपने पति के खाते में सरकारी धनराशि 15 लाख 33 हजार 968 रूपये ग्राम पंचायत निधि से निकालकर अपने निजि कार्य में लगा लिए थे।

पूर्व प्रधान ने ग्राम पंचायत निधि से अपने जेठ रोहताश पुत्र होराम बागपत में सरकारी डिग्री कालेज में प्रोफेसर थे उनके खाते में चेक द्वारा 2 लाख 80 हजार रूपये का भुगतान कराया था। गांव भाबली के मनरेगा रोजगार सेवक छत्रपाल के खाते में 2,80590 रूपये डालकर सरकारी पैसे का दुरुपयोग किया था। प्रधान पति की गाड़ी चलाने बाले तुलाराम पुत्र बुद्धा गांव चकफेरी के खाते में 804400 रुपये डालने का काम किया था। गांव चचौरा निवासी जनसेवा केन्द्र चलाने वाले जोगेन्द्र के खाते में 149500 रूपये डालकर सरकारी पैसे का बंदरबाट किया गया। पूर्व प्रधान ने अपने सगे भाई सम्भल जनपद के गांव पाली की मंढैया के रहने वाले के खाते में 20 हजार रूपये डाले गए है। पूर्व प्रधान बबीता गौतम ने अमित पुत्र भारत व भारत पुत्र मोहन इन दोनों के खाते में भी ग्राम पंचायत निधि से एक खाते में लगभग दो लाख रूपये व दूसरे के खाते में 4 लाख की धनराशि भेजी थी। प्रधान द्वारा पौरारा की मंढैया निवासी अपने मुमेरे भाई सतपाल सिहं के खाते में 180700 रूपये की धनराशि सरकारी खाते से निकाली गई। पूर्व प्रधान के द्वारा सगे चचेरे ससुर के खाते में 150000 रूपये डाले गए थे। पूर्व प्रधान द्वारा सगे जेठ जमुना प्रसाद पुत्र मानसिहं के खाते में 3 लाख रूपये डाले गए थे। पूर्व प्रधान पर ग्राम पंचायत भवन बनाने के सम्बन्ध में भी लगभग 13 लाख रूपये की धनराशि रिकवरी कराने का आदेश पूर्व में हो चुका है लेकिन यह धनराशि अभी जमा नहीं की गयी है। पूर्व प्रधान ने सचिव भूपेन्द्र कश्यप से हमसाज होकर ग्राम पंचायत रहरा में कई करोड़ का घोटाला किया है जिसकी जांच होनी अति आवश्यक है।

# अल्लाह के सिवा कोई सुपर पावर नहीं

## इमाम बारगाह दादे वाला में मजलिस से किया खिताब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगली**। अगर कोई दुनिया की किसी ताकत को सुपर पावर समझता है, तो यह उसके ईमान की कमजोरी है। क्योंकि सुपर पावर सिर्फ अल्लाह है। अमेरिका और इजराइल आज के यजीद हैं। नगर पंचायत सैदनगली की इमामबारगाह ष्दादे वालाष् में मजलिस का आयोजन किया गया। मजलिस में मर्सिया ख्वानी डॉ० लईक हैदर और उनके हमनवाओं ने की। मौलाना आगा जमीर अब्बास जाफरी ने लोगों को खिताब फरमाते हुए कहा कि फर्श ए अजा हमारी तरबियतगाह है। इस पर आने वाला कभी गुमराह नहीं हो सकता और न कभी शिर्क कर सकता है। मरे



हुए यजीद पर लानत करना आसान है, लेकिन वक्त के यजीद की आंखों में आंखें डालकर वही बात कर सकता है जो सच्चा हुसैनी है। लोग अमेरिका और इसजराइल को सुपर पावर कहते हैं। दुनिया की किसी ताकत को सुपर पावर मान लेना ईमान की कमजोरी है, क्योंकि सुपर पावर सिर्फ अल्लाह रब्बुल इज्जत है। जंग ए बदर में मुसलमानों के पास हथियार नहीं थे, लेकिन ईमान की ताकत थी। जिसकी वजह से फतह नसीब हुई। सबसे ज्यादा अहम दो चीज हैं। एक ईनाम और दूसरा इल्म। अपना ईमान मजबूत रखो और इतना इल्म हासिल करो कि दुनिया के हर यजीद की आंखों में आंखें डाल कर बैअत का इनकार कर सको। इस अवसर पर मुख्य रूप से असद अब्बास, शौकत मेहंदी, सुहैल अब्बास एड०, नवाबुल हसन, रियाज उल हसन, फहीम हैदर, अजादार, सिकन्दर, मीसम रजा, अरीब हैदर एड०, जावेद रजा उर्फ बॉबी, कैसर हुसैन, अलाउददीन सैफी, कुमैल असगर, नसीरूल हसन, अम्मार रिजवी, बिलाल बाकरी, मिसाल अब्बास, अली काशिफ, दानिश बाकरी, फजल अब्बास, शोएब राजा उर्फ बिट्टू, मौ० हैदर अब्बास, शान ए हैदर, खालिक हैदर, जमाल हैदर, हसन मेंहदी आदि मौजूद रहे।

# प्रेमी के साथ रहने की जिद पर अड़ी महिला

## दिल्ली में पति को छोड़ बच्चों की मां पहुंची प्रेमी के घर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। विवाहिता पति को छोड़ प्रेमी के साथ रहने की जिद पर अड़ गयी। आज डिडौली पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने बुलाया। फिलहाल महिला को उसके माता-पिता के साथ भेज दिया गया है।

मुरादाबाद जिले के बिलारी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक दिल्ली में रहकर राजमिस्त्री का काम करता है। बताया जा रहा है कि साल।2021 में उसकी शादी संभल जिले के असमौली थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवती के साथ हुई थी। शादी के कुछ समय बाद ही युवक पत्नी को भी अपने साथ दिल्ली ले गया था। दंपति के दो बच्चे भी हैं। इसी बीच विवाहिता की मुलाकात इंस्टाग्राम के जरिए एटा जिले के रहने वाले एक युवक से हो गई। बातचीत शुरू होने के बाद दोनों में प्रेम प्रसंग शुरू हो गया। बीती एक जुलाई को विवाहिता दिल्ली में दोनों बच्चों को छोड़ कर प्रेमी संग फरार हो गई। तलाश करते हुए एटा पहुंचा पति बाद में उसे समझा कर घर ले आया। पुलिस के मुताबिक विवाहिता के सास-ससुर डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में किराए के मकान में रहते हैं। विवाहिता ने पति से कहा कि वह तीज का त्योहार मनाने के लिए सास-ससुर के पास अमरोहा जाएगी। लिहाजा पति ने उसे परि. जनों के पास भेज दिया।। रविवार को पति जब उसे बुलाने पहुंचा तो विवाहिता ने दिल्ली जाने से मना कर दिया। हंगामे के बीच मामला कोतवाली तक पहुंच गया। मामला पेचीदा होने पर पुलिस ने संभल से विवाहिता के मायके वालों को भी बुला लिया। प्रभारी निरीक्षक हरीशवर्धन सिंह ने बताया कि विवाहिता अपनी इच्छा से मायके वालों के साथ चली गई है। उसने पति के साथ जाने से मना कर दिया है, प्रेमी के साथ जाने पर रजामंदी दी है। मामले में किसी तरह की कार्रवाई नहीं की गई है।

## डॉ.जीपी सिंह व डॉ.सरल राघव सम्मानित



**शाह टाइम्स ब्यूरो, अमरोहा।** रोटरी क्लब अमरोहा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में रोटेरियन डॉ0जीपी सिंह और रोटेरियन डॉ0सरल राघव को वर्ष 2024-25 के लिए 'डायनामिक रोटेरियन ऑफ डिस्ट्रिक्ट' अवार्ड से डिस्ट्रिक्ट रोटरी गवर्नर रो0 डॉ0काव्य सौरभ रस्तौगी ने प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। बिजनौर रोड स्थित निशा पैलेस में बीती रात आयोजित कार्यक्रम में रोटरी क्लब के अध्यक्ष कुंवर विनीत अग्रवाल, सचिव मनु कमल गुप्ता, जितेंद्र सिंह, अजय चतुर्वेदी, रवि माहेश्वरी, आशीष गोयल, विशाल गोयल, नरेश सिद्धू, अभय आर्य, संजय मालीवाल, अमित मोहन गोयल, स0 चरणजीत सिंह, नवीन अग्रवाल आदि ने दोनों रोटेरियन को बधाई दी है।

# बाग ठेकेदार के घर से पौने छह लाख की नकदी चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** चोरों ने बाग ठेकेदार के घर में घुसकर सेफ आलमारी में रखी पांच लाख 70 हजार रूपये की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। गृहस्वामी के मुताबिक गर्मी के कारण दो कूलर चल रहे थे, इसलिए चोरों के आने की आहट भी नहीं सुनाई दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव कटाई निवासी साकिब पुत्र मुबारक आम की बाग की ठेकेदारी करता है।

**चोरी**

**कूलरों की आवाज में चोरों के घुसने की नहीं हो सकी आहट**

इस समय उसके पास दस छोटे बड़े बागों की ठेकेदारी है। साकिब का कहना है कि वह बीती रात छत पर सोया था तो वहीं उसकी पत्नी उजमा आंगन में सो रही थी। साइड में कुछ दूरी पर साकिब का छोटा भाई राहिद व उसकी पत्नी गुलशफां भी सो रहे थे। नीचे दो कूलर चल रहे थे। जब साकिब सोया था तो आंगन की लाइट जली थी, मगर जब उसकी आंख साढ़े तीन बजे खुली तो लाइट ऑफ थी। उसने नीचे आकर देखा तो कमरे के भीतर आलमारी खुली थी और उसमें रखी पांच लाख 70 हजार रूपये की नकदी गायब थी। सीओ अंजलि कटारिया ने बताया कि घटना में केवल नकदी चोरी हुई है, जबकि जेवर आदि सही सलामत रखे मिले हैं। पुलिस सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची। तहरीर के आधार मुकदमा दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# अमेरिका से दूध समझौते का विरोध तेज

## समर्थन देने पहुंचे सपा नेता भूपेन्द्र चौधरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात**। अमेरिका से प्रस्तावित दूध समझौते के विरोध में सियासी दलों के नेता भी एकजुट होकर किसानों की आवाज बुलंद करने में लग गए हैं।

गॉव फौलादपुर में चल रहे धरने सभी सियासी दलों के नेता पहुंच रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सरिता चौधरी व सपा नेता भूपेंद्र चौधरी प्रदर्शन में शामिल हुए। श्री चौधरी ने कहा कि सबसे पहले वे किसान हैं, गाय पालते हैं, आज गायों और किसानों पर ही संकट आता दिख रहा है, इसलिए वे दलगत भावना से ऊपर उठकर धरने का समर्थन करने आये हैं। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर सभी नेताओं को किसानों के साथ आना चाहिए, चाहे वे किसी भी दल या विचारधारा से जुड़े हों। नहीं तो विश्वस्तरीय ताकतें देश की खेती किसानी और बाजार को कब्जा लेंगी और यहां का किसान केवल मजदूर बनकर रह जाएगा। अध्यक्षता सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य जयमल सिंह ने की। धरने में सपा नेता जिताम्बर यादव, कुलदीप सिंह, कामेंद्र सिंह, शेखर सिंह, कुलदीप सिंह, वीरेंद्र सिंह, निपुल यादव आदि मौजूद रहे।

# बेटियों को समान अधिकार देने का लिया संकल्प

## गांव तिगरी में गूंजा 'बेटी है अनमोल', दादी-पोती ने साझा किए अनुभव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ केवल एक योजना नहीं, बल्कि एक सामाजिक आंदोलन है। हमें समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच को और मजबूत करना है।

गजरौला ब्लाक के गांव तिगरी में दादी-पोती संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दादी श्रीमती रीना शर्मा ने भावुक शब्दों में कहा कि हम भी कभी किसी की पोती थे, आज मेरी पोती मेरे लिए उतनी ही प्यारी है जितना पोता। बेटियों को बराबरी का हक मिलना चाहिए। जिलाधिकारी ने बेटियों को शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान देने की बात कही। इस दौरान कन्या सुमंगला योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित पेंशन योजना और वन स्टॉप सेंटर की जानकारी दी गई। साथ ही बाल यौन शोषण से बचाव, हेल्पलाइन नंबर 1098, 181, 1090, 112 आदि के बारे में जागरूक किया गया। दहेज प्रथा व बाल श्रम जैसे मुद्दों पर भी संवाद हुआ। कार्यक्रम में



सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र, श्रीमती ममता दुबे, श्रीमती करूणा निधि, श्रीमती स्वाति सिंह, श्री नरेन्द्र पाल और ग्राम प्रधान सहित अन्य लोग मौजूद रहे

# नैमिषारण्य में पर्यटन विकास के लिए 28 नई परियोजनाएं स्वीकृत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए नैमिषारण्य क्षेत्र में पर्यटन विकास की अवस्थापना सुविधाओं के लिए 90 करोड़ रुपये की 28 नई परियोजनाओं की सैद्धान्तिक सहमति दे दी गई है।



पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने सोमवार को बताया कि सीतापुर के मिश्रिख विधानसभा के अंतर्गत राजघाट, लखनऊ-सीता मार्ग पर वैदिक थीम के अनुरूप तोरण द्वारों की स्थापना, कल्ली रोड बाईपास से ललितादेवी मंदिर-चक्रतीर्थ होते हुए राजघाट तक कॉरिडोर का निर्माण, ललितादेवी मंदिर से कालीवाघी चौराहे होते हुए राजघाट तक कॉरिडोर का निर्माण, नैमिषारण्य में पर्यटन सुविधा केन्द्र का निर्माण, मिश्रिख के समस्त चौराहों का विकास, नैमिषारण्य तीर्थ विकास परिषद कार्यालय भवन के निर्माण के लिए इन परियोजनाओं की सैद्धान्तिक सहमति दे दी गई है। उन्होंने बताया कि ललितादेवी मंदिर से चक्रतीर्थ तक नाले का सुदृढीकरण एवं पर्यटन विकास, नैमिषारण्य में धर्मशाला का पिलग्रिम इन्टरप्रिटेशन सेन्टर में परिवर्तन, बघी छावनी आश्रम परिसर के पर्यटक निवास एवं पर्यटक सुविधाओं का विकास, पर्यटको की सुविधा के लिए सभी मुख्य मार्गों, संपर्क मार्गो पर हेरिटेज सोलर लाइट का कार्य, जनपद सीतापुर में विभिन्न भाषाओं में सकेंतक की स्थापना, नैमिषारण्य धाम में वेदारण्यम की स्थापना, ग्राम पंचायत-जिहुरा नई बस्ती में गोलाबाबा मंदिर का पर्यटन विकास तथा गोदलामऊ की ग्राम पंचायत-उदईपुर पश्चिमी में वृम्हदेव धाम का पर्यटक विकास किया जाएगा। पर्यटन मंत्री ने बताया कि मिश्रिख के ग्रामी पिपरी एवं ग्राम-लोकनापुर में बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमाओं के आस-पास अवस्थापना सुविधाओं का विकास, विकास खंड मछरेहटा की ग्राम पंचायत-गन्धेरिया में पौराणिक शंकर जी के भव्य शिवालय का पर्यटन विकास,गोमती नदी के किनारे नीलकण्ठ महादेव मंदिर का पर्यटन विकास, नगर पालिका परिषद बिसवा में मां शीतलादेवी मंदिर का पर्यटन विकास, पिसांवा में मूल्लाभीरी शिव जी में श्रद्धालुओं के लिए पर्यटक सुविधाओं का निर्माण, महर्षि वाल्मिकी आश्रम कनवाखेघ का पर्यटन विकास तथा शंकरन ब्लॉक के देवतापुर में जंगली नाथ बाबा मंदिर का पर्यटन विकास कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि मानेश्वर महादेव धाम रसूल पनाह सिधौली के मंदिर का पर्यटन विकास, महमूदाबाद के ग्राम पंचायत-अहिबनपुर में भ्रमदेव देवस्थान का पर्यटन विकास, सबरी माता मंदिर हरगांव तीर्थ का पर्यटन विकास, रामजानकी मंदिर एवं तीर्थ स्थल का पर्यटन विकास तथा देव-देवश्वर घाट में पर्यटन सुविधाओं का विकास कराया जाएगा। इस प्रकार सीतापुर जनपद में मिश्रिख एवं अन्य स्थानों का पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों का 90 करोड़ रुपए की लागत से कायाकल्प किया जाएगा।

# सपा सांसद ने स्कूलों के मर्जर को लेकर केंद्र से की हस्तक्षेप की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में स्कूलों के मर्जर को लेकर समाजवादी पार्टी (सपा) सांसद प्रिया सरोज ने केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पत्र लिखकर मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है। सरोज ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में स्कूलों के मर्जर की प्रक्रिया शिक्षा के अधिकार नीति के खिलाफ है।



शिक्षा का अधिकार अधिनियम में यह प्रावधान किया गया है कि यदि कोई बच्चा जिसकी उम्र 6 से 14 साल के बीच है उसे उसके घर से एक किलोमीटर के दायरे में ही किसी स्कूल में दाखिला दिया जाए। यदि इस परिधि में कोई स्कूल नहीं है तो सरकार की जिम्मेदारी है कि वह बच्चे के एडमिशन की व्यवस्था करे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार इस अधिनियम के प्रावधानों के खिलाफ काम कर रही है। सरकार के इस निर्णय से स्कूलों में ड्राप आउट की समस्या बढ़ेगी और स्कूल के शिक्षकों और कर्मचारियों के भविष्य पर भी असर पड़ेगा। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार स्कूलों के मर्जर को लेकर दिशा निर्देश जारी कर चुकी है। हालाकि कुछ संगठनों की तरफ से इस मामले को ले अदालत का दरवाजा भी खटखटाया गया है जहां सुनवाई जारी है। सीतापुर जिले से संबंधित एक याचिका पर सुनवाई करते हुए इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने सीतापुर में चल रही मर्जर की प्रक्रिया पर स्टे लगा दिया था।

# नागेश्वरनाथ मंदिर में जलाभिषेक का दौर जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अयोध्या।** सावन झूला मेला एवं सावन माह के तीसरे सोमवार के चलते देर रात्रि से रामपथ, धर्मपथ, रामपैडी, नयाघाट, रामकथा पार्क सहित सभी प्रमुख स्थानों पर शिव भक्त कावरियों एवं अन्य श्रद्धालुओं की भारी भीड़ आ गई।

सुबह अयोध्या सरयू तट पर श्रद्धालु स्थान और पूजन अर्चन शुरू कर दिए। भोर से ही रामपैडी स्थित नागेश्वर नाथ मंदिर पर कावरियों की लंबी कतार लग गई। पुलिस बैरियर लगाकर भीड़ को नियंत्रित कर छोटी छोटी टोली में दर्शनार्थियों को दर्शन करने के लिए छोड़ रही है। सावन के तीसरे सोमवार पर रामनगरी अयोध्या भक्ति में डूबी हुई है। सिद्ध पीठ नागेश्वरनाथ मंदिर में तड़के 4 बजे से जलाभिषेक का क्रम जारी है। श्रद्धालु सरयू स्नान के बाद भगवान राम के पुत्र कुश द्वारा स्थापित इस ऐतिहासिक शिवालय में जल चढ़ा रहे हैं। मंदिर परिसर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। श्रद्धालुओं को गर्भगृह में सीमित संख्या में प्रवेश दिया जा रहा है। एक ओर से मंदिर में प्रवेश कराया जा रहा है, जबकि दूसरी ओर से निकास की व्यवस्था की गई है ताकि भीड़ को सुचारु रूप से नियंत्रित किया जा सके। सावन के इस पावन दिन पर नागेश्वरनाथ मंदिर सहित अयोध्या के अन्य शिवालयों में भी कांवड़ियों और भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी हुई है। प्रशासन क्राउड कंट्रोल में जुटा है, जबकि मंदिर समिति श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रख रही है। जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गौरव ग्रोवर ने बताया कि यातायात प्रतिबंध और बैरिकेड श्रद्धालुओं के लिए कष्टकर न बने इसका भी पूरा ख्याल रखा गया है। मेला अधिकारी योगानंद पाण्डेय ने बताया कि सावन झूला मेला, सावन का सोमवार होने के कारण आज अयोध्या में भक्तों की भारी भीड़ है और कल नाग पंचमी और मंगलवार के कारण श्रद्धालुओं की संख्या और बढ़ेगी।

# पौधारोपण अभियान से हरियाली की ओर बढ़ा उप्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चलाए जा रहे पौधरोपण अभियान ने अभूतपूर्व गति पकड़ ली है। महज एक योजना से शुरू हुई यह पहल अब एक हरित महायज्ञ में बदल चुकी है,

जिसमें आमजन से लेकर संत समाज, सुरक्षाबल, सामाजिक कार्यकर्ता, विद्यार्थी और संस्थाएं तक जुट गई हैं। पर्यावरण संरक्षण का यह संकल्प अब जनभागीदारी का प्रतीक बन गया है। वॉटर वुमेन के नाम से प्रसिद्ध शिप्रा पाठक ने 11 नदियों के किनारे 51 लाख पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अद्भुत कार्य किया है। बदायूं निवासी प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर शिप्रा पाठक ने बताया कि पंचतत्व संस्था की स्थापना कर एक करोड़ पौधरोपण का संकल्प लिया गया है। पर्यावरण प्रभारी लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में कार्यरत मुकेश बाबू सिंह चौहान अपनी माता अनारा देवी शहीद संस्थान के माध्यम से पौधरोपण अभियान चला रहे हैं। वे लखनऊ में 'खाकी वाले ट्री मैन[ के रूप में जाने जाते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से प्रेरणा लेकर वे अब तक लगभग 4-70 लाख पौधे लगा चुके हैं। महाराष्ट्र की सुजाता सिंह भी यूपी आकर इस अभियान में योगदान दे रही हैं। महापुरुषों की जयंती, जन्मदिवस और त्योहारों पर पौधारोपण कर इस पहल को जनांदोलन का रूप दिया जा रहा है। मुकेश बाबू ने बताया कि सीआईएसएफ, इसरो, पीएसी,



सीबीसीआईडी, विधि विज्ञान प्रयोगशाला, स्कूल-कॉलेज के कैंपस में पौधे रोपे जा रहे हैं। आमजन इस अभियान में कंधे से कंधा मिलाकर चल रहे हैं। लखनऊ, सीतापुर, बाराबंकी, इटावा सहित अनेक जिलों में नि: शुल्क पौधे वितरित कर रोपे जा रहे हैं। मलिहाबाद में तैयार की गई विशेष नर्सरी के माध्यम से बच्चों को भी इस अभियान से जोड़ा जा रहा है। स्कूली बच्चों के साथ मिलकर उनके हाथों से पौधे लगवाए जा रहे हैं, ताकि उन्हें बचपन से ही पर्यावरण की जिम्मेदारी का बोध कराया जा सके। प्रयागराज में बड़े हनुमान मंदिर, संगम तट के महंत पूज्य बलवीर गिरी जी महाराज के नेतृत्व में सप्तर्षि वाटिका में तुलसी, बेल, दूर्वा, चिचिड़ा, शमी जैसे धार्मिक और औषधीय महत्व वाले पौधे लगाए जा रहे हैं। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सम्मानित सबसे कम उम्र के गंगा सेवक मानस चिरविजय का कहना है कि यह कार्य सिर्फ अभियान नहीं, एक आध्यात्मिक यज्ञ है। अयोध्या में रघुवंश संकल्प सेवा के प्रमुख स्वामी दिलीप दास त्यागी एक लाख से अधिक पौधे रोप चुके हैं। उन्होंने कहा कि पौधरोपण अभियान अब एक आंदोलन बन चुका है।

# प्रयागराज के शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब, कांवड़ियों पर हुई पुष्प वर्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** सावन मास के तीसरे सोमवार के मौके पर प्रयागराज के शिवालयों में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा है। सुबह से ही श्रद्धालु बड़ी संख्या में शिवालयों में भगवान भोले शंकर का जलाभिषेक कर रहे हैं। श्रद्धालु लाइनों में लगकर अपनी बारी का इंतजार करते भी नजर आ रहे हैं।

श्रावण का पवित्र महीना भगवान भोले शंकर का माना जाता है। इसलिए इस मास में भगवान भोले शंकर की पूजा अर्चना और रुद्राभिषेक का विशेष महत्व है। इस बार श्रावण मास में चार सोमवार पड़ रहे हैं। श्रावण मास को लेकर यमुना तट पर स्थित प्राचीन और पौराणिक मनकामेश्वर महादेव मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। भगवान भोले के भक्त उन्हें जो वस्तुएं प्रिय हैं गंगाजल, बेलपत्र, दूध और शहद आदि से उनका अभिषेक कर रहे हैं। मनकामेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धालु वर्षों से आ रहे हैं। लोगों की ऐसी आस्था और विश्वास है कि यहां आने और पूजा अर्चना करने से उनकी सभी मनोक. ामनाएं पूरी होती हैं। ब्रह्म मुहूर्त में सबसे पहले मंदिर के मुख्य पुजारी और व्यवस्थापक महंत श्री धरानंद ब्रह्मचारी ने भगवान भोले शंकर का श्रृंगार और अभिषेक किया। इसके बाद महा आरती की गई। महा आरती के बाद मंदिर के कपाट आम श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। सावन मास के तीसरे सोमवार के मौके पर संगम नगरी प्रयागराज के शिवालयों में खास तैयारी की गई है। विश्व प्रसिद्ध प्राचीन और पौराणिक मनकामेश्वर महादेव मंदिर में प्रशासन की ओर से सीसीटीवी कैमरे और बैरीकेलटग लगाई गई है। सुरक्षा के लिए पुलिस के साथ आर एफ एफ और एंटी सोबेटाज चेलकग लगाई गई है। वहीं पूरे मंदिर परिसर की सीसीटीवी कैमरे से भी निगरानी की जा रही है। वहीं प्रयागराज में संगम के किनारे दशाश्वमेध घाट पर सावन के तीसरे सोमवार पर कांवरियों और श्रद्धालुओं पर प्रशासन की तरफ से पुष्प वर्षा की गई। सावन के तीसरा सोमवार होने की वजह से शिव भक्त संगम से जल लेकर प्रयागराज से काशी के लिए जाते हैं जिसको लेकर आज प्रयागराज में दशाश्वमेध घाट पर कांवरियों के ऊपर प्रशासन की तरफ से हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई।

# सोनभ्रद में आपसी रंजिश में गोलीबारी, वृद्ध घायल

**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश में सोनभद्र जिले के राबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र में आपसी रंजिश के चलते घर के बाहर सो रहे एक वृद्ध को गोली मार दी गई। वृद्ध को घायलावस्था में जिला अस्पताल पहुंचाया गया है, जहां प्राथमिक उपचार के बाद वाराणसी स्थित ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।

घायल के भतीजे चंदन भारती ने सोमवार को बताया कि आज देर रात लगभग 1-30 बजे गांव के ही तीन दबंग हाथ में हथियार लिए पहुंचे और घर के बाहर सो रहे उसके बढ़े पिता देवकी राम (65) को गोली मार दी। गोली चलने की आवाज सुनकर ब्ब वो सब घर से बाहर निकले तो उसके बढ़े पिता बिस्तर पर तड़्प रहे थे। भीड़ बढ़ते देख सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। वहीं घायलावस्था में उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया। कोतवाली में तीन नामजद के विरुद्ध तहरीर दी गई है। अपर पुलिस अधीक्षे अनिल कुमार ने सोमवार को बताया कि बीती रात राबर्ट्सगंज कोतवाली को सूचना मिली कि बढ़ौली निवासी देवकी घर के बाहर सो रहे थे कि गोरारी निवासी पंकज पाण्डेय, बढ़ौली निवासी अनिल चौबे व प्रिंस चौबे आये और रामदास को गोली मारकर मौके से फरार हो गए।

## एक नजर

### प्रयागराज में गंगा और यमुना के जलस्तर में वृद्धि

**प्रयागराज।** प्रयागराज में गंगा और यमुना दोनों नदियों का जलस्तर फिर बढ़ने लगा है। आज गंगा नदी का जल स्तर लगभग तीन सेंटीमीटर प्रति घंटा के रफ्तार से बढ़ रहा है तो वहीं यमुना नदी का जलस्तर 4.75 सेंटीमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से बढ़ रहा है। अधिकृत जानकारी के अनुसार बीते 24 घंटे में गंगा का जलस्तर फाफामऊ में 71 सेंटीमीटर और छतनाग में 106 सेंटीमीटर बढ़ा है जबकि नैनी में यमुना नदी का जलस्तर 114 सेंटीमीटर 24 घंटे में बढ़ा है,फाफामऊ में सुबह 10:00 बजे गंगा का जलस्तर 80.27 मीटर और छतनाग में 79.97 मीटर दर्ज किया गया, वहीं नैनी में सुबह 8:00 बजे यमुना नदी का जलस्तर 80.42 मीटर दर्ज किया गया,हालांकि दोनों नदियां अभी खतरे के निशान से लगभग पांच मीटर नीचे बह रही हैं, जलस्तर बढ़ने को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। बाढ़ के खतरे को देखते हुए दुकानदार, घाटिए और तीर्थ पुरोहित फिर सुरक्षित स्थानों की ओर जा रहे हैं। संगम में गंगा और यमुना नदियों का डेंजर लेवल 84.734 मीटर है, गंगा और यमुना नदियों के बढ़ते जलस्तर की सिंचाई विभाग के कंट्रोल रूम से 24 घंटे मॉनीटरिंग की जा रही है। संगम क्षेत्र में जल पुलिस और एसडीआरएफ ने मोर्चा संभाल लिया है,वही जिले में 88 बाढ़ चौकियों बनाई गई है और सभी को अलर्ट किया गया है।

### लखनऊ में पत्नी की मौत के एक दिन बाद मृत मिला युवक

**लखनऊ।** लखनऊ के माल इलाके में पत्नी की मौत के बाद लापता हुआ एक युवक आज सुबह शहर के पकरा गांव के पास एक बाग में मृत पाया गया। मृतक की पहचान रवि के रूप में हुई है, जो कल घरेलू कलह के बाद से लापता था, जिसमें उसकी पत्नी सीमा (25) गंभीर रूप से घायल हो गई थी। उसे पास के एक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया और बाद में लखनऊ के एक ट्रॉमा क्लिनिक में रेफर कर दिया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। यह घटना माल थाना क्षेत्र के पकरा गांव में हुई। ग्रामीणों ने शव देखा और परिवार और पुलिस दोनों को सूचित किया। अधिकारियों ने शव बरामद किया और जांच शुरू की। रवि हाल ही में चंडीगढ़ से गांव लौटा था, जहां वह मज़दूरी करता था। उसकी और सीमा की दो छोटी बेटियां थीं। पड़ोसियों ने बताया कि पहले भी दंपति के बीच कभी-कभार झगड़ा होता था। उन्होंने बताया कि झगड़े के समय उनके बच्चे पास में ही खेल रहे थे और उन्हें घटना की जानकारी नहीं थी। माल थाना प्रभारी नवाब अहमद ने पुष्टि की कि आगे की जांच जारी है और सभी सबूतों की जांच की जा रही है।

### महोबा में कार की टक्कर से दो मरे

**महोबा।** उत्तर प्रदेश में महोबा जिले के कबरई क्षेत्र में सोमवार को तेज रफ्तार कार की टक्कर से मोटर साईकिल सवार दो चचेरे भाइयों की मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हो गए। पुलिस उप अधीक्षक दीपक दुबे ने बताया कि बीला उत्तर गांव निवासी विजय गोपाल (32) अपने चचेरे भाई शिव प्रसाद (30) के साथ मध्य प्रदेश के रावतपुर गांव में रिश्तेदारी में आयोजित तेरहवीं कार्यक्रम में शामिल होकर घर वापस लौट रहे थे कि झांसी-मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग में सुनैचा तिगेला के निकट तेज रफ्तार कार से भिघंत हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल युवकों को पुलिस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरो ने विजय पाल को मृत घोषित कर दिया वहीं शिव प्रसाद की उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना में घायल हुए अन्य दो युवकों का सघन चिकित्सा कक्ष में उपचार किया जा रहा है। चिकित्सकों ने उनकी हालत खतरे से बाहर बताई है।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश में देवरिया जिले के सदर कोतवाली क्षेत्र में सोमवार सुबह अज्ञात कारणों से युवक का शव घर के अन्दर फंदे से लटका मिला। सदर कोतवाली प्रभारी डीके सिंह ने बताया कि आज क्षेत्र के पिपरा चन्द्रभान गांव देवराड़ टोला निवासी कन्हैया गिरी के पुत्र राजन गिरी (21) का शव सुबह घर के अन्दर फांसी से लटके मिला। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उन्होंने बताया कि अभी तक आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चला है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## रेल यात्री की संदिग्ध अवस्था में मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश के ललितपुर में साबरमती एक्सप्रेस के एक यात्री की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बतायाा कि गुजरात के आनंदपुर जिले के पीटलाड निवासी हार्दिक देव (38) अपने दो दोस्तों के साथ बड़ौदरा से काशी विश्वनाथ दर्शन के लिए जा रहे थे। यात्री को ट्रेन से उतारा गया और एक महिला डॉक्टर ने उन्हें सीपीआर दिया,लेकिन कोई सुधार न होने पर उन्हें मेडिकल कॉलेज उपचार के लिए ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान सोमवार को उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जा रही थी लेकिन हार्दिक के साथियों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया और शव को अपने साथ गुजरात ले गए।

# बालू खनन में लगे पोकलैंड चालक और साथी की संदिग्ध मौत पर हंगामा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हरदोई।** उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में पोकलैंड चालक और उसके साथी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में पुलिस की कार्रवाई से आक्रोशित परिजनों ने रविवार देर रात शवों को सड़क पर रखकर राजमार्ग जाम कर दिया। परिजनों का आरोप है कि रंजिशन डंपर से कुचलकर दोनों की हत्या की गई और बिना परिवार को जानकारी दिए ठेकेदार की तहरीर पर डंपर चालक के खिलाफ एक्सीडेंट का साधारण मुकदमा दर्ज करा दिया गया। परिजनों की मांग थी कि ठेकेदार और डंपर चालक के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाए और परिजनों को मुआवजा दिया जाए। करीब चार घंटे तक स्टेट हाईवे पर जाम लगा रहा, मामला बिगड़्ता देखकर कई थानों की घेर्स और पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन मृतक के परिजन डीएम एसपी को मौके पर बुलाने हत्या का मुकदमा दर्ज कराने और मुआवजा दिलाये जाने की बात पर अड़्गए।

जिसके बाद एडीएम ,एसडीएम सदर, बिलग्राम और अपर पुलिस मौके पर पहुंचे और मृतक के परिजनों की मांग पूरी करने का लिखित आश्वासन देकर सड़क से शवों को हटवाकर जाम खुलवाया इस दौरान सड़क जाम में फंसे लोग काफी परेशान रहे। पुलिस सूत्रों ने आज यहां बताया कि बीती रात करीब आठ बजे कोतवाली शहर इलाके में सांडी हरदोई स्टेट हाईवे पर सांडी थाना इलाके के ककेड़ी गांव के रहने वाले अनिल सिंह और भूरे सिंह के शवों को रखकर परिजनों ने सड़क पर जाम लगा दिया। दरअसल अनिल सिंह पोकलैंड चालक थे और भूरे सिंह सहयोगी के तौर पर काम करते थे। दोनों बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र अंतर्गत सलेमपुर राय में पोकलैंड की मदद से शारदा नहर से सिल्ट हटाने का काम में लगे हुए थे। शनिवार की रात दोनों के ऊपर डंपर चढ़ने से मौके पर ही दोनों की मौत हो गई। परिजनों को जानकारी दिए बगैर आनन-फानन ठेकेदार गंगाराम की तहरीर के आधार पर अटवा असी गांव के रहने वाले डंपर चालक सूरज के खिलाफ एक्सीडेंट का मुकदमा दर्ज करा दिया गया। रविवार रात पोस्टमार्टम के बाद दोनों के शव गांव पहुंचे जिसके बाद परिजन और ग्रामीण आक्रोशित हो गए और सांडी स्टेट हाईवे पर शवों को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। दोनों ओर से सैकड़ों गाड़ियों का लंबा जाम लग गया। आनन फानन कई थानों की फोर्स और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे परिजन मौके पर डीएम एसपी को बुलाने की मांग करने लगे।

## सड़क हादसे में दो की मौत, दो घायल

**औरैया।** उत्तर प्रदेश में औरैया जिले के फफूंद क्षेत्र में एक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई जबकि महिला व पुरुष घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि अछल्दा क्षेत्र के गांव खुमानपुर निवासी सर्वेश कुमार (30) व गोलू कुमार (28) अपनी पत्नी संतोषी व बहनोई रामपाल को साथ लेकर रविवार को कार से बड़ाईपुर से गोलू की ससुराल कानपुर देहात के गांव लक्ष्मणपुर गए थे, जहां से देर रात अपने गांव वापस आ रहे थे। उनकी कार औरैया जिले के थाना फफूंद क्षेत्र के गांव टीकमपुर के पास पहुंची थी कि तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। जिससे कार अनियंत्रित होकर वहीं पास में सड़क किनारे बने तालाब में जा गिरी।

# जौनपुर में पीली नदी हुई पुनर्जीवित, ग्रामीणों ने जताया आभार

## विधायक ने स्थलीय निरीक्षण किया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के बदलापुर विधानसभा क्षेत्र की जीवन रेखा मानी जाने वाली पीली नदी के जीर्णोद्धार कार्य के पूर्ण होने पर क्षेत्रीय ग्रामीणों ने खुशी का इजहार किया है।

विधायक बदलापुर रमेश चंद्र मिश्र ने जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र के साथ नदी का स्थलीय निरीक्षण किया और नदी के तट पर 200 वर्ष पुराने शिव मंदिर के पुनर्निर्माण कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने शिवललग पर जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना भी की। इस दौरान ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं ने भजन-कीर्तन कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने नदियों का संरक्षित करने के लिए अभियान चलाया है। उन्होंने आह्वाहन किया है कि प्रत्येक जनपद में एक नदी संरक्षित की जाए। जिसके क्रम में पीली नदी को चिन्हित करते हुए जनसहभागिता के आधार पर पुनर्जीवित किया गया है। पीली नदी को संरक्षित और पुनर्जीवित करने के लिए गत 11 जून को जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी और अन्य अधिकारियों के साथ बैठक कर कार्य योजना तैयार कराई। जिलाधिकारी के द्वारा कई बार निरीक्षण भी किया गया। उनके कुशल निर्देशन में करीब 25 वर्षों से सूख चुकी पीली नदी अब फिर से प्रवाहित हो रही है।

### 84 गंगा घाटों के जल से बाबा विश्वनाथ का जलाभिषेक

**वाराणसी।** सावन माह के तीसरे सोमवार को विश्वनाथ गली व्यापारी संघ से जुड़े सैकड़ों व्यापारियों ने काशी के 84 गंगा घाटों से लाए गए जल से बाबा विश्वनाथ का जलाभिषेक किया। इस जलाभिषेक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्यमंत्री एवं शहर दक्षिणी के विधायक डॉ- नीलकंठ तिवारी उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री अन्नपूर्णा मठ मंदिर, काशी के महंत शंकर पुरी जी महाराज ने की। विश्वनाथ गली व्यापारी संघ के उपाध्यक्ष डॉ- पवन शुक्ला ने बताया कि काशी के सभी 84 गंगा घाटों से कलशों में जल लाकर दशाश्वमेध घाट स्थित चितरंजन पार्क में 11 ब्राह्मणों द्वारा विधिवत पूजन किया गया। इसके पश्चात, एक भव्य शोभायात्रा निक. ाली गई, जो विश्वनाथ धाम पहुंची, जहां व्यापारियों ने बाबा विश्वनाथ का जलाभिषेक किया।

# देवरिया में सेवानिवृत्त फौजी की लाठी डंडों से पीटकर हत्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश में देवरिया जिले के रूद्रपुर क्षेत्र में सोमवार को भूमि विवाद में एक सेवानिवृत्त फौजी की लाठी डंडे से पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार सेवानिवृत्त फौजी राम दयाल कुशवाहा(70) का भूमि विवाद चल रहा था। आज पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर में एक व्यक्ति को लाठी डंडे से मारकर घायल कर दिया गया है।

जिसकी मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि मौके की पड़ताल करने के दौरान आस-पास के लोगों से पूछताछ की गई।,

जिसमें सामने आया कि रामप्रकाश निषाद तथा कुछ अन्य लोग रिश्तेदार की मृत्यु पर शोक प्रकट करने जा रहे थे, बरसात के कारण उनका वाहन विवादित रास्ते पर फंस गया। उसी दौरान रामदयाल कुशवाहा आ गए एवं दोनों पक्षो में विवाद होने लगा। जिसमें रामदयाल कुशवाहा घायल हो गए। उनको डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिए। एक आरोपी विजय को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

## मां गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** गांव मुकरंदपुर निवासी एक युवक की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसा रविवार रात करीब 12 बजे बिजनौर-मुरादाबाद स्टेट हाईवे पर हुआ, जब बाइक सवार युवक सड़क किनारे खड़े ट्रक से पीछे से जा टकराया।

जानकारी के अनुसार गांव मुक. रंदपुर निवासी भूपेंद्र उर्फ बॉबी (32) पुत्र पवन कुमार अपनी मां चंद्रावती को लेकर बाइक से गांव लौट रहे थे। जैसे ही वे गांव के निकट पहुंचे, तभी सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों मां-बेटा सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायलों को तुरंत बिजनौर जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने भूपेंद्र को मृत घोषित कर दिया, जबकि चंद्रावती का इलाज एक निजी अस्पताल में जारी है। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। परिजनों ने ट्रक चालक के खिलाफ थाना हल्दौर में तहरीर दी है।

थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार बैंसला का कहना है कि जांच चल रही है और फरार चालक की तलाश की जा रही है। परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# शुगर मिल क्लब ने मनाया तीज उत्सव

## छवि शर्मा बनीं तीज क्वीन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** शुगर मिल क्लब की ओर से हरियाली तीज का भव्य आयोजन पुष्प निकेतन स्कूल के ऑडिटोरियम में किया गया। रंग-बिरंगे परिधानों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और उत्साह से भरे इस आयोजन में श्रीमती छवि शर्मा को 'तीज क्वीन' चुना गया।

कार्यक्रम का नेतृत्व मिताली गुप्ता, पत्नी निष्काम गुप्ता ने किया। आयोजन में डीएसएम क्लब अध्यक्ष विकास अग्रवाल और उनकी पत्नी मोना अग्रवाल की भी विशेष भागीदारी रही। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और गणेश वंदना से हुआ, तत्पश्चात मुख्य अतिथि श्रीमती मिताली गुप्ता का स्वागत बुके देकर किया गया।



मुजफ्फरनगर से पधारे विशिष्ट अतिथि अमित गुप्ता, आरती गुप्ता, यश और सुनंद गुप्ता का भी क्लब की ओर से सम्मान हुआ। कार्यक्रम में महिलाओं और बच्चों के लिए झूले, सेल्फी पॉइंट सहित कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। तीज क्वीन प्रतियोगिता में मेहंदी, डांस, कैटवॉक जैसी प्रस्तुतियां शामिल रहीं।

एंकरिंग श्रीमती मोना अग्रवाल और श्रीमती अनु कश्यप ने की। सोलो डांस में छवि शर्मा, सपना शर्मा, दीपा सिंह, शिखा, नीरज ने हिस्सा लिया। स्किट में शिवा, सौजन्या और मोना ने प्रस्तुति दी। युगल डांस में विवेक व शिवा यादव, लायक राम व कविता की जोड़ी ने रंग जमाया।

# बीएससी द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षाफल रहा शत-प्रतिशत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस, बिजनौर के बी.एस.सी. द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा।

साइंस विभाग के विभागाध्यक्षा डॉ. पूनम गुप्ता ने बताया कि एम.जे.पी. रुहेलखण्ड विष्वविद्यालय, बरेली द्वारा घोषित परिणाम में बी.एस.सी. द्वितीय सेमेस्टर में असमा ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, मानसी राजपूत ने 79 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा हिमांशी कटारिया ने 76 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय परिवार इन सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता है। प्राचार्या डॉ. सीमा शर्मा ने सभी उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि कृष्णा कॉलेज का परिणाम सदैव ही अति उत्तम रहा है। कॉलेज संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, प्रबन्धक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, प्राचार्या डॉ. सीमा शर्मा, सहायक प्रवक्ता डॉ. शोमा सिंह, डॉ. पायल राठी, रश्मि वत्सल, श्वेता टॉक, शुभांशी वर्मा, संचित कुमार, अदीबा शारिक आदि ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# बिजली कटौती और लो-वोल्टेज से जनता परेशान

## भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने उठाई आवाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर में बढ़ती बिजली कटौती, ट्रिपिंग और लो-वोल्टेज की समस्या को लेकर जनता में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को भाजपा मंडल धामपुर का एक प्रतिनिधिमंडल पश्चिमांचल विद्युत वितरण खंड कार्यालय पहुंचा और एसई व अधिशासी अभियंता से मिलकर बिजली आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं का समाधान जल्द कराने की मांग की।

भाजपा नेताओं ने अधिकारियों को बताया कि धामपुर नगर में आए दिन बिजली गुल हो जाती है, वोल्टेज इतना कम होता है कि पंखा भी ठीक से नहीं चलता। इससे बच्चों की पढ़ाई, व्यापार और घरेलू जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। अधिकारियों ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि जल्द ही लाइन सुधार कार्य, ट्रांसफॉर्मर की स्थिति और फीडर के लोड वितरण की समीक्षा कर समस्या का समाधान कराया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व पालिका अध्यक्ष राजू गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष महेन्द्र धनोरिया, जिला मंत्री पुरुषोत्तम अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र गोयल, मंडल महामंत्री नागेश्वर दयाल गहलोत, अनिल शर्मा, आशीष अग्रवाल, नितिन अग्रवाल एड., रविशंकर सैनी, सुमित महेश्वरी, भूपेन्द्र सैनी, नगर अध्यक्ष राजू गुप्ता आदि शामिल रहे। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि समस्या का शीघ्र समाधान नहीं हुआ, तो वे जनहित में चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेंगे।



# नशे की हालत में छत से गिरा युवक

## गंभीर अवस्था में सीएचसी में कराया भर्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** क्षेत्र के ग्राम झाड़पुरा निवासी नीरज कुमार (28 वर्ष) पुत्र वीरेंद्र सिंह शनिवार देर रात एक गंभीर हादसे का शिकार हो गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार युवक रात के भोजन के बाद शौच के लिए बाहर गया था। इस दौरान उसने अत्यधिक मात्रा में नशा कर रखा था। नशे की हालत में उसका संतुलन बिगड़ गया और वह अचानक जमीन पर गिर पड़ा। जिससे उसके सिर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आ गईं। नीरज के गिरने की आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और उसे तत्काल गंभीर अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) लेकर गए। वहां मौजूद चिकित्सक ने प्राथमिक जांच के बाद बताया कि युवक की हालत बेहद नाजुक है। सिर में गंभीर अंदरूनी चोट होने की आशंका जताई जा रही है। डॉक्टर ने नीरज को प्राथमिक उपचार के बाद तुरंत हाई सेंटर रैफर कर दिया। जहां उसका इलाज जारी है। परिजनों का कहना है कि नीरज को काफी समय से नशे की लत है और वे कई बार उसे समझा भी चुके हैं, लेकिन वह लगातार नशा करता आ रहा है। परिजनों का कहना है कि शनिवार को भी नीरज ने भारी मात्रा में नशा कर रखा था, जिसकी वजह से यह हादसा हो गया। ग्राम में युवक की हालत को लेकर चर्चा बनी हुई है। वहीं परिजन उसकी सलामती को लेकर बेहद चिंतित हैं। डॉक्टर के मुताबिक युवक की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। खबर लिखे जाने तक फिलहाल सीएचसी में नीरज का उपचार चल रहा था।



# वीकेआईटी का बीएससी तृतीय वर्ष का परीक्षाफल घोषित



## पल्लवी रानी रही प्रथम स्थान पर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** एमजेपी रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली द्वारा बीएससी तृतीय वर्ष के घोषित परीक्षा परिणाम में वीर कुंवर डिग्री कॉलेज, बिजनौर का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा।

बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा पल्लवी रानी ने 59.47 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम, अजीत सिंह ने 56.43 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय एवं मधु कमारी ने 54.53 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कॉलेज के प्रबन्ध निदेशक अभिषेक सिंह, प्राचार्य एवं विभाग के समस्त शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# 'मैं भी बनूंगा कलाम' विषय पर भाषण प्रतियोगिता

## सभी प्रतिभागियों को स्कूल बैग देकर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कासमपुर गढ़ी।** साइंस स्पार्क क्लब बिजनौर के तत्वावधान में खंड विकास कार्यालय कासमपुर गढ़ी स्थित डबाकरा हाल में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर 'मैं भी बनूंगा कलाम' विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

साइंस स्पार्क क्लब की ब्लॉक संयोजक एवं कंपोजिट स्कूल नारायणवाला की इंचार्ज प्रधानाध्यापिका श्रीमती करुणा सिंह चौहान के संचालन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम को पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। प्रतियोगिता में विकास क्षेत्र अफजलगढ़ के जूनियर विद्यालयों के बच्चों ने अपने शिक्षकों संग उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने 'मैं भी बनूंगा कलाम' विषय पर अपने भाषणों में डॉ. कलाम के जीवन, उनके विचारों और योगदान को रेखांकित किया और प्रण लिया कि वे डॉ. कलाम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाकर उनके जैसा बनने का प्रयास करेंगे। सभी प्रतिभागी बच्चों को स्कूल बैग देकर एवं उनके साथ आए शिक्षकों को सम्मान चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित खंड शिक्षा अधिकारी नहटौर शेर सिंह एवं एडीओ (पंचायत) ललित प्रताप सिंह ने क्लब के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि हमें वैज्ञानिक शोध को बढ़ावा देने और समाज को नशा-मुक्त बनाने की दिशा में कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बच्चों को डॉ. कलाम की लिखी पुस्तकों को पढ़ना चाहिए और उनके आदर्शों को जीवन में उतारना चाहिए। कार्यक्रम में साइंस स्पार्क क्लब की जिला टीम से जिला संयोजक गुलशन गुप्ता, राम अवतार सिंह, सनी चौहान, अतुल भटनागर, मणि सिंह, विक्रांत आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे। निर्णायक मंडल में कृष्णदेव आर्य एवं रश्मि अग्रवाल शामिल रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में मौहम्मद नौशाद, संदीप, सुभाष कुमार, हेमराज आर्य और शैलेंद्र चौहान का विशेष सहयोग रहा।




# ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आकर बाइक सवार घायल

## निजी डॉक्टर से कराया उपचार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** बाइक पर सवार दो महिला व एक पुरुष सहित तीन लोग रेत से भरी ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आकर घायल हो गए। जिन्हें पुलिस द्वारा पीएचसी कासमपुर गढ़ी ले जाया गया। जहां रविवार को चिकित्सक उपलब्ध न होने के कारण एक निजी डाक्टर के यहां भर्ती कराया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सुरेश पुत्र रामकुमार निवासी शाहलीपुर कोटरा, थाना बढ़ापुर विमला देवी पत्नी राजू ,कुसुम देवी पत्नी सुरेश निवासी कादमपुर तीनों बाइक पर सवार होकर एक शोक सभा में शामिल होने मालधन थाना रामनगर (उत्तराखंड) जा रहे थे कि ग्राम मानियावाला स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग 734 पर विपरीत दिशा से आ रही रेत के भरी टैक्टर ट्राली की चपेट आने से तीनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घायलों को पीएचसी कासमपुरगढ़ी ले जाया गया। जहां रविवार को चिकित्सक न होने का कारण एक निजी डॉक्टर के यहां भर्ती कर दिया गया। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

चौकी प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि यदि घायल की ओर से तहरीर दी गई तो उचित कार्रवाई की जाएगी।

# महिला का शव मिलने से सनसनी

## पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** थाना रेहड़ क्षेत्र स्थित बनैली नदी में एक अज्ञात महिला का क्षत विक्षत शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। शव का चेहरा बुरी तरह से गल कर क्षतिग्रस्त हो चुका है। जिसको पहचानना लगभग असम्भव है। सूचना मिलते ही सीओ अफजलगढ़ तथा थानाध्यक्ष रेहड़ व थाना अध्यक्ष अफजलगढ़ पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए एवं शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

ग्राम मानियावाला स्थित बनैली नदी में पालतू पशु चरा रहे एक युवक ने नदी में शव पड़ा होने की सूचना स्थानीय लोगों को दी। जिस पर सूचना मिलते ही पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार सोलंकी, थाना अध्यक्ष रेहड़ विकास कुमार तथा थानाध्यक्ष अफजलगढ़ सुमित कुमार राठी, कासमपुर गढ़ी चौकी प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह भारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस ने शव का मुआयना किया। शव अज्ञात महिला का जिसकी उम्र लगभग 50 वर्ष थी। शव कई दिन पुराना होने के कारण बुरी तरह से क्षत-विक्षत हो चुका था। चेहरा पूरी तरह से गल कर सड़ जाने के कारण कीड़े हो जाने से बदबू आ रही थी। महिला की चप्पल और एक कपड़ा शव से दो-तीन मीटर दूरी पर नदी की ढांग पर रखा हुआ था। चेहरा गल सड़ जाने के कारण महिला की पहचान कर पाना फिलहाल असंभव है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार सोलंकी ने बताया कि शव की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं और आसपास के इलाकों में गुमशुदा महिलाओं के संबंध में भी जानकारी जुटाई जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा। पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए हर पहलू से जांच शुरू कर दी है।



# स्ट्रांग रूम का मासिक निरीक्षण

## व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित पाई गई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी जसजीत कौर द्वारा आज ईवीएम संरक्षित स्ट्रांग रूम का मासिक निरीक्षण किया गया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान ईवीएम स्ट्रांग रूम के बाहर लगे सील्ड तालों सहित ईवीएम सुरक्षा, अग्नि सुरक्षा, विद्युत व्यवस्था एवं अन्य सभी प्रकार की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित पाई गईं।

जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर द्वारा झंडापुर स्थित वीवी पेट वेयरहाउस का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने सिक्योरिटी, विद्युत व्यवस्था, साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान ईवीएम के रख रखाव व सुरक्षा के दृष्टिगत सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने अपनी सहमति जताई और सुरक्षा के इंतजाम देख कर संतोष व्यक्त किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी से सुरक्षा कार्मिकों ने विद्युत आपूर्ति के बारे में शिकायत करते हुए बताया कि वीवी पेट स्ट्रांग भवन में ग्रामीण फीडर से कनेक्ट होने के कारण विद्युत आपूर्ति बहुत कम की जाती है। उन्होंने जिलाधिकारी से अनुरोध किया कि वीवी पेट वेयरहाउस का कनेक्शन शहरी फीडर से किया जाए। जिलाधिकारी श्रीमती कौर उक्त समस्या को गंभीरता से लेते हुए सहायक निर्वाचन अधिकारी को निर्देशित किया कि उनकी ओर से पत्र लिखवा कर संबंधित विभाग को प्रेषित कराएं ताकि वीवी पेट वेयरहाउस का विद्युत कनेक्शन शहरी फीडर से किया जा सके।

निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी प्रमोद कुमार, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भाजपा से धीर सिंह, बसपा मौहम्मद सिद्दीक तथा सपा से अखलाक पप्पू सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।



# भाकियू अराजनैतिक से जुड़ने का सिलसिला जारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जलालाबाद।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक से लोगों के जुड़ने का सिलसिला लगातार जारी है।

समीपवर्ती ग्राम मुबारकपुर कल्हेड़ी निवासी युवा किसान नेता गालिब अंसारी उर्फ बिट्टू की प्रेरणा से लोगों का भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक से जुड़ने का सिलसिला लगातार जारी है। नगर पंचायत जलालाबाद निवासी मौहम्मद जीशान, साहिब राईन, नजीबाबाद निवासी डॉक्टर शेख मुजीबुर रहमान, अलीपुर हृदय उर्फ कल्हेड़ी निवासी शाकिर अंसारी, मोहल्ला सादात निवासी आकिब हुसैन सहित लगभग आधा दर्जन लोगों ने भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की।

इससे पूर्व भी गालिब अंसारी उर्फ बिट्टू द्वारा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र से लोगों को जोड़ने का सिलसिला काफी चर्चा में रहा।

# जिला सैनिक बन्धु की बैठक आयोजित

## पूर्व सैनिकों की समस्याओं के निदान के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में आज अपराह्न कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सैनिक बन्धु की बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि पूर्व सैनिकों की समस्याओं के निदान के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है और उनकी सभी शिकायतों का प्रभावी ढंग से निस्तारण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए सैनिक बंधु बैठक के रूप में जो प्लेटफार्म दिया है, जिला प्रशासन इसका भरपूर लाभ उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर द्वारा सभी प्रर्थाना पत्रों को बहुत ही ध्यान से सुना और सम्बन्धित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के लिए कहा गया। उन्होंने जिला सैनिक कल्याण अधिकारी से कहा कि बैठक से नई एवं पुरानी निस्तारित एवं अनिस्तारित शिकायतों की विभागवार सूची के अनुसार प्रकरण विचार विमर्श के लिए बैठक में प्रस्तुत करें और जिन विभागों द्वारा शिकायतों के निस्तारण में कोई कार्रवाई नहीं की गई है, उनको संज्ञानित करें ताकि सक्षम स्तर से शिकायतों का पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारण सुनिश्चित कराया जा सके। उन्होंने पूर्व में सम्पन्न जिला सैनिक बन्धु बैठक में उठाये गये बिन्दुओं पर की गयी कार्यवाही का अनुश्रवण कर उनको प्राथमिकता के साथ निस्तारित करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

बैठक के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक शहरी संजीव वाजपेई, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन अनिल गुप्ता, एक्स आर्मी मेजर केशव सहित अन्य अधिकारी एवं पूर्व सैनिक बन्धु मौजूद थे।



# बीएससी द्वितीय सेमेस्टर ( गृह विज्ञान ) में मुस्कान परवीन प्रथम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** एम.जे.पी. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली द्वारा बी.एस.सी. द्वितीय सेमेस्टर (गृह विज्ञान) के घोषित परिणाम में कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड इन्फॉर्मेशन टैक्नोलॉजी, बिजनौर की छात्राओं का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। बी.एस.सी. द्वितीय सेमेस्टर (गृह विज्ञान) की छात्र मुस्कान परवीन ने 6.78 सीजीपीए प्राप्त कर प्रथम, अरीबा ने 6.52 सीजीपीए प्राप्त कर द्वितीय तथा अलका व इकरा ने संयुक्त रुप से 6.43 सीजीपीए प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय परिवार इन सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हैं। कृष्णा कॉलेज के प्रबन्धक मनोज कुमार ने सभी उत्तीर्ण छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि कृष्णा कॉलेज का परिणाम सदैव ही अत्युत्तम रहा है। हमारा निरन्तर यही प्रयास रहता है कि छात्राओं को कॉलेज में आधुनिक व शैक्षिक वातावरण मिले।

कॉलेज के संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, प्रबन्धक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कॉलेज प्राचार्या डा. सीमा शर्मा तथा गृह विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्षा डा. शालिनी शर्मा, सहायक प्रवक्ता श्रीमति ज्योति चौहान, श्रीमति प्रीति चौहान ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# कांवड़िये की गंगा में डूबने से हुई मौत

■ हरिद्वार जल लेने गए कांवड़ियों के जत्थे के साथ नहाते समय हुआ दर्दनाक हादसा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** गांव औंध से हरिद्वार जल लेने गया कांबाडियो के एक जत्थे में से एक कांवड़िया नहाते समय गंगा में डूब गया।गोताखोर के काफी तलाशने पर भी वह नहीं मिला।जिससे जत्था बगैर जल भरे ही वापस गांव लौट आया।डूबने की सूचना पर कांवड़िया के घर में कोहराम मच गया।

मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव औंध से महंत अरविंद सिंह की अगुवाई में 50 कावड़ियों का जत्था हरिद्वार जल लेने के लिए 25 जुलाई को गया था। हरिद्वार पहुंचने के बाद रविवार को जल भरने से पहले दोपहर दो बजे कुछ लोग गंगा में नहाने लगे। नहाते समय गांव निवासी 25 वर्षीय कांवड़िया आक. ाश की जंजीर हाथ से छुटने के कारण गंगा के तेज धार में वह गया। साथ के लोगों ने बचाने की कोशिश की लेकिन बचा नहीं पाए।महंत अरविंद सिंह की कंट्रोल रूम को सूचना पर पहुंचे गोताखोरो और नाव द्वारा प्रयास किया लेकिन कांवड़िया आकाश का कोई पता नहीं लगा।आकाश के परिजन समेत कुछ लोग रुक गये बाकी जत्था के लोग रात में जल बगैर भरे घर वापस लौट आए। आकाश के डूबने की खबर सुन घर में कोहराम मच गया। आकाश की मां मीरा,बहन दिप्ती, भाई शुभ का रोरोकार बुरा हाल है।आकाश तीन भाई बहन में सबसे बड़ा था।उसकी शादी नहीं हुई है।

# एसडीएम व सीओ ने कांवड़ियों पर बरसाए फूल

■ प्रशासन ने कांवड़ियों की सुविधा के लिए किए थे विशेष इंतजाम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव एवं सीओ अरुण कुमार ने कांवड़ियों के जत्थे का उत्तराखंड-उत्तर प्रदेश सीमा पर स्थित मुड़िया टोल प्लाजा के पास कांवड़ यात्रियों का भव्य स्वागत किया।

बहेड़ी तहसील में आयोजित शि. विर पर कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा की गई, और उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रशासन ने कांवड़ियों की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए थे।

कांवड़ियों को चाय, नाश्ता और फल वितरित किए गए। इस दौरान कांवड़ियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा गया। प्रशासन की ओर से की गई इस पहल की सराहना की जा रही है।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी बहेड़ी रत्निका श्रीवास्तव, सीओ बहेड़ी अरुण कुमार सिंह, तहस. ीलदार भानु प्रताप, एसएचओ बहेड़ी संजय तोमर और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने कांवड़ियों का स्वागत किया, और उनकी सुविधा के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बहेड़ी प्रशासन की इस पहल का उद्देश्य कांवड़ियों को सुविधा प्रदान करना और उनकी यात्रा को सुगम बनाना है। कांवड़ियों ने प्रशासन के इस स्वागत की सराहना की, और उनका आभार व्यक्त किया। इस तरह के आयोजनों से कांवड़ियों का उत्साह बढ़ता है, और वे अपने गंतव्य तक सुरक्षित पहुंच पाते हैं।

बहेड़ी प्रशासन ने कांवड़ियों की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। जगह-जगह पर चिकित्सा शिविर लगाए गए हैं, और कांवड़ियों के लिए पेयजल की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा, कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है।

कांवड़ियों ने बहेड़ी प्रशासन के इस स्वागत की सराहना की और उनका आभार व्यक्त किया। कांवड़ियों ने कहा कि प्रशासन की इस पहल से उनकी यात्रा आसान हो गई है, और वे अपने गंतव्य तक सुरक्षित पहुंच पाएंगे।

## एक नजर

# सावन के तीसरे सोमवार को मन्दिरों पर रही भीड़ भाड़



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** सोमवार को मंदिरों पर रही भारी भीड़ लोगों ने पूजा अर्चना कर भगवान शिव का किया जलाभिषेक।

थाना क्षेत्र में सावन के तीसरे सोमवार को शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। सुबह से ही कस्बे और ग्रामीण क्षेत्र के मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। श्रद्धालु हर-हर महादेव के जयकारे के साथ भगवान शिव का जलाभिषेक किया। खिरका कांबड़िया मंदिर पर बड़ी संख्या में कावड़ियों ने जलाभिषेक किया।भगवान शंकर को भक्तों ने गंगा. जल, बेलपत्र, धतूरा, भांग और फूल अर्पित किए।

# नकाबपोश चोरों ने लाखों के माल पर किया हाथ साफ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** थाना क्षेत्र के गांव फरीदापुर रामचरन में सोमबार को नकाबपोस चोरो ने घर में घुसकर चोरी की घटना को दिया अंजाम नगदी सहित जेबरात किया चोरी। सूचना पर घटना स्थल पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी।

मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को सुबह साढ़े आठ बजे घटना के समय मकान स्वामी राकेश मजदूरी करने गये थे। पत्नी सरकारी स्कूल में खाना बनाती है वह छोटी बच्ची प्रभा के साथ स्कूल गईं थी।बेटा खेत से आकर धान कुटाने चक्की पर गया था।लड़की रूबी घर में बर्तन साफ कर रही थी।चार नकाब पोस अज्ञात चोर घर के पीछे से सीडी लगाकर घर में घुस गये।लड़की को कमरे में बंद कर गेट में अंदर से ताला डाल दिया पर्दा की दीवार कूदकर दूसरे कमरे में रखा सन्दुक में रखा सोने का मंगलसूत्र पांच पेंडिल बाला, सोने की चौन, सोने के कुंडल,एक जोड़ी चांदी की जेबरी, गुलक में रखे करीब 10 हजार रुपये जो मजदूरी कर बच्चों ने एकत्र किये उन्हें चुरा ले गये।शादी के पीतल के बर्तन रखे कट्टे में रखे थे उन्हें भी उठा कर ले गये। लड़की रूबी ने बताया की मै बर्तन दो रही थी उसी समय पीछे से पहले एक नकाब पोस घर में घुसा उसके बाद पीछे से तीन लोग और घर में घुस आये मेरे बाल पकड़ कर खींचते हुये कमरे में ले गये उसे कमरे में बंद कर दिया। और दूसरे कमरे में रखा सामान चुरा ले गए उनके पास एक फोल्डिंग सीडी थी।गांव के दो लोग मेरे मजदूरी के रूपये देने आये तो मैंने शोर मचाया तब गांव के लोग आ गये। तब तक चोर फरार हो गये।तीन दिन पहले भी एक चोर घर में घुसा था।चोर कई दिन से रैकी कर रहे थे। लड़के आकाश ने स्कूल जाकर घटना की जानकारी मां पिंकी को दी।तब वह घर पहुंची तो घर के अंदर घुसकर ताला खोला। और पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का मुआयाना किया।पुलिस को गुलक पीछे खेत में पड़ी मिली है। पीड़ित राकेश ऊर्फ छोटे ने अज्ञात चोरो ने के खिलाफ तहरीर देकर घटना का खुलासा करने को कहा है।

# स्मार्ट मीटर लगाने के विरोध पर मीटर छोड़ भागी टीम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** कस्बे में स्मार्ट मीटर लगाने आए विजली विभाग के लोगों को ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा ।ग्रामीणों की एक जुटता को देखकर मीटर लगाने बाली टीम को बैरंग वापस लौटना पड़ा।

बताते चलें कि शीशगढ़ के मोहल्ला तिगड़ी में आज सोमवार को स्मार्ट मीटर लगाने के लिए कुछ लोग पहुंच गए तथा मीटर लगाने का कार्य शुरू कर दिया।लगभग 19 घरों में टीम ने स्मार्ट मीटरों को लगा भी दिया।तभी कुछ लोग यह कहकर कि स्मार्ट मीटर में चिप लगी होती है। जिससे बिल अधिक आएगा कहकर बिरोध करने लगे।ग्रामीणो के बिरोध को देखते हुए मीटर लगाने बाली टीम मीटरों को एक दुकान में छोड़कर चली गई। जेई संतोष कुमार शर्मा ने वताया कि हमने उच्चाधिकारियो को बता दिया है।कल हम टीम के साथ मीटर लगाने दुबारा से जाएंगे।यदि जिस किसी ग्रामीण को मीटर लगबाने में समस्या होगी वह समस्या को लिखकर देगा।

# ग्रामीण की छत पर पड़ा मिला मेड इन चाइना

■ पुलिस जुटी जांच पड़ताल में



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** थाना क्षेत्र के गांव मड़ौली में ग्रामीण की छत पर मेड इन चाइना का खिलौने वाला ड्रोन मिला है।

सूचना पर पहुंची पुलिस ड्रोन को कब्जे में लेकर जांच कर रही है।ड्रोन मिलने से लोगों में दहशत है।

मिली जानकारी के मुताबिक इलाके में बाहरी लोगों के आने की दहशत है।रात के समय गांव के ऊपर ड्रोन उड़ते देखकर ग्रामीण भयभीत होकर शोर मचाने लगते है। पूरी रात जागकर दस दस लोगो की टोली बनाकर रखवाली करते है। गांव मड़ौली निवासी कमल मौर्य की छत पर रविवार रात को एक ड्रोन गिरा जिस पर मेड इन चाइना लिखा हुआ है। सुबह को उनका बेटा छत पर सोलर प्लेट रखने गया तब ड्रोन को देखकर भौचक रह गया।घबरा कर शोर मचाकर उसने पूरा गांव इकट्ठा कर लिया।सैकड़ों की संख्या में ड्रोन देखने बालों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची यूपी 112 पुलिस और थाना पुलिस ने ड्रोन को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।पुलिस ड्रोन उड़ाने वाले की तलाश कर रही है। थाना प्रभारी सुरेंद्र पाल सिंह ने बताया ड्रोन को उन्होंने कब्जे में ले लिया है।यह बहुत छोटा खिलौने वाला ड्रोन है।जो किसी ग्रामीण की ही हरकत है।उसकी तलाश की जा रही है। मिलने पर उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# चोर का शोर: मानसिक विक्षिप्त की लगाई पिटाई

■ पुलिस ने बचाई जान, अफवाहों से बचे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** कस्बे के मोहल्ला सराय में देर रात करीब तीन बजे चोर का शोर कटा। लोगों ने चोर समझ कर पिटाई लगानी शुरू कर दी। सूचना पर चौकी प्रभारी अनूप सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मानसिक विक्षिप्त व्यक्ति को वहां से बचा कर पुलिस चौकी ले आए। यदि पुलिस समय से नहीं पहुंचती तब कुछ भी हो सकता था।

इसके अलावा थाना क्षेत्र के गांव सोरहा में भी देर रात एक मानसिक विक्षिप्त व्यक्ति की पिटाई लगाने का मामला सामने आया है। इस प्रकरण में थाना प्रभारी सुरेंद पाल सिंह का कहना है कि चोर नहीं पब्लिक मानसिक विक्षिप्त लोगों को चोर समझ कर पकड़ रही है। पीट भी रही है, पीटना गलत है इससे कोई गंभीर घटना हो सकती है। निर्दोष को पीटने पर एफआईआर भी होगी। सतर्क रहें ध्यान रखें सभी किसी को पकड़ें तो पुलिस को बुलायें और सौंप दें।

# हेलीकॉप्टर से कांवड़ मार्ग का किया हवाई सर्वेक्षण

■ कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत व अभिनन्दन किया

■ ऐतिहासिक पुष्प वर्षा का साक्षी बना बरेली, भक्तगणों ने भाव विभोर होकर लगाए हर-हर महादेव के जयकारे



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** श्रावण माह के तीसरे सोमवार पर प्रशासन द्वारा जनपद के सातों नाथ मंदिरों में वहां जलाभिषेक करने पहुंचने वाले कांवड़ियों और श्रद्धालुओं पर हेलिकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गयी। इस दौरान पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा कांवड़ियों के लिए की गयी व्यवस्थाओं का भी हवाई सर्वेक्षण किया गया, और देखा गया कि कहीं कांवड़ मार्गों व शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना तो नहीं करना पड़ रहा है।

उक्त आयोजन को लेकर आज सुबह 08 बजे से ही पुलिस लाइन में तैयारियां शुरू हो गयी थीं, और लगभग 12 बजे तक पुष्प वर्षा का कार्यक्रम क्रमवार चलता रहा। सबसे पहले कमिश्नर सौम्या अग्रवाल, आईजी अजय कुमार सहानी द्वारा हेलीकॉप्टर से उड़ान भर रामगंगा व तपेश्वर नाथ मंदिर में कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा की गयी, और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

इसके उपरांत डीएम अविनाश सिंह, एसएसपी अनुराग आर्य द्वारा हेलीकॉप्टर से उड़ान भर जनपद के नाथ मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था जायजा लेते हुए अलखनाथ मंदिर, त्रिवटीनाथ मंदिर, धोपेश्वर नाथ, तपेश्वरनाथ मंदिर, मढ़ीनाथ मंदिर, चौबारी रामगंगा पुल व नैनीताल रोड (हरिद्वार मार्ग) के आसपास, पशुपति नाथ मंदिर व बनखंडी नाथ मंदिरों व मंदिर परिसर में उपस्थित कांवड़ियों और श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा कर उनका अभिनंदन व स्वागत किया गया।

इसके उपरांत अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, पुलिस अधीक्षक नगर मानुष पारीक द्वारा भी बरेली के कांवड़ मार्गों का निरीक्षण करते हुए कांवड़ियों और श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की गयी। अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह, पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अंशिका वर्मा द्वारा भी बरेली के कांवड़ मार्गों, नाथ मंदिरों का निरीक्षण करते हुए कांवड़ियों और श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की गयी। पुलिस अधीक्षक नार्थ मुकेश चन्द्र मिश्रा, नगर मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री, उप जिलाधिकारी सदर प्रमोद कुमार द्वारा भी बरेली के कांवड़ मार्गों, नाथ मंदिरों का निरीक्षण करते हुए कांवड़ियों और श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की गयी।

इस अवसर पर डीएम ने श्रावण माह तीसरे सोमवार की सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस माह में भक्तगण हरिद्वार, कछला एवं अन्य पवित्र स्थानों से गंगा का पवित्र जल लाकर बरेली स्थित नाथ मंदिरों में भोलेनाथ का जलाभिषेक करते हैं। कांवड़ियों और श्रद्धालुओं को कहीं कोई समस्या या परेशानी, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कहीं कोई दिक्कत तो नहीं है, उक्त के दृष्टिगत आज हवाई सर्वेक्षण किया गया है।

साथ ही कांवड़ियों और श्रद्धालुओं पर उनकी श्रद्धा और आस्था के सम्मान में पुष्प वर्षा की गयी है।

जनपद में ऐतिहासिक पुष्प वर्षा होते देख कावड़ यात्रियों द्वारा भाव विभोर होकर हर-हर महादेव व बम-बम भोले के जयकारे लगाये गये।

# आरुष का शव घर पहुंचते ही परिवार में मचा कोहराम

■ गमगीन माहौल में हुआ अंतिम संस्कार

■ मीरगंज विधायक सहित कई नेता परिवार को ढांढस बंधाने पहुंचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** रविवार को हरिद्वार में मंसा देवी मंदिर के रास्ते पर भगदड़ मच जाने में गांव सहोड़ा निवासी पंकज कुमार के पुत्र आरुष 8 वर्ष की दबकर मौत हो जाने पर पी एम के बाद आरुष का शव देर रात सहोड़ा पहुंचा तो परिवार में चीख पुकार मच गई। शव घर आने की सूचना मिलते ही गांव वासी उनके घर की तरफ दौड़ पड़े। इकलौते पुत्र की मौत से परिवार के साथ ही मोहल्ला में मातम छा गया। इस दर्द विदारक घटना को सोचकर लोग अपने आंसू भी नहीं रोक पा रहे थे। हर कोई परिवार जनों को ढांढस बंधा रहा था। सोमबार को आरुष का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया।

बताते चलें कि शीशगढ़ के गांव सहोड़ा निवासी निर्मला देवी पत्नी पंकज कुमार अपने दो बच्चे आरुष 8 वर्ष व सौम्या 6 वर्ष को साथ लेकर अपने मायके गांव पदपुरी से अपने भतीजे के मुंडन कार्य को 26 जुलाई हरिद्वार गई थी। जहां रविवार को मनसा देवी मंदिर के रास्ते में भगदड़ मचने पर आरुष की दबकर मौत हो गई थी। जबकि निर्मला देवी व बेटी सौम्या घायल हो गई थी।

उधर आरुष की मौत की सूचना पर मीरगंज बिधायक डॉक्टर डीसी वर्मा,ब्लॉक प्रमुख शेरगढ़ भपेंद्र कुर्मी,,मीरगंज ब्लॉक प्रमुख,भाजपा नेता रमेश फौजी,रामौतार मौर्य, डॉ रामौतार गंगवार सहित कई नेता मृतक के गांव सहोड़ा पहुंचे और दुखद घटना का शोक व्यक्त कर परिजनों को ढांढस बंधाया।

# देवरनियां पुलिस ने कांवड़ियों के लिए किए कड़े इंतजाम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** थाना देवरनियां क्षेत्र में कांवड़ यात्रा के दौरान पुलिस ने कांवड़ियों के लिए कड़े इंतजाम किए हैं। पुलिस की इस पहल की सराहना की जा रही है, और कांवड़िये पुलिस के इस स्वागत से खुश नजर आए।

थाना प्रभारी देवरनियां आशुतोष द्विवेदी कांवड़ लेकर आने वाले कावड़ियों के जत्थे के साथ पुलिस बल के साथ रहकर कड़ी मेहनत कर रहे हैं। पुलिस ने कांवड़ियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। देवरनियां पुलिस ने कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया है। इसके अलावा, पुलिस ने कांवड़ियों के लिए जगह-जगह पर चिकित्सा शिविर और पेयजल की व्यवस्था भी की है। कांवड़ियों ने पुलिस के इस स्वागत की सराहना की, और उनका आभार व्यक्त किया। कांवड़ियों ने कहा कि पुलिस की इस पहल से उनकी यात्रा आसान हो गई है, और वे अपने गंतव्य तक सुरक्षित पहुंच पाएंगे। पुलिस की इस पहल का उद्देश्य कांवड़ियों को सुविधा प्रदान करना और उनकी यात्रा को सुगम बनाना है। पुलिस की इस पहल से कांवड़ियों में सुरक्षा की भावना बढ़ी है, और वे अपने गंतव्य तक सुरक्षित पहुंच पा रहे हैं।

# कांवड़ियों पर हुई मोहब्बत के फूलों की बारिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** सावन के तीसरे सोमवार को नगर की मुस्लिम धार्मिक संस्था अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन के पदाधिकारियों ने कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। मुस्लिम समुदाय द्वारा किए गए इस कार्य की नगर के साथ ही क्षेत्र में खूब तारीफ हो रही है। नवाबगंज की ईदगाह मार्केट के सामने अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन द्वारा कछला घाट जल लेने जा रहे शिव भक्तों का अंजुमन के सदर मो. असलम अंसारी, नायब सदर मो. अलीम अशर्फी, सचिव डा. इरफान सिद्दीकी, खजांची अनवार अहमद, पूर्व सदर निसार अहमद अंसारी , खुर्शीद अहमद अंसारी, यासीन खुद्दार, इम्तियाज इदरीसी, मो. जाहिद, मो. आसिफ, पूर्व सभासद पति नूर इस्लाम, अरशद अंसारी, इस्लाम अंसारी समेत अंजुमन के समस्त सदस्यों द्वारा फूलों की वर्षा की और उन्हें फल वितरित किए।

# सिगतरा गांव के शिव मंदिर पर हरियाली तीज के तीन दिवसीय मेले की हुई शुरुआत




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** थाना देवरनियां क्षेत्र के ग्राम सिंगतरा में प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी सोमवार से हरियाली तीज मेले की शुरुआत हो गई।

वहां के वाशिंदों ने बताया कि यह मेला प्राचीन समय से लगता चल रहा है जो अभी तीन दिनों तक चलेगा। दिन में श्री कृष्ण लीला तथा शाम को श्री रामलीला का मंचन किया जाएगा।

हरियाली तीज के अवसर पर सुहागिनों द्वारा हरी चूड़ी पहनकर तथा श्रृंगार कर गौरी पूजा करके अपने अटल सुहाग की कामना की जाती है, तथा भगवान शिव व माता पार्वती के भजन कीर्तन का आयोजन किया जाता है।

## क्यों मनाया जाता है हरियाली तीज का पर्व

सावन के महीने में आने वाली हरियाली तीज के त्यौहार का बहुत बड़ा महत्व माना जाता है। यह त्यौहार बहुत धूमधाम से मनाया जाता है। हरियाली तीज का पर्व क्यों मनाया जाता है इसका वर्णन कुछ पौराणिक कथाओं में किया गया है। माना जाता है कि इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती का पुनर मिलन हुआ था। पौराणिक कथा के अनुसार माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए कई वर्षों तक कठोर तपस्या की, उनकी तपस्या और भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें अपने पत्नी के रूप में स्वीकार किया। इसलिए इस दिन को माता पार्वती और भगवान शिव के पुनर मिलन के रूप में मनाया जाता है। मान्यता है कि तभी से ही हरियाली तीज का त्यौहार मनाने की परंपरा आ रही है। सबसे पहले हरियाली तीज का व्रत माता पार्वती ने ही रखा था। कहा जाता है कि सबसे पहले माता पार्वती द्वारा रखे गये इस व्रत के प्रभाव से भगवान शंकर पति के रूप में उन्हें प्राप्त हुए थे।

# डीएम ने ली वन ट्रिलियन डॉलर योजना की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को वन ट्रिलियन डॉलर योजना ओटीपी सेल की त्रैमासिक बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर के स्तर पर पहुँचाने का संकल्प लिया गया है। इसके दृष्टिगत प्रदेश सरकार द्वारा अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण क्षेत्र यथा कृषि एवं संवर्गीय सेवाओं, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास, आईटी, पर्यटन आदि के क्षेत्र में विशेष प्रयास किये जा रहे हैं। राज्य के आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने में जनपदों की महत्वपूर्ण भूमिका है। जिलों का प्रदर्शन और विकास प्रत्यक्ष रूप से उत्तर प्रदेश और राष्ट्र की समग्र प्रगति को प्रभावित करता है। वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था में प्राथमिक, द्वितीयक और तृतीयक क्षेत्रों का योगदान अलग-अलग होगा। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है।

# आज होगा बार का चुनाव एल्डर कमेटी ने जारी किए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** आज होगा एडवोकेट प्रेक्टिशनर्स एसोसिएशन की कार्यकारिणी का चुनाव, 188 मतदाता करेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग।

एल्डर कमेटी के अध्यक्ष सुधाकर लाल रस्तोगी ने आज होने वाले संगठन के चुनाव को लेकर दिशा निर्देश जारी किए हैं। इन निर्देशों के अनुसार वोट डालने के लिए अधिवक्ता साथी ड्रेस पहनकर आएं, साथ ही चुनाव में मोबाइल पर पूरी तरह से प्रतिबन्ध रहेगा। उन्होंने सभी अधिवक्ता साथियों से अपना पहचान पत्र साथ लाने की भी अपील की है।

आज 29 जुलाई को सुबह 10 बजे से शाम तीन बजे तक चलने वाले इस मतदान में 188 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। चुनाव में अध्यक्ष पद पर पूर्व अध्यक्ष शिशुपाल सिंह गंगवार, रमेश आर्य और प्रदीप सूरी के बीच मुकाबला है, जबकि सचिव पद पर चन्द्र शेखर, पुष्पपाल सिंह, चौतन्य प्रकाश श्रीवास्तव और फूल कुमार शर्मा के बीच मुकाबला है।

कोषाध्यक्ष पद पर हरेंद्र कुमार, वीरेंद्र कुमार पटेल, कृष्ण पाल और गोपाल बहादुर के बीच टक्कर है। सहसचिव पद पर ओमप्रकाश, हारून अहमद, महेन्द्र कुमार, सोमपाल शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर सुरेन्द्र पाल सिंह और शराफत अली के साथ ही आडिटर पद पर अरविन्द कुमार और चमन प्रकाश के बीच लड़ाई है। सोमवार को जहां अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ रहे प्रदीप सूरी और सचिव पद के प्रत्याशी चंद्रशेखर ने अपने अधिवक्ता साथियों को सीट सीट जाकर उन्हें जलपान कराया और उनसे वोट मांगे। इसके साथ ही सोमवार को सभी प्रत्याशियों ने अपने अधिवक्ता साथियों से उनकी सीट सीट जाकर वोट मांगे।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

## हमें बताएं अपने इलाके की समस्या

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# डाक कांवड़ लेने गए युवक की सड़क हादसे में मौत, परिवार में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** डाक कांवड़ लेने ब्रजघाट गए ग्राम तार का मंझरा निवासी राजपाल (28 वर्ष) पुत्र राम किशोर की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में उनके दो चचेरे भाई देवेंद्र उर्फ बिट्टू और सौरभ भी घायल हो गए। घटना से परिवार में कोहराम मच गया है।

जानकारी के अनुसार, शनिवार की शाम राजपाल अपने चचेरे भाइयों देवेंद्र और सौरभ के साथ बाइक से ब्रजघाट गंगा जल लेने गया था। तीनों डाक कांवड़ लेकर बाइक से लौट रहे थे। बाइक देवेंद्र चला रहा था। रास्ते में गजरौला के पास उनकी बाइक की सामने से आ रही एक अन्य बाइक से जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में राजपाल को गंभीर चोटें आईं और वह मौके पर ही बेहोश हो गया। देवेंद्र और सौरभ को भी चोटें आईं।

स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल देवेंद्र और सौरभ को नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जबकि राजपाल को एम्बुलेंस से टी.एम.यू. हॉस्पिटल, पाकबड़ा ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने राजपाल को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी।





हादसे की खबर मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। राजपाल की मौत की सूचना से परिवार में मातम छा गया। राजपाल की चार वर्ष पहले पूजा से शादी हुई थी। उनका दो साल का बेटा प्रतीक और छह माह की बेटी जाह्नवी है।

पत्नी पूजा और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बताया कि राजपाल मेहनती और मिलनसार था, जिसके चलते गांव में भी शोक की लहर है।पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# हरियाली तीज पर मिस में कशिश चुनी गई तीज क्वीन मिलक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** नगर के शहनाई मंडप में रविवार को महीला मंच के तत्वावधान में हरियाली तीज पर्व के उपलक्ष्य में मेहंदी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। महिलाओ ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी कला का सुंदर और सृजनात्मक प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहीं सभी को उपहार देकर सम्मानित किया गया। महिलाओ की रचनात्मकता और उत्साह ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। व्लाक प्रमुख अर्चना गंगवार ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधियाँ महिलाओ के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम का



समापन पारंपरिक उल्लास और सांस्कृतिक वातावरण के बीच हुआ। जिसमें मिस तीज कशिश प्रथम , झलक गुप्ता रनर द्वितीय सीनियर सोलू डांस रिद्धिमा प्रथम अनीता गंग. वार द्वितीय माही तीसरा जूनियर सोलु डांस उर्वी गंगवार प्रथम आराध्या द्वितीय वैष्णो तृतीय मिस तीज संध्या गंगवार झलक सक्सेना प्रथम आदि को ब्लॉक प्रमुख अर्चना कुमार के द्वारा उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लर्निंग लेडर स्कूल की डायरेक्टर दर्शिता गंगवार सहित आदि रहे।

# बाइक की चेन में फंसा बुर्का, गिरी महिला, घायल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** थाना अजीमनगर क्षेत्र के सहनपुर गांव निवासी मेहनाज सोमवार को अपने पति सद्दाम के साथ बाइक से सिरौली स्थित अपने रिश्तेदार को देखने जा रही थीं।

रास्ते में शाहबाद के रामगंगा पुल के पास अचानक मेहनाज का बुर्का बाइक की चेन में फंस गया। बुर्का फंसते ही बाइक असंतुलित हो गई और मेहनाज सड़क पर गिर पड़ीं।हादसा इतना तेज था कि महिला के हाथ और चेहरे पर गंभीर चोटें आईं।

मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल महिला को सरकारी अस्पताल शाहबाद पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है।

# खण्ड विकास अधिकारी मिलक ने जिलाधिकारी के अधिकारों का किया हनन : शंखधार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष आदेश शंखधार ने प्रमुख सचिव, ग्राम्य विकास विभाग लखनऊ को पत्र भेजकर अवगत कराया है कि विकास खण्ड मिलक में शासनादेशों को ताक पर रखकर खुलेआम धांधली की जा रही है। जिला अध्यक्ष आदेश शंखधार ने कहा है कि खण्ड विकास अधिकारी मिलक धीरेन्द्र पाल सिंह चौहान द्वारा नियमों का घोर उल्लंघन करते हुए जिलाधिकारी के स्वीकृति अधिकार की पूर्णत: अवहेलना की गई है। खण्ड विकास अधिकारी मिलक धीरेन्द्र पाल सिंह चौहान ने मिलक में नियुक्त सचिव मुकेश कुमार शर्मा को न केवल ग्राम पंचायत क्लस्टर का भार सौंपा, बल्कि उसका वित्तीय अधिकार भी दे डाला, वह भी बिना जिलाधिकारी की अनुमति के, जो कि स्पष्टत: नियम विरुद्ध है। इतना ही नहीं, इस मनमानी निर्णय के बाद सम्बंधित ग्राम पंचायतों में बिना वैधानिक प्रक्रिया का पालन किए, सचिव द्वारा भुगतान भी करा दिए गए हैं। इस संदर्भ में शासनादेश पत्रांक संख्या 667/33-1-2013-696/2000 टी. सी. तथा धीरेन्द्र पाल सिंह चौहान द्वारा जारी आदेश दिनांक 23.06.2025 का स्पष्ट है। खण्ड विकास अधिकारी धीरेन्द्र पाल सिंह चौहान द्वारा बिना वैधानिक अधिकार एवं अनुमोदन के सचिव मुकेश कुमार शर्मा को डोंगल स्वीकृत कर वित्तीय लेन-देन संपादित कराए गए, जो कि प्रथम दृष्ट्या एक पूर्वनियोजित एवं सुनियोजित साजिश प्रतीत होती है। उक्त कृत्य न केवल प्रशासनिक प्रक्रिया की अवहेलना है, बल्कि भ्रष्टाचार की मंशा से प्रेरित एक गम्भीर दुरुपयोग भी है। यह स्पष्ट रूप से यह दर्शाता है कि खण्ड विकास अधिकारी मिलक द्वारा यह कार्य न केवल प्रशासनिक प्रक्रियाओं का उल्लंघन है, बल्कि भ्रष्टाचार की ओर एक सीधा इशारा करता है। ऐसा प्रतीत होता है कि सचिव के साथ मिलीभगत कर यह सारा खेल किया गया है। यह अत्यंत गंभीर स्थिति है, क्योंकि:- 01. जिलाधिकारी रामपुर के वित्तीय अधिकारों का हनन हुआ है। 02. बिना अनुमोदन के भुगतान किया गया, जो वित्तीय अनियमितता की श्रेणी में आता है।

03. खण्ड विकास अधिकारी मिलक ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए नियमों की अवहेलना की है।

पत्र में आग्रह किया गया है कि इस मामले की उच्चस्तरीय जांच कराकर दोषी खण्ड विकास अधिकारी धीरेन्द्र पाल सिंह के विरुद्ध तत्काल प्रभाव से कठोरतम विभागीय एवं दंडात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी अधिकारी इस प्रकार से नियमों की धज्जियां उड़ाने का दुस्साहस न कर सके।

# एक को गिरफ्तार कर शांतिभंग में किया चालान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** पुलिस द्वारा एक नफर अभियुक्त आरिफ पुत्र नसीर निवासी ग्राम करनपुर थाना सैफनी जनपद रामपुर को उसके मकान के सामने से शांति व्यवस्था के दृष्टिगत अंतर्गत धारा 170/126/135 बी एन एस एस में पुलिस ने अपनी हिरासत में लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही कर उपरोक्त को न्यायालय एसडीएम शाहाबाद पेशी हेतु भेजा गया।

# डीएम और एसपी ने की ट्रान्सपोर्ट नगर स्थापित किए जाने को अधिकारियों के साथ बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सोमवार को जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र ने जनपद में सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित कराने के दृष्टिगत ट्रान्सपोर्ट नगर स्थापित किये जाने हेतु अधिकारियों के साथ बैठक की।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सचिव, आरडीए, उप जिलाधिकारी सदर, एआरटीओ व एआरएम रोडवेज को ट्रान्सपोर्टरों के साथ बैठक कर अग्रिम कार्यवाही प्रारम्भ किये जाने के निर्देश दिये।

उन्होंने बताया कि इस सुविधा से ट्रांसपोर्टरों को एक ही स्थान पर माल लोडिंग/अनलोडिंग की सुविधा प्रदान हो सकेगी।



वाहनों के अनावश्यक रूप से सड़क पर खडेध होने के कारण मार्ग पर लगने वाले जाम से निजात मिलेगी। परिवहन सम्बंधी सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होगी और मालवाहक वाहनों का परिचालन करने वाले कर्मियों को भी सुविधाएं मिल सकेगी।

# रेलवे गेटमैन को पीटने में दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

## दूसरे पक्ष में भी गेटमैन के खिलाफ लिखाई मारपीट की रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** नीरज कुमार निवासी वसंत विहार कॉलोनी इज्जत नगर बरेली निवासी ने कोतवाली में तहरीर दी है। जिसमें आरोप है कि मेरी ड्यूटी 26 जुलाई 2025 को गेट नंबर 383 पर सुबह 7:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक थी इसी बीच 6:30 दो लड़के स्कूटी से आए तो गेट बंद था। वह मेरे पास आकर गेट खोलने को बोला तो मैंने कहा कि गाड़ी पास होने के बाद ही गेट खुलेगा तो उन दो लड़कों के द्वारा मेरे साथ गाली गलौज करने लगे इतने में ही दो बाइक एक कार 8 से 10 लड़के आए और मेरे साथ मारपीट करने लगे और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने लगे अज्ञात लोगों के द्वारा मेरे साथ मारपीट की और चले गए।

बरेली निवासी नीरज की तहरीर पर एससी एसटी एक्ट सहित गंभीर धारा में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

दूसरी ओर नगर के निवासी यश गुप्ता ने हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह पूजा करने रेलवे फाटक के पास जा रहा था तो फाटक बंद होने का कारण पूछने पर रेलवे के गेटमैन ने उसके साथ मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी राजवीर सिंह परिहार ने बताया कि मामले की विवेचना की जा रही है।

# भाकियू टिकैत ने समस्याओं को लेकर की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**शाहबाद/रामपुर।** सोमवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत की एक मीटिंग पी डब्लू डी गेस्ट हाउस शाहबाद में जिलाअध्यक्ष जगजीत सिंह गिल के नेतृत्व मे आयोजित की गई।

जिला अध्यक्ष ने किसानों का हो रहा लगातार शोषण पर चर्चा की तथा उन्होंने किसानो को सम्बोधित करते हुए आने वाली 13 अगस्त को ज्यादा से ज्यादा संख्या मे ट्रेक्टर व बाईक रेली मे लाने का अहवान किया। युवा जिलाध्यक्ष रंजीत यादव ने विद्युत विभाग की लापरवाही पर सवाल उठाये, उन्होंने कहा कि लाइट समय से नहीं आ पा रही है। किसानों के



बिल अधिक निकाले जा रहे हैं आने वाली मासिक पंचायत मे सभी समस्याओं को लेकर उच्च अधिकारियों से वार्ता की जाएगी तथा सभी समस्याओं का तुरंत समाधान कराया जायेगा।

मीटिंग मे चौधरी सुनील कुमार सिंह, चौधरी सुंदर पाल सिंह, खुशीराम डॉ. मुकेश यादव, राजवीर सिंह, मीनू यादव, नाजिम सिद्दीकी, राधेश्याम शर्मा, अय्यूब अंसारी, नासिर हुसैन, सलीम सिद्दीकी, सर्वजोत सिंह, निरापजीत सिंह तथा भारी संख्या मे किसान मौजूद रहे।

# हरियाली तीज महोत्सव में सजी रंग-बिरंगी शाम सुनैना गुप्ता बनीं तीज क्वीन और पूजा जैन रहीं रनरअप

**■ लायंस क्लब रामपुर एलिट द्वारा आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं ने झूले, गीत-संगीत और प्रतियोगिताओं का उठाया आनंद**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** हरियाली तीज के उल्लासपूर्ण पर्व पर लायंस क्लब रामपुर एलिट की ओर से होटल जेनिथ में भव्य तीज महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में परंपरागत उत्सव की झलक के साथ महिलाओं और बच्चों के लिए कई सांस्कृतिक व मनोरंजक गतिविधियां आयोजित की गईं, जिसने समां बांध दिया। महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में सजकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और झूले झूलते हुए तीज पर्व की खुशियों को साझा किया। इस अवसर पर चाट-पकौड़ी जैसे पारंपरिक व्यंजनों का भी लुत्फ उठाया गया। कार्यक्रम में रंगारंग नृत्य और गायन प्रस्तुतियों के साथ प्रतियोगिताएं भी आकर्षण का केंद्र रहीं।

डांस प्रतियोगिता में पूजा विजेता बनीं, वहीं बच्चों की गायन प्रतियोगिता में अरहान, प्रियांशी, स्नेहा और वैष्णवी ने अपनी कला से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। नृत्य प्रतियोगिता में कुमारी स्नेहा और देव्यांशी संयुक्त विजेता रहीं। बच्चों के खेल में अर्पित और सिंचन ने बाजी मारी, जबकि विशेष श्रेणियों में बेस्ट गेटअप का खिताब अर्चना को, बेस्ट मेहंदी का सम्मान सुनैना गुप्ता को और समय की पाबंदी में नीलू प्रधान को सम्मानित किया गया। मुख्य आकर्षण रही तीज क्वीन प्रतियोगिता, जिसमें सुनैना गुप्ता ने



ताज अपने नाम किया जबकि पूजा जैन रनरअप रहीं। इसके अलावा तीज प्रिंसेज' का खिताब कु. नन्दनी प्रधान को मिला। कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाने और निष्पक्ष निर्णय के लिए अर्चना विनोद, अंजलि गोयल और नौशीन खान ने निर्णायक मंडल के रूप में भूमिका निभाई। इस आयोजन ने एक ओर जहां लोक परंपराओं को पुनर्जीवित किया, वहीं महिलाओं व बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का सुनहरा मंच भी प्रदान किया। लायंस क्लब रामपुर एलिट का यह प्रयास सराहनीय रहा, जिसने तीज पर्व को यादगार बना दिया। इस मौके पर अर्चना विनोद, अंजली गोयल, नौशीन खान, सोनी अग्रवाल, प्रीति सिंह, सुनैना गुप्ता, अर्चना गोयल, स्मिता सक्सेना, नीरू प्रधान, रानी, पूजा जैन, ऋतु, निधि आदि मौजूद रही।

**मंदिरों में पूजा के बाद पूजा सामग्री को एकत्र करने हेतु**

# पालिका परिषद आंवला में चलाया एक वाहन



**■ पालिका अध्यक्ष सैयद आबिद अली की उपस्थिति में वार्ड सभासद में हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आंवला।** सोमवार को पालिका अध्यक्ष सय्यद आबिद अली की उपस्थिति में नगर पालिका परिषद आंवला से मंदिरों में पूजा होने के उपरांत पूजा सामग्री को एकत्र करने हेतु एक वाहन चलाया गया है जिसे वार्ड सभासद सपना अग्रवाल वार्ड संख्या 21 के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया इस कार्यक्रम में पालिका के समस्त सम्मानित सभासद गण अधिशासी अधिकारी व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एक वारंटी को गिरफ्तार कर की विधिक कार्यवाही



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी /रामपुर।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों की गिरफ्तारी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में क्षेत्राधिकारी शाहाबाद के पर्यवेक्षण में सोमवार को सैफनी पुलिस द्वारा 1 वारंटी अभियुक्त बब्लू पुत्र झंडू निवासी ग्राम बेरुआ जनपद रामपुर संबंधित केस नंबर 930/12 मु. अ. संख्या 814/12 धारा 25 आर्म्स एक्ट में उसके मकान से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही कर मा. न्यायालय के समक्ष पेशी के लिए भेजा।

# डिंपल यादव पर टिप्पणी करने पर मौलाना साजिद रशीदी के बयान की निंदा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मौलाना साजिद रशीदी ने समाजवादी पार्टी (सपा) की सांसद डिंपल यादव पर निशाना साधते हुए अपनी आपत्तिजनक और महिला विरोधी टिप्पणियों से भारी हंगामा खड़ा कर दिया है।

पिछले हफ्ते एक टेलीविजन चौनल पर बहस के दौरान, ऑल इंडिया इमाम एसोसिएशन (एआईआईए) के अध्यक्ष रशीदी ने डिंपल यादव की बिना सिर ढके अखिलेश यादव और सांसद मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी के साथ पार्लियामेंट्री मस्जिद जाने के लिए आलोचना की थी। अब चमरौआ विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी रहे एवं रामपुर जिला पंचायत के सदस्य मुस्तफा हुसैन ने मौलाना रशीदी के बयान की निंदा करते हुए कहा कि मौलाना रशीदी आर.एस.एस के इशारे पर मुसलमानों को गुम. राह करने का काम कर रहे हैं। उनको सांसद डिंपल यादव से माफी मांगनी चाहिए।

जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन ने कहा कि सपा सांसद डिंपल यादव एक महिला जनप्रतिनिधि हैं और सबसे बड़ी पंचायत की सदस्य पर ऐसी टिप्पणी करना बेहद शर्मनाक बात है।

मौलाना रशीदी पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। इनका सामाजिक बहिष्कार होना चाहिए, ये कोई धर्मगुरु नहीं हैं। किसी धर्म के ठेकेदार नहीं हैं। इन्हें किसी भी महिला पर ऐसी टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है। इस्लाम अमन, मोहब्बत, इंसाफ और औरतों की अजमत व इस्मत (सम्मान और पवित्रता) का सबसे बड़ा मुहाफिज (संरक्षक) है।

# सड़क पार करते अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक /रामपुर।** सामान लेने निकले युवक को सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसके परिणाम स्वरुप उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धनेली पूर्वी गांव निवासी अमित कश्यप पुत्र स्वर्गीय नरेश कश्यप सोमवार को सुबह लगभग 8:00 बजे सड़क पार कर रहा था।

इसी बीच तेज गति से रामपुर की तरफ से आ रहे अज्ञात बाहन ने अमित कश्यप के टक्कर मार दी और मौके पर ही मौत हो गई।

अज्ञात वाहन टक्कर मारने के बाद फरार हो गया।

इसी बीच स्थानीय लोगों की मदद से रोड से उठाया गया और किनारे रखा गया और इसकी सूचना पुलिस तथा परिजनों को दी रोते बिलखते परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और जोर-जोर से रोने लगे 108 एंबुलेंस से अमित कश्यप को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिलक में लाया गया जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर शव का पंचनामा भर शव पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय को भेज दिया मृतक के घर परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# रामपुर को तंबाकू मुक्त बनाने के लिए रोडवेज बस स्टैंड पर लोगों को किया जागरूक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह के दिशा निर्देशन में चलाए जा रहे तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद रामपुर को तंबाकू मुक्त बनाने के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में जिला चिकित्सालय रामपुर में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर डी के वर्मा की अध्यक्षता में जिला सलाहकार डॉ. शहजाद हसन खान द्वारा रामपुर के कव्वाल आरिफ नादान एवं साथियों सहित जन जागरूकता हेतु एवं तंबाकू से नुकसान एवं शरीर पर हानिकारक



प्रभाव की जानकारी एवं बचाव के लिए कव्वाली के कार्यक्रम का आयोजित किया गया।

जिला चिकित्सालय में आने वाले मरीजों एवं तीमारदारों को जागरूक करने हेतु यह कार्यक्रम जिला चिकित्सालय के प्रतीक्षालय में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय के डॉ. तजमुल एवं पैथोलॉजी प्रद्योत सिंह, पुलिस चौकी के सब इंस्पेक्टर मनोज कुमार एवं तंबाकू नियंत्रण टीम के रिजवान मोहम्मद खान एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के पत्रांक 5219/Admin. (B-I) Section दिनांकित 24.06.2025 के अनुपालन में जनपद न्यायालय, रामपुर में वित्तीय वर्ष 2025-2026 के लिए कैंटीन संख्या 01 के स्थान पर अस्थायी रूप से एक रोलिंग टी स्टॉल तथा एक जूस स्टॉल के ठेके की नीलामी दिनांक 31.07.2025 को अपराह्न 04:30 बजे से न्यायालय सभागार, जनपद न्यायालय, रामपुर में सम्पन्न की जायेगी। नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्तियों को मूल चरित्र प्रमाण पत्र तथा हैसियत प्रमाण पत्र के कागजात नीलामी के समय प्रस्तुत करने होंगे। निर्धारित विस्तृत शर्तें नीलामी के समय पढ़कर सुनायी जायेगी। बोली में भाग लेने वाले व्यक्ति को बोली बोलने से पूर्व रु.10,000/- की धनराशि जमा करनी होगी।

अन्य जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय केन्द्रीय नजारत, जनपद न्यायालय, रामपुर में सम्पर्क किया जा सकता है।

**दिनांक: 22-07-2025**

**(अजय कुमार दीक्षित)**
**अध्यक्ष, नीलामी समिति/विशेष न्यायाधीश (SC/STAct), रामपुर।**

# हाइवे पर हादसों में दो कांवड़ियों की मौत, 35 घायल

## जोया, रामपुर व मुरादाबाद के कांवड़ियों की दुर्घटना में मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** कांवड़ लेकर घर लौट रहे हाइवे पर कई अलग अलग हादसों में दो कांवरियों की मौत हो गयी। जबकि 35 घायल हो गये। दुर्घटना में तीन कांवरियों की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। कई घायलों को सरकारी अस्पताल जबकि कुछ को निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। हादसा बाइकों पर स्टंट करने के दौरान बताया जा रहा है।

डिडौली क्षेत्र के कस्बा जोया के मोहल्ला जाटव कॉलोनी से 24 कांवड़ियों एक जत्था रविवार रात बाइकों पर सवार होकर जल लेने के लिए बृजघाट के लिए निकला था। इस जत्थे में 22 वर्षीय बिट्टू भी शामिल था, वह छह भाईयों में चौथे नंबर का था। बताया जा रहा है कि यह जत्था देर रात कांवड़ लेकर वापस जोया लौट रहा था। क्षेत्र में गांव शहबाजपुर डोर के पास कांवड़ यात्रा मार्ग पर सामने से आ रही बाइक से बिट्टू की बाइक टक्कर हो गई। हादसे में बिट्टू की मौके पर ही मौत हो गई जबकि हादसे में अंगद समेत दो कांवड़िये गंभीर घायल हो गए। इसके अलावा रामपुर जिले के टांडा थाना क्षेत्र के गांव तारका माजरा छितरिया जागीर निवासी राजपाल भी एक हादसे में गंभीर घायल हो गए। सीएचसी से उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया, रास्ते में उनकी भी मौत हो गई। तीसरा हादसा जोया में सोत नदी पुल पर



हुआ। मुरादाबाद जिले के कटघर थाना क्षेत्र के मोहल्ला धोबी वाला मिलक में धर्मवीर सिंह का परिवार रहता है। उनका बेटा सौरभ अपने दोस्त योगेश व अवनेश के साथ बृजघाट से कांवड़ लेने जा रहा था। एक बाइक पर योगेश व सौरभ सवार थे जबकि दूसरी बाइक अवनेश चला रहा था। जैसे इनकी बाइक कांवड़ियों के लिए आरक्षित लेन पर सोत नदी पुल पर पहुंची तो सामने से आ रही कांवड़ियों की कार ने ही टक्कर मार दी। हादसे में तीनों दोस्त गंभीर घायल हो गए। पुलिस ने तीनों को तुरंत मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया, वहीं योगेश व अवनीश की हालत उपचार के बीच गंभीर बनी है। इसके अलावा हाईवे पर रविवार रात कांवड़ यात्रा रूट पर अलग-अलग जगह कई अन्य हादसे भी हुए। इनमें रामपुर जिले के शाहबाद निवासी मनवीर व विकास, मुरादाबाद के मझौला निवासी राजन सैनी, अनी सैनी, दीपांशु वर्मा, तरुण एडवोकेट व अमन, सिविल लाइंस निवासी अभिषेक ठाकुर, कटघर निवासी चरण सिंह व अमन, मैनाठेर निवासी विनोद व सुभाष, संभल जिले के बनियाठेर निवासी अभिषेक व दीपक पाल, पाकबड़ा निवासी करन, मझौला निवासी दीपांशु वर्मा, हसनपुर के मोहल्ला चकरी वाला कुआं निवासी अनमोल व राहुल यादव, बछरायूं थाना क्षेत्र के गांव सकरथली निवासी महेंद्र सिंह व संभल जिले के गांव नमपुरा निवासी दिनेश, मुरादाबाद निवासी दीपक व अजय, बरेली निवासी राहुल, धर्मेंद्र व अमन कुमार समेत 35 कांवड़िये अलग-अलग हादसों में घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि सभी हादसे कांवड़ यात्रा के लिए आरक्षित लेन पर हुए हैं। ज्यादातर हादसे कांवड़ियों के बाइक पर स्टंट करने के चलते हुए हैं।

# वाहन की चपेट में आकर पल्लेदार की मौत

## आम की गाड़ी भरने के लिए जा रहा था मृतक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** अज्ञात वाहन की टक्कर से पल्लेदार युवक की दर्दनाक तरीके से मौत हो गई। पुलिस ने लाश की शिनाख्त कराने के बाद लाश का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

नगर के मोहल्ला लालबाग पेट्रोल पंप के पीछे स्थित कॉलोनी निवासी सलीम पुत्र बनने रविवार की शाम घर से आम की गाड़ी भरने के लिए कह कर निकाला था। देर रात तक सलीम घर नहीं पहुंचा था। सोमवार की तड़के कोतवाली पुलिस को संभल हसनपुर मार्ग पर दि किसान सहकारी चीनी मिल के समीप अज्ञात युवक की लाश पड़ी होने की सूचना मिली। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गई। अज्ञात युवक की लाश खून से सनी हुई पड़ी थी। अनुमान लगाया जा रहा है कि अज्ञात वाहन ने युवक को टक्कर मारी होगी। जिससे उसकी दर्दनाक तरीके से मौत हो गई। युवक का शव जगह-जगह से फट गया था। पुलिस 6 घंटे के बाद लाश की शिनाख्त करवाने में सफल हो गई। सलीम अपने पीछे चार बच्चे व पत्नी गुलशन को रोते बिलखते छोड़ गया है। पुलिस ने लाश का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# तीन दुकानों को गिराकर भूमि समर्पित करने का ऐलान



## रामलीला विवाद पर लगा विराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** शहर की प्रतिष्ठित रामलीला भूमि विवाद पर भाजपा नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने ऐसा साहसी कदम उठाया, जिसने न केवल एक लंबे विवाद का पटाक्षेप किया, बल्कि जनआस्था की मिसाल भी कायम कर दी। पालिका अध्यक्ष ने स्वयं घोषणा की कि रामलीला मैदान के निकट स्थित अपनी तीन वैध रूप से खरीदी गई दुकानों को वे स्वयं ध्वस्त करेंगे और इस पूरी भूमि को भगवान श्रीराम को समर्पित करेंगे।

रामलीला मंच पर सर्व समाज की उपस्थिति में प्रवीण अग्रवाल ने कहा मेरी छवि को खराब करने के लिए राजनीतिक षड्यंत्र रचा गया, उन्होंने बताया कि यह दुकानें उन्होंने नियमपूर्वक खरीदी थीं लेकिन क्योंकि विवाद रामलीला भूमि को लेकर है, उन्होंने व्यक्तिगत लाभ की चिंता किए बिना यह निर्णय लिया। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि एक सप्ताह में सभी न्यायिक अड़चनें भी समाप्त कर दी जाएंगी। सभा में उपस्थित अनिल अग्रवाल, ज्ञानेंद्र उर्फ कमल, सरदार सेवा सिंह, दानवीर सिंह, हेमंत सारस्वत, शरद गर्ग, गौरव अग्रवाल, गुलाब अग्रवाल, अवनीश अग्रवाल, सुभाष देवरा, शिवराज सिंह, राजू बादशाह, राजेंद्र सिंह समेत शहर के तमाम प्रमुख गणमान्य नागरिकों ने पालिकाध्यक्ष के इस कदम की सराहना की।

# मोबाइल कंपनी पर लगाया दोगुना जुर्माना

## ऑनलाइन मोबाइल मंगाने पर निकला था पुराना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** ऑनलाइन मंगाया गया मोबाइल पुराना निकला। कंपनी ने मोबाइल वापस लेने से इनकार कर दिया। वेबसाइट से भी कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। उपभोक्ता फोरम ने कंपनी व वेबसाइट पर मोबाइल की कीमत से दोग. ुना जुर्माना लगाया है। मोबाइल की कीमत 15999 रुपये नौ प्रतिशत ब्याज के साथ एक महीने के भीतर अदा करने का आदेश दिया है। बलिया जिले के निवासी संदीप कुमार गजरौला की एमडीए कॉलोनी में रहते हैं। 27 जुलाई 2022 को उन्होंने एक मोबाइल का ऑनलाइन ऑर्डर किया था। दो हजार रुपये की छूट के ऑफर पर मोबाइल वेबसाइट के माध्यम से खरीदा था। जिसकी कीमत 17999 रुपये थी, छूट के बाद संदीप कुमार ने 15999 रुपये का भुगतान किया था। तीन अगस्त 2022 को संदीप कुमार को मोबाइल मिला, कुछ दिन बाद ही उसमें सॉफ्टवेयर की दिक्कत हो गई, लिहाजा उन्होंने मोबाइल कंपनी के सर्विस सेंटर पर संपर्क किया। इस दौरान पता चला कि मोबाइल खरीदने से पहले 28 जून 2022 को एक्टिवेट हो चुका था। शिकायतों के बीच 15 सितंबर 2023 को संदीप कुमार ने मामले में राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन नंबर पर अपनी शिकायत दर्ज कराई थी।

# किशोरी से दुष्कर्म में दो को उम्रकैद

## अदालत ने 50 हजार का जुर्माना भी लगाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** चक्की से आटा लेने गयी दलित किशोरी से बलात्कार के मामले में कोर्ट ने चक्की स्वामी व उसके दोस्त को दोषी ठहराते दोनों को उम्रकैद की सजा तथा 50 हजार रूपये का जुर्माना लगाया है।

यह 14 मई 2020 की घटना गजरौला थाना क्षेत्र के एक गांव की थी। यहां पर अनुसूचित जाति वर्ग के एक किसान का परिवार रहता है जो सब्जी बेचने का काम करता है। घटना वाले दिन किसान सब्जी की खरीद-फरोख्त के सिलसिले में कारोबारियों से बातचीत करने के लिए रामपुर गया हुआ था। वहीं, पत्नी चारा के लिए लेने खेत पर गई हुई थी। घर में उनकी 16 वर्षीय किशोरी अकेली थी जो दोपहर में करीब डेढ़ बजे गांव के ही रहने वाले सुंदर उर्फ राजीव की चक्की से आटा लेने गई थी। उसी दौरान सुंदर ने किशोरी को आटा लेने के बहाने से अंदर भेजा था, सुंदर ने अपने दोस्त विनोद के साथ वहां किशोरी के साथ रेप किया था। इतना ही नहीं विरोध करने पर मारपीट करते हुए पीड़िता को जाति सूचक शब्दों से अपमानित भी किया गया था। बाद में धमकी देकर भगा दिया था। बदहवास हालत में घर पहुंची किशोरी ने परिजनों को आपबीती बता दी थी। मामले में किसान की तहरीर पर पुलिस ने सुंदर व विनोद के खिलाफ गैंगरेप, मारपीट व एससी-एसटी एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। बाद में दोनों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया था। फिलहाल दोनों जमानत पर थे। मुकदमे की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो प्रथम की कोर्ट में चल रही थी। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक रतनलाल लोधी कर रहे थे। सोमवार को अदालत में मुकदमे की अंतिम सुनवाई हुई। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्य के आधार पर कोर्ट ने सुंदर उर्फ राजीव व विनोद को दोषी करार दिया। दोनों को उम्रकैद की सजा सुनाई तथा 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। कोर्ट ने आधी धनराशि पीड़िता को देने का आदेश दिया।

# सावन के तीसरे सोमवार को किया भगवान शिव का जलाभिषेक

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** सावन के तीसरे सोमवार को कांवड़ियों व स्थानीय शिव भक्तों ने चाक. ेश्वर धाम मंदिर सहित नगर व ग्रामीण क्षेत्र में स्थित शिवालयों में भगवान शिव का जलाभिषेक करके जीवन में सुख व स्मृद्धि का आशीर्वाद मांगा। सावन के तीसरे सोमवार को साम्र्थ्यवान लोगों ने विभिन्न स्थानों पर भंडारे आयोजित किए गए।

ब्लॉक क्षेत्र के गांव चाकीखेड़ा स्थित प्राचीन चाकेश्वर शिव मंदिर में भोर से ही कांवड़ियों और स्थानीय शिवभक्तों की पंक्तियां लगनी शुरू हो गई थीं। बम भोले के उद्घोष करते हुए भक्तों ने अपना अपना नंबर आने पर भगवान शिव का जलाभिषेक

**आस्था**

**भगवान शिव के जयकारों से गुंजित हुआ वातावरण**

किया, साथ ही दूग्ध, धतूरा, भांग, बेलपत्र आदि भी चढ़ाए। मंदिर के पास में ही स्थित 20 फिट ऊंची भगवान शिव की प्रतिमा पर भी भक्तों ने अपना शीश झुकाया और मनो. कामनाएं मांगी। यहां के अलावा नगर के इंदिरा चौक स्थित गंगा प्याऊ शिव मंदिर, चौबारा गांव स्थित प्राचीन शिव मंदिर समेत नगर व ग्रामीण क्षेत्र में स्थित शिव मंदिरों में भगवान शिव का जलाभिषेक किया। वहीं चाकेश्वर मंदिर, इंदिरा चौक स्थित गंगा प्याऊ शिव मंदिर, लक्ष्मीनगर स्थित ऋणमुक्तेश्वर महादेव शिव मंदिर पर भंडारे का आयोजन किया। ऋणमुक्तेश्वर महादेव शिव मंदिर पर पंडित देवेंद्र शर्मा प्रबंधक राजीव मित्तल, प्रीति मित्तल, तेजपाल सिंह, रीना चौधरी, निशा, अंकुर नागर, प्रिंस, दीप्ति जैन, रूपल मित्तल, रश्मि गर्ग, रमा चौधरी, सरिता देवी, सरिता जैन, मदन चौधरी आदि मौजूद रहे।



# अमरोहा को अब नगर निगम बनवाना लक्ष्य: जैन

## स्मार्ट सिटी के लिए चयनित होने पर पालिका अध्यक्ष व ईओ का सम्मान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** नगर पालिका परिषद अमरोहा को स्मार्ट सिटी के रूप में चयनित किए जाने के बाद अब इसे नगर निगम का दर्जा दिलाने की मांग उठने लगी है। इसी क्रम में सोमवार को पैगाम-ए-अमन कमेटी द्वारा आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह में चेयरमैन श्रीमती शशि जैन व अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची चेयरमैन शशि जैन ने कहा कि नगर का तेजी से हो रहा विकास, सीमाविस्तार और जनसंख्या वृद्धि अब नगर निगम की दिशा में एक स्वाभाविक कदम है। उन्होंने कहा कि जनता की मांग को देखते हुए नगर निगम का लक्ष्य निर्धारित किया गया



है और शीघ्र ही स्टाफ के साथ विचार-विमर्श कर आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार ने अमरोहा नगर की चुनौतियों और उनके समाधान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि बीते वर्षों में नगर की कई पुरानी समस्याएं जैसे जलभराव, कूड़ा निस्तारण, गंदगी, टूटी सड़कें और जलापूर्ति जैसे मुद्दों को सीमित संसाधनों के बावजूद प्राथमिकता से हल किया गया है। कार्यक्रम में पैगाम-ए-अमन कमेटी द्वारा चेयरमैन और ईओ को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही, चेयरमैन ने सभी नगरवासियों का आभार जताते हुए कहा कि उनका सहयोग और विश्वास ही उनकी प्रेरणा है। इस मौके पर मंसूर अहमद एडवोकेट, सिराजउद्दीन हाशमी, हाजी सैयद महबूब हुसैन जैदी, सैयद उवैस मुस्तफा रिजवी, कय्यूम राईनी, मुजफ्फर अंसारी, विनोद गुप्ता, अली इमाम रिजवी, कमर नकवी, मरगूब सिद्दीकी, फैज आलम राईनी, डा.शकील फहीम शाहनवाज आदि मौजूद रहे।

## जलाभिषेक को रही सुरक्षा व्यवस्था

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** कांवड़ यात्रा व तृतीय सोमवार को लेकर जिले में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहीं। सुरक्षा के लिहाज से एसपी अमित कुमार आनंद ने रविवार-सोमवार देर रात शहर के प्रसिद्ध वासुदेव मंदिर का निरीक्षण कर जलाभिषेक की तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने मंदिर परिसर, प्रमुख मार्गों, पार्किंग स्थल एवं भीड़ नियंत्रण से जुड़ी व्यवस्थाओं को देखा गया तथा मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों को सुरक्षा प्रबंधों को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। साथ ही श्रद्धालुओं की भीड़ को ध्यान में रखते हुए विशेष सतर्कता बरतने की बात कही, महिला सुरक्षा, सीसीटीवी कैमरों की सक्रियता, रूट डायवर्जन व्यवस्था, मेडिकल सहायता एवं जलपान व्यवस्था जैसे बिंदुओं पर समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को लेकर भी दिशा निर्देश दिए। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### बुलेट से पटाखे छोड़ने पर दो का चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** पुलिस द्वारा लगातार स्टंट करने के मामले में कार्रवाई की जा रही है। लेकिन युवा स्टंट करने से बाज नहीं आ रहे। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर हसनपुर कोतवाली पुलिस चेकिंग कर रही थी। चेकिंग के दौरान एक बुलेट द्वारा स्टंट एवं पटाखे छोड़ने के मामले में कोतवाली पुलिस द्वारा कोशिंदर पुत्र हुकुम सिंह एवं बॉबी पुत्र नरेंद्र निवासी मकनपुर शुमाली को गिरफ्तार किया है। वहीं कोतवाली पुलिस द्वारा बुलेट का चालान काट के दोनों आरोपियों का शांति भंग में चालान कर दिया गया।

### ट्रैक्टर से स्टंट करने वाले के खिलाफ मुकदमा




**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** युवक द्वारा ट्रैक्टर से स्टंट करने की वीडियो रविवार को सोशल मीडिया पर वायरल की थी। वीडियो वायरल होते ही कोतवाली पुलिस हरकत में आ गई।और ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर कोतवाली ले आयी। वहीं आरोपी युवक रिंकू पुत्र अतर सिंह निवासी धौलिया को पुलिस ने पकड़ लिया। कोतवाली पुलिस स्टंट करने वाले ट्रैक्टर चालान करके आरोपी रिंकू के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई कर रही है। लगातार स्टंट करने की वीडियो वायरल होने के बाद कोतवाली पुलिस कार्रवाई कर रही है। जिससे स्टंट करने वाले युवाओं में भय का माहौल है। प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार शर्मा द्वारा बताया की ट्रैक्टर से स्टैंड करने के मामले में ट्रैक्टर का चालान कर दिया गया तथा आरोपी के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### फिल्मी अंदाज में महिला व पुरूषों को कार से उतारा

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** चलती कार को फिल्मी अंदाज में रोक कर उसमें बैठी दो महिलाएं व दो पुरुषों को उतार कर अपने वाहन में बैठाकर निकल गये। लोग ठीक से भी नहीं समझ पाया कि आखिर यह माजरा क्या है। सोमवार की दोपहर करीब 12 बजे गजरौला दिशा की ओर से एक ब्रेजा कर हसनपुर को आ रही थी। तेज गति से पीछे से आ रही एक टाटा सुमो व अन्य कार ने ओवरटेक कर ब्रेजा को ब्लॉक तिराहे पर रोक लिया। जब तक कोई कुछ समझ पाता तब तक ब्रेजा कार में बैठी दो महिलाओं व दो पुरुषों को उसमें से उतार कर उन्हें अपने वाहन में बिठाया तथा गजरौला दिशा की ओर को निकल गये। बताया जाता है कि टाटा सूमो व कार से आये लोग पुलिस विभाग के थे। लेकिन सिविल वर्दी में होने के कारण लोग उन्हें समझ नहीं पा रहे थे। कोतवाल दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि ऐसा कोई मामला उनके संज्ञान में नहीं है।

## कृष्ण-सुदामा की नाटिका ने किया भावविभोर



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** बालाजी मंदिर परिसर में बालाजी महिला मंडल द्वारा हरियाली तीज उत्सव पारंपरिक उल्लास और सांस्कृतिक रंगों के साथ धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों ने सुंदर नृत्य प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। बच्चों द्वारा कृष्ण-सुदामा की भावनात्मक नाटिका ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। प्रतिभागी बच्चों को मंच पर बुलाकर पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। मेले में सरप्राइज गेम्स, तंबोला और आकर्षक सेल्फी पॉइंट मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। महिलाओं ने चाट-पकौड़ी का आनंद लिया और एक-दूसरे के साथ तीज के पारंपरिक गीतों पर झूमती नजर आईं। विशेष पोशाक और सक्रिय सहभागिता के आधार पर ममता अग्रवाल को तीज क्वीन चुना गया। महिला मंडल की अध्यक्ष सिम्मी अग्रवाल ने तीज पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व महिलाओं के सौभाग्य, प्रेम और समर्पण का प्रतीक है।आयोजन को सफल बनाने में हेमलता, रेनू अग्रवाल, नीति, अनीता वर्मा, अमिता, गीतिका, उषा, शारदा, ममता, सिंपल, ललिता और निम्मी अग्रवाल सहित महिला मंडल की सभी सदस्याओं का सराहनीय सहयोग रहा।

# अब जिला पंचायत में होंगे 26 वार्ड, एक वार्ड घटा

## अमरोहा व जोया ब्लॉक से ग्राम पंचायत के 256 और क्षेत्र पंचायत के 30 वार्ड होंगे कम

**शाह टाइम्स ब्यूरो,**

**अमरोहा।** वर्ष 2026 में होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों से पूर्व नए परिसीमन का कार्य पूरा हो चुका है। अब जिला पंचायत में 27 के स्थान पर 26 वार्ड रहेंगे और पूरे जनपद में ग्राम पंचायत के 256 और क्षेत्र पंचायत के 30 वार्ड कम होंगे। जिला पंचायत राज अधिकारी पारूल सिसौदिया ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करके इसकी सूचना दी।

बता दें कि नगर विकास विभाग द्वारा नगर पंचायत, पालि. का व नगर के सृजन की सीमा विस्तार के कारण प्रभावित जनपदों में सम्बंधित पंचायतो के वार्ड, ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत

**आगामी 2026 में होने हैं त्रिस्तरीय चुनाव**

व जिला पंचायत के वार्डों के निर्धारण हेतु परिसीमन कराया गया। प्राप्त आंकड़ो के अनुसार वर्ष 2021 में अमरोहा में ग्राम पंचायत के 1265 व क्षेत्र पंचायत के 117 सदस्य थे, अब 2025 के नए परिसीमन के तहत अमरोहा में 1152 ग्राम पंचायत के और 107 क्षेत्र पंचायत के वार्ड होंगे। इसी तरह जोया में ग्राम के 1514 और क्षेत्र पंचायत के 164 सदस्य थे जो कि अब घटकर 1371 और 144 रह जाएंगे। परिवर्तन केवल इन्हीं दो ब्लॉकों में हुआ है, इनके अलावा गजरौला ब्लॉक में 2021 और अब 2025 में ग्राम पंचायत के 1010 और क्षेत्र पंचायत के 94 सदस्य ही रहेंगे। धनौरा में भी इसी तरह ग्राम पंचायत के 1063 और क्षेत्र पंचायत के 100 सदस्य, हसनपुर में ग्राम पंचायत के 1095 और क्षेत्र पंचायत के 96 सदस्य रहेंगे। इसी तरह गंगेश्वरी में भी कोई परिवर्तन नहीं हुआ है और यहां पर वर्ष 2021 की तरह ग्राम पंचायत के 1057 और क्षेत्र पंचायत के 112 सदस्य रहेंगे। जनपद के सभी ब्लॉकों की वर्ष 2025 की जनसंख्या 13,08369 दर्शाई गई है। जिला पंचायत अमरोहा के वार्ड 2021 में जहां 27 थे तो अब 2025 में 26 वार्ड रह जाएंगे। कुल मिलाकर जिला पंचायत से एक वार्ड, क्षेत्र पंचायत से 30 और ग्राम पंचायत के 256 वार्ड कम हो जाएंगे। 29 जुलाई से 02 अगस्त तक प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों की आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी तो वहीं 03 से 05 अगस्त तक आपत्तियों का निस्तारण व 06 से 10 अगस्त तक प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों की अंतिम सूची का प्रकाशन होगा। बता दें कि कुछ समय अमरोहा नगर पालिका का विस्तार होने के बाद अमरोहा और जोया ब्लॉक के कई गांवो को उसमें सम्मिलित किया गया था। जिसके बाद नए सिरे से परिसीमन कराया गया तो नए परिसीमन के यह आंकड़े निकल कर सामने आए।

# विमेंस चेस विश्व विजेता बनीं दिव्या

- **विश्व चैंपियन बनने वाली पहली भारतीय महिला बनीं 19 साल की दिव्या देशमुख**
- **भारत की ही कोनेरू हम्पी को फाइनल में हराया, भारत की 88वीं ग्रैंडमास्टर बनीं**



**नई दिल्ली, वार्ता।** 19 साल की दिव्या देशमुख ने चेस का फिडे महिला वर्ल्ड कप जीत लिया है।

उन्होंने फाइनल में भारत की ही कोनेरू हम्पी को टाईब्रेक राउंड में हराकर खिताब जीता। वर्ल्ड चैंपियन बनने के साथ वे भारत की 88वीं ग्रैंडमास्टर भी बन गईं। टूर्नामेंट में दिव्या ने कई टॉप रैंक प्लेयर्स को हराया और फाइनल में जगह बनाई। हम्पी के खिलाफ फाइनल में दिव्या ने दोनों प्रमुख मुकाबले ड्रा खेले। जिसके बाद सोमवार को टाईब्रेक राउंड हुआ, जिसमें दिव्या ने 2.5-1.5 के स्कोर से बाजी मारी। मैच के बाद हम्पी ने कहा कि 12वीं चाल के बाद उन्हें समझ नहीं आया कि अब क्या करना है। हालांकि, 54वीं चाल में दिव्या ने जरूरी बढ़त हासिल कर ली। जिसके बाद हम्पी ने रिजाइन कर दिया और दिव्या को जीत मिली।

फिडे विमेंस वर्ल्ड कप जीतने पर दिव्या को लगभग 42 लाख रुपए मिलेंगे। वहीं वर्ल्ड कप (ओपन सेक्शन) के विजेता को लगभग 91 लाख मिलते हैं। वर्ल्ड चैंपियन बनने के साथ अगले साल के विमेंस कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए भी क्वालिफाई कर लिया। वे इस टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई करने वाली दूसरी ही भारतीय बनीं। कोनेरू हम्पी ने भी फाइनल में जगह बनाने के साथ कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई कर लिया। दिव्या वर्ल्ड चैंपियन बनने के बाद दिव्या देशमुख ने मां को गले लगाया। मां से मिलते ही वे इमोशनल हो गईं और उनकी आंखों से आंसू छलक आए। सेमीफाइनल में पूर्व वर्ल्ड चैंपियन तान झोंगयी को हराने के बाद दिव्या अपने इमोशंस पर कंट्रोल नहीं कर पाई थीं। महाराष्ट्र की दिव्या ने सेमीफाइनल में पूर्व विश्व चैंपियन चीन की तान झोंगयी को 1.5-0.5 से हराया से। दिव्या ने पहले गेम में सफेद मोहरों से खेलते हुए 101 चालों में शानदार जीत हासिल की। उन्होंने बीच गेम में लगातार दबाव बनाकर झोंगयी को गलतियां करने पर मजबूर किया। क्वीन की अदला-बदली के बाद भी दिव्या की स्थिति मजबूत थी, हालांकि झोंगयी ने एक समय वापसी की कोशिश की और बढ़त ले ली, लेकिन समय की कमी में झोंगयी ने गलत चाल चली, जिसका फायदा उठाकर दिव्या दो प्यादों की बढ़त के साथ जीत हासिल करने में सफल रहीं। पहले गेम में काली मोहरों से खेलते हुए दिव्या ने संतुलित रणनीति अपनाई और गेम ड्रा कराया था। झोंगयी ने 'क्वीन्स गैम्बिट डिक्लाइन्ड' ओपनिंग से शुरुआत की, जिसमें दिव्या ने मोहरों की अदला-बदली के साथ संतुलन बनाए रखा। अंत में दोनों के पास एक-एक हाथी, एक-एक छोटा मोहरा (ऊंट/घोड़ा), और तीन-तीन प्यादे एक ही हिस्से में थे, जिसके कारण गेम ड्रा रहा।

# चोटिल ऋषभ पंत टेस्ट सीरीज से हुए बाहर, एन जगदीशन को टीम में जगह



**मैनचेस्टर, वार्ता।** स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ चल रही टेस्ट सीरीज से बाहर हो गये है। पांचवें और आखिरी टेस्ट मैच के लिए तमिलनाडु के विकेटकीपर बल्लेबाज एन जगदीशन को भारतीय टीम में शामिल किया गया है। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने चोटिल पंत के पांचवें टेस्ट में खेलने की अटकलों को विराम देते हुए कहा कि ऋषभ पहले ही सीरीज से बाहर हो चुके हैं।

उन्होंने पंत के बेजोड़ धैर्य और जज्बे की भी तारीफ करते हुए उनके अविस्मरणीय पल को याद किया जब पंत ने पैर में फ्रैक्चर के बावजूद बल्लेबाजी की थी। उन्होंने कहा कि पंत ने टीम और देश के लिए जो किया है, उसके बारे में पीढ़ियां बात करेंगी। टूटे पैर के साथ बल्लेबाजी करना बहुत कम लोगों ने किया है। उनकी जितनी भी तारीफ की जाए, वह उनके साहस के साथ न्याय नहीं कर पाएगी। पांचवें टेस्ट मैच से पहले जगदीशन मंगलवार को लंदन पहुंच जाएंगे और भारतीय टीम के साथ जुड़ेंगे। जगदीशन काफी समय से भारत ए के सेटअप का हिस्सा रहे हैं। रणजी ट्रॉफी के लगातार दो सीज़न में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया है। 2023-24 में जहां उन्होंने 13 पारियों में 74-18 की औसत से 816 रन बनाए थे। जबकि अगले सीज़न यानी 2024-25 में जगदीशन ने 56-16 की औसत से 674 रन बनाए थे जिसमें दो शतक और पांच अर्द्धशतक शामिल है। जगदीशन का 2016 में प्रथम श्रेणी में पदार्पण करने के बाद से एक शानदार घरेलू रिकॉर्ड रहा है। उन्होंने प्रथम श्रेणीय क्रिकेट में 79 पारियों में 47-50 की औसत से 10 शतक और 14 अर्द्धशतकों के साथ 3373 रन बनाए हैं, जिसमें जनवरी 2024 में चंडीगढ़ के खिलाफ 321 रन की पारी शामिल है जोकि उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### एफआईएसयू विवि खेलों में 12 पदकों के साथ भारत का अभियान समाप्त

**जर्मनी, वार्ता।** महिलाओं की रेस वॉक टीम ने कांस्य पदक और ओलंपियन अंकिता ध्यानी ने महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज में रजत पदक अपने नाम किया। इसके साथ भारत ने 12 पदकों के साथ एफआईएसयू विश्व विश्व विद्यालय खेल 2025 में अपना अभियान का समापन किया। जर्मनी में रविवार को समाप्त हुए टूर्नामेंट के आखिरी दिन का पहला पदक महिलाओं की 20 किमी रेस वॉक स्पर्धा में मिला। इस स्पर्धा में भारतीय टीम सेजल अनिल सिंह, मुनिता प्रजापति और मानसी नेगी ने कुल समय 4:56:06 के साथ कांस्य पदक जीता। सेजल अनिल सिंह सबसे तेज भारतीय रेस वॉकर रहीं, जिन्होंने 1:35:21 समय के साथ 15वां स्थान हासिल किया। मुनिता प्रजापति 1:39:33 समय के साथ 18वें और मानसी नेगी 1:41:12 समय के साथ 20वें स्थान पर रहीं। महिलाओं की इस 20 किमी रेस वॉक स्पर्धा में चीन ने 4:28:51 के समय के साथ स्वर्ण पदक, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने 4:31:20 समय में दौड़ पूरी कर रजत पदक हासिल किया।

### यूपीओए पेश करेगा नेशनल यूथ गेम्स के लिए दावेदारी

**लखनऊ, वार्ता।** उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन (यूपीओए) ने उत्तर प्रदेश में नेशनल यूथ गेम्स के पहले संस्करण की मेज़बानी के लिए कमर कस ली है। एसोसिएशन के महासचिव डा. आनन्देश्वर पाण्डेय ने आयोजित वार्षिक साधारण सभा के बाद यह जानकारी देते हुए कहा कि आयोजन की कार्ययोजना तैयार कर भारतीय ओलंपिक संघ को इस बारे में प्रस्ताव भेजा जाएगा। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के चेयरमैन बृजेश पाठक ने की। उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सूचीबद्ध खेलों के उत्कृष्ट खिलाड़ियों की सूची बनाकर उनकी ज़रूरतों को समझा जाए और आवश्यक सहयोग सुनिश्चित किया जाए।

### कौशल हांगकांग की क्रिकेट टीम के मुख्य कोच नियुक्त

**हांगकांग, वार्ता।** श्रीलंका के पूर्व टेस्ट क्रिकेटर कौशल सिल्वा को हांगकांग पुरुष क्रिकेट टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया है। क्रिकेट हांगकांग के अध्यक्ष बुर्जी श्रॉफ ने कहा कि बोर्ड की योजनाओं के अनुरूप यह नियुक्ति की गई है। उन्होंने कहा कि प्रतिभाओं को निखारने और विकसित करने के प्रति कौशल का समर्पण हांगकांग में क्रिकेट के भविष्य के लिए हमारे दृष्टिकोण के अनुरूप है। हमारा मानना है कि उनके मार्गदर्शन में हम न केवल अपनी प्रतिस्पर्धी स्थिति को ऊँचा उठा सकते है।

# टेस्ट मैचों में होना चाहिए इंजरी रिप्लेसमेंट का नियम: गौतम गंभीर

**मैनचेस्टर, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने टेस्ट क्रिकेट में चोटिल खिलाड़ियों के बदले सब्स्टीट्यूट खिलाड़ियों को एकादश में शामिल करने की मांग का समर्थन करते हुए कहा है कि टेस्ट इंजरी रिप्लेसमेंट का नियम होना चाहिए।

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने इस विचार को 'हास्यास्पद' बताया है। गंभीर ने कहा कि बिलकुल, मैं इसके पूरी तरह पक्ष में हूं। अगर अंपायर और मैच रेफरी को लगे कि यह गंभीर चोट है, तो मुझे लगता है कि यह बेहद आवश्यक है। ऐसे नियम होने चाहिए कि आप किसी और को विकल्प के तौर पर एकादश में ला सकें, बशर्ते यह स्पष्ट रूप से दिख रहा हो। इसमें कुछ भी गलत नहीं है, विशेषकर ऐसी



- **अगर अंपायर और मैच रेफरी को लगे कि यह गंभीर चोट है तो यह नियम बेहद आवश्यक है**

सीरीज में जो पहले तीन टेस्ट में बेहद करीबी रही है। सोचिए अगर हमें 10 खिलाड़ियों के साथ 11 के खिलाफ खेलना पड़ता, तो यह हमारे लिए कितना दुर्भाग्यपूर्ण होता। स्टोक्स ने कहा कि मुझे लगता है कि यह बिल्कुल हास्यास्पद है कि चोट के विकल्प को लेकर कोई बातचीत चल रही है। इसमें बहुत सी कमियां होंगी, जिनसे टीमें इसका फायदा उठा सकती हैं। आप जो एकादश चुनते हैं, वही खेलनी चाहिए। चोट खेल का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि मैं पूरी तरह से कनकशन विकल्प को समझता हूं क्योंकि यह खिलाड़ी की सुरक्षा से जुड़ा है। लेकिन मुझे लगता है कि चोट के विकल्प पर बातचीत को यहीं रोक देना चाहिए। अगर आप मुझे एमआरआई में भेज दें, तो मैं किसी और को तुरंत एमआरआई मशीन में भेज सकता हूं। जिसमें दिख जाएगा कि घुटने में हल्की सूजन है और फिर टीम कहेगी हमें नया गेंदबाज मिल सकता है। इसलिए यह बातचीत अब बंद होनी चाहिए।

# मुर्मू-मोदी ने दिव्या देशमुख को बधाई दी





**नई दिल्ली, वार्ता।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख को फिडे महिला विश्व कप जीतने तथा कोनेरू हम्पी को उपविजेता बनने के लिए बधाई दी है।

उल्लेखनीय है कि दिव्या ने सोमवार को हमवतन ग्रैंडमास्टर कोनेरू हंपी को हराकर फिडे महिला विश्व कप का खिताब अपने नाम कर लिया है। दिव्या फिडे महिला विश्व कप जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गयी है। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पर अपने बधाई संदेश में कहा कि दिव्या देशमुख को मेरी हार्दिक बधाई, जो फिडे महिला विश्व कप जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं, वह भी मात्र उन्नीस वर्ष की आयु में। कोनेरू हम्पी उपविजेता रहीं, और शतरंज विश्व चैंपियनशिप की दोनों फाइनलिस्ट भारत से थीं। यह हमारे देश में विशेषकर महिलाओं में, प्रतिभा को दर्शाता है। मैं कोनेरू हम्पी की सराहना करती हूं जिन्होंने अपने शानदार करियर के दौरान उत्कृष्टता बनाए रखी है। मुझे विश्वास है कि ये दोनों महिला चैंपियन और भी गौरव हासिल करेंगी और हमारे युवाओं को प्रेरित करेंगी। श्री मोदी ने अपने संदेश में कहा कि दो उत्कृष्ट भारतीय शतरंज खिलाड़ियों का एक ऐतिहासिक फ़ाइनल। युवा दिव्या देशमुख के फिडे महिला विश्व शतरंज चैंपियन 2025 बनने पर गर्व है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए उन्हें बधाई, जो कई युवाओं को प्रेरित करेगी। कोनेरू हम्पी ने भी पूरी चैंपियनशिप में अपार कौशल का प्रदर्शन किया है। दोनों खिलाड़ियों को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं।

### साय ने शतरंज खिलाड़ी दिव्या व कोनेरू को दी बधाई

**रायपुर, वार्ता।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अंतर्राष्ट्रीय शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख व कोनेरू हम्पी को बधाई देते हुए कहा कि महिला शतरंज विश्व कप-2025 का फाइनल भारत के लिए गर्व का क्षण था। साय ने एक्स पर ट्वीट कर बधाई देते हुए कहा कि शतरंज की बिसात पर भारत की बेटियों ने रचा इतिहास। महिला शतरंज विश्व कप-2025 के फ़ाइनल में भारत के लिए यह गर्व का क्षण था, जब भारत की बेटियाँ आमने-सामने रहीं। प्रतियोगिता में दिव्या देशमुख ने खिताब अपने नाम किया, वहीं कोनेरू हम्पी प्रतियोगिता की रनरअप बनी। यह केवल एक मैच नहीं था बल्कि यह एक नए भारत की तस्वीर थी, जहाँ बेटियाँ न सिर्फ सपने देखती हैं बल्कि उन्हें पूरी दुनिया के सामने साकार भी करती हैं।

# रवींद्र जडेजा और सुंदर शतक पूरा करने के हकदार थे: गिल

- **एक टीम के तौर पर इस सीरीज ने हमें काफी कुछ सिखाया है: भारतीय कप्तान शुभमन गिल**

**मैनचेस्टर, वार्ता।** भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि रवींद्र जडेजा और वॉशिंगटन सुंदर अपना-अपना शतक पूरा करने के हकदार थे। चौथा टेस्ट मैच ड्रा समाप्त होने के बाद संवाददाता सम्मेलन में गिल ने कहा कि पांचवें दिन भारत की पारी के 138 ओवर पूरे होने के बाद जब जडेजा (89) और वॉशिंगटन सुंदर (80) शतक के करीब थे तब इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने भारत से ड्रॉ के बारे में पूछा था लेकिन तब ड्रेसिंग रूम से यह संदेश भेजा गया कि दोनों बल्लेबाज खेलना जारी रखें। गिल ने कहा कि शुरुआती दो विकेट खोने के बाद इस तरह का प्रदर्शन अविश्वसनीय है। जडेजा और वॉशिंगटन दोनों ही शतक के करीब थे इसलिए हमने सोचा कि वह दोनों ही शतक डिजर्व करते हैं। उन्होंने कहा कि हर टेस्ट मैच आपको कुछ ना कुछ सिखाता है, एक टीम के तौर पर इस सीरीज ने हमें काफी कुछ सिखाया है। उम्मीद है कि हम अगला मैच जीतकर सीरीज ड्रॉ कराने में सफल होंगे। भारतीय कप्तान ने कहा कि यह मायने नहीं रखता कि आपने अतीत में कितने रन बनाए हैं।

# अंतिम टेस्ट में जैमी इंग्लैंड टीम में शामिल



**मैनचेस्टर, वार्ता।** भारत के खिलाफ चल रही टेस्ट सीरीज के पाँचवें मैच के लिए इंग्लैंड ने सोमवार को ऑलराउंडर तेज गेंदबाज जैमी ओवर्टन को 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया है। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने आज बताया कि जोफ्रा आर्चर, क्रिस वोक्स, जॉश टंग, गस एटलकसन और ब्रायडन कार्स के साथ जैमी ओवर्टन में छठे मुख्य तेज गेंदबाज होंगे। ओवरटन को टीम में शामिल करने का निर्णय कप्तान बेन स्टोक्स के इस बयान के बाद आया है कि इंग्लैंड को अंतिम मैच से पहले नए खिलाड़ियों की आवश्यकता है। ओवरटन ने तीन साल पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने करियर में अब तक केवल एक ही टेस्ट खेला है। पांचवां टेस्ट मैच 31 जुलाई से ओवल में शुरू होगा। ओल्ड ट्रैफर्ड में रविवार को ड्रॉ रहे चौथे टेस्ट के बाद इंग्लैंड फिलहाल सीरीज में 2-1 से आगे है। इंग्लैंड की 15 सदस्यीय टीम इस प्रकार है:- बेन स्टोक्स (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, जैकब बेथेल, हैरी ब्रुक, ब्रायडन कार्स, जैक क्रॉली, लियाम डॉसन, बेन डकेट, जैमी ओवर्टन, ओली, रूट, जेमी स्मिथ जॉश टंग व क्रिस वोक्स।

### इंग्लैंड की महिला टीम ने जीता यूरो कप का खिताब

**स्विट्जरलैंड, वार्ता।** इंग्लैंड ने विश्व चैंपियन स्पेन को पेनल्टी शूट आउट में 3-1 से हराकर लगातार दूसरी बार महिला यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप (यूरो कप) 2025 का खिताब अपने नाम किया। रविवार को खेले गये रोमांचक फाइनल मुकाबले के पहले हाफ में स्पेन की मारियोना काल्डेंटे ने 25वें मिनट में गोलकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इंग्लैंड की अलेसिया रूसो ने 57वें मिनट में गोलकर स्कोर 1-1 से बराबरी पर ला दिया। इसके बाद अतिरिक्त समय में भी स्कोर बराबर रहने पर मैच में निर्णय के लिए पेनल्टी शूट आउट का सहारा लिया गया। शूटआउट में इंग्लैंड की गोलकीपर हन्ना हैम्पटन ने दो शानदार बचाव किए। इस जीत के साथ ही इंग्लैंड ने स्पेन से विश्व कप 2023 के फाइनल में मिली हार का बदला ले लिया।

### धीमी ओवर गति के लिए वेस्टइंडीज पर लगा मैच फीस का 10 %जुर्माना

**बासटेयर, वार्ता।** वेस्टइंडीज की टीम पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टी-20 मुकाबले में धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया है। वेस्टइंडीज को 26 जुलाई को खेले गए चौथे टी-20 मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ धीमी ओवर गति के उल्लंघन का दोषी पाया गया।

वेस्टइंडीज ने आईसीसी आचार संहिता 2-22 का उल्लंघन किया। उसने तय समय में दो ओवर कम फेंके। कप्तान शाई होप ने आईसीसी मैच अधिकारियों द्वारा प्रस्तावित जुर्माना स्वीकार कर लिया। इसलिए इस पर औपचारिक सुनवाई की आवश्यकता नहीं है।

# मैनचेस्टर टेस्ट: गिल के नाम दर्ज हुए पांच रिकॉर्ड



- **चार शतक लगाकर ब्रैडमैन व गावस्कर की बराबरी की, सीरीज में 722 रन बनाने वाले पहले भारतीय**
- **ओल्ड ट्रैफर्ड में भारत ने हारा हुआ चौथा टेस्ट ड्रा करा लिया, टीम ने दूसरी पारी 143 ओवर बैटिंग की**

**मैनचेस्टर, वार्ता।** मैनचेस्टर टेस्ट में रिकाड्र्स का दिन शुभमन गिल और रवींद्र जडेजा के नाम रहा। गिल इंग्लैंड के खिलाफ एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बैटर बने। वे डेब्यू टेस्ट सीरीज में 4 शतक लगाने वाले पहले कप्तान भी बने। बतौर कप्तान किसी टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में गिल ने सुनील गावस्कर और सर डान ब्रैडमैन की बराबरी की। वहीं रवींद्र जडेजा इंग्लैंड में नंबर-6 या उससे नीचे बल्लेबाजी करते हुए दो टेस्ट शतक लगाने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने। ओल्ड ट्रैफर्ड में भारत ने हारा हुआ चौथा टेस्ट ड्रा करा लिया। टीम ने दूसरी पारी में 143 ओवर बैटिंग की। भारत से शुभमन गिल, रवींद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर ने शतक लगाया। पहली पारी में भारत ने 358 और इंग्लैंड ने 669 रन बनाए थे। भारत ने दूसरी पारी में 4 विकेट के नुकसान पर 425 रन बनाए। शुभमन गिल बतौर कप्तान टेस्ट सीरीज में 700+ रन बनाने वाले नौवें बल्लेबाज बने। उनसे पहले सर डान ब्रैडमैन (दो बार), सर गारफील्ड सोबर्स, ग्रेग चौपल, सुनील गावस्कर, डेविड गावर, ग्राहम गूच और ग्रीम स्मिथ यह कारनामा कर चुके हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ बतौर कप्तान 722 रनों के साथ सर गारफील्ड सोबर्स के रिकॉर्ड की बराबरी की। रवींद्र जडेजा ने इस सीरीज में अब तक 5 बार 50 या उससे ज्यादा रन बनाए हैं। यह इंग्लैंड में किसी टेस्ट सीरीज में नंबर 6 या उससे नीचे बल्लेबाजी करने वाले खिलाड़ी द्वारा संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा 50+ स्कोर हैं। उन्होंने यह उपलब्धि सर गैरी सोबर्स के 1966 में बनाए गए रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए हासिल की है। रवींद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर के बीच हुई यह शतकीय साझेदारी मौजूदा चार टेस्ट मैचों में भारत की 10वीं शतकीय साझेदारी रही। यह किसी भी टेस्ट सीरीज में भारत की दूसरी सबसे ज्यादा 100+ रन की साझेदारियां हैं। इससे पहले भारत ने 1978/79 में वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सीरीज में 11 शतकीय साझेदारियां की थीं। रवींद्र जडेजा के इस टेस्ट सीरीज में 5 अर्द्धशतक (50+ स्कोर) हो चुके हैं। नंबर 6 या उससे नीचे बल्लेबाजी करते हुए यह किसी भी भारतीय बल्लेबाज द्वारा टेस्ट सीरीज (घरेलू या विदेशी) में सबसे ज्यादा 50+ स्कोर हैं। उन्होंने वीवीएस लक्ष्मण की बराबरी की है, जिन्होंने 2002 के वेस्टइंडीज दौरे में इतने ही 50+ स्कोर बनाए थे। वाशिंगटन सुंदर ने अपने टेस्ट करियर का पहला शतक लगाया। यह भारत की ओर से इस टेस्ट सीरीज में 11वीं सेंचुरी है। इससे पहले वेस्टइंडीज के खिलाफ, 1978/79 की घरेलू सीरीज में भारत ने 11 सेंचुरी लगाई थीं। किसी टेस्ट सीरीज में पहली बार ऐसा हुआ जब भारत के चार बल्लेबाजों ने 400+ रन बनाए। शुभमन गिल, केएल राहुल, ऋषभ पंत, रवींद्र जडेजा ने ऐसा किया। ओल्ड ट्रैफ्ड में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने वाली टीम कभी टेस्ट नहीं जीत पाई है। टीम को इसमें 3 बार हार मिली और 9 बार मैच ड्रा हुआ। भारत ने अब तक दो बार ऐसे मौकों पर टेस्ट मैच बचाया है जब उसे पहली पारी में 300 या उससे ज्यादा रन की बढ़त का सामना करना पड़ा हो।

# जडेजा 30 से अधिक विकेट व एक हजार से अधिक रन बनाने वाले तीसरे विदेश खिलाड़ी बने



**मैनचेस्टर, वार्ता।** भारतीय ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने किसी एक देश में आज एक हजार से अधिक रन और 30 से अधिक विकेट लेने वाले तीसरे खिलाड़ी बनने का गौरव हासिल किया। एक हजार से अधिक रन और 30 विकेट लेने वाले विदेशी खिलाड़ियों की सूची में भारतीय ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा का नाम भी शामिल हो गया। यहां चौथे टेस्ट मैच की दूसरी पारी में कप्तान शुभमन गिल के आउट होने के बाद बल्लेबाज करने आये जडेजा ने इंग्लैंड के खिलाफ बल्लेबाजी करते हुए यह उपब्लधि हासिल की। वेस्टइंडीज के गैरी सोबर्स, इंग्लैंड में 1820 रन और 62 विकेट लेकर इस मामले में शीर्ष पर है। इस मामले में इंग्लैंड के विल्फ्रेड रोड्स ऑस्ट्रेलिया में 1032 रन और 42 विकेट के साथ दूसरे स्थान पर है।

# सम्पादकीय

मंगलवार, 29 जुलाई 2025

## ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा

सप्ताहभर गतिरोध के बाद आखिरकार सोमवार को लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर को लेकर चर्चा हुई। चर्चा में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने जहां सरकार की तरफ से मोर्चा संभाला, तो वहीं विपक्ष की तरफ से कांग्रेस के उप नेता गौरव गोगोई ने विशेष रूप से मोर्चा संभाला। चर्चा में भाग लेते हुए रक्षा मंत्री ने साफ किया कि ऑपरेशन सिंदूर किसी के दबाव में नहीं रोका गया। जबकि विपक्ष इस तरह का आरोप लगाता रहा है कि ऑपरेशन सिंदूर को किसी के दबाव में रोका गया है। राजनाथ सिंह ने स्पष्ट किया है कि हमने सभी ऑपरेशन के लक्ष्य तय समय में हासिल किए और यह सारी प्रक्रिया आतंकवाद के खिलाफ हमारी जीरो टॉलरेंस की नीति का हिस्सा है और हम इससे पीछे हटने वाले नहीं हैं।

मतलब साफ है कि अगर भविष्य में इस तरह के हालात पैदा होते हैं, तो भारत इस तरह की कार्रवाई करने में हिचकिचाएगा नहीं। रक्षा मंत्री ने यह भी साफ किया है कि भारत का इरादा कोई युद्ध लड़ने का नहीं था, बल्कि आतंकियों के ढांचे को नेस्तनाबूद करना था, जिसको हमारी सेना ने 22 मिनट में हासिल कर लिया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने युद्ध रो. कने को लेकर कहा कि पाक की तरफ से सैन्य अभियान महा. निदेशक के स्तर पर संपर्क का आग्रह किया गया था। जिसमें कार्रवाई रोकने की बात कही गई थी। भारत ने यह पेशकश इस शर्त के साथ स्वीकार कर ली थी कि यह अभियान सिर्फ रोका जा रहा है और भविष्य में कोई दुस्साहस हुआ तो अभियान फिर प्रारंभ होगा।

उन्होंने विपक्ष की इस बात को लेकर भी आलोचना की कि वह गैर जिम्मेदाराना सवाल उठाता रहा है, जिसमें भारत के कितने विमान गिरे यह सवाल भी है। इस पर राजनाथ सिंह ने कहा कि यह सवाल राष्ट्रीय भावनाओं का सही प्रतिनिधित्व नहीं करता। जब लक्ष्य बड़े हों, तो छोटे मुद्दे पर सवाल नहीं किए जाते। विदेश मंत्री जयशंकर ने भी ऑपरेशन सिंदूर चर्चा पर हिस्सा लेते हुए कहा कि भारत और पाक के बीच किसी ने मध्यस्थता नहीं की। जाहिर है, ऐसा कहकर वह अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को ही आयना दिखा रहे थे, जो बार-बार युद्ध रोकने का श्रेय लेने की कोशिश करते रहे हैं। जयशंकर ने यह भी बताया कि पहलगाम आतंकी घटना के बाद किस तरह के कदम पाक के विरुद्ध उठाए गए। विपक्ष की तरफ से गौरव गोगोई ने चर्चा में भाग लेते हुए सरकार पर कई सवाल दागे। पहला सवाल तो उनका यही था कि आखिर आतंकवादी भारत की धरती पर कैसे आए और वह एक घंटा तक घटना स्थल पर कैसे रहे। फिर वह कहां गायब हो गए। सौ दिन गुजर जाने के बाद भी आज तक उनके बारे में सरकार के पास कोई जानकारी नहीं है। न ही उनकी जानकारी सरकार के पास है जिन्होंने आतंकवादियों की मदद की। सवाल माकूल भी है, जब तक आतंकवादी पकड़े नहीं जाते, तब तक भ्रम की स्थिति बनी ही रहेगी। साथ ही गोगोई का यह भी कहना था कि सरकार को बताना चाहिए कि जब पाकिस्तान घुटनों पर आ गया तो उसके साथ क्या डील हुई, उन्होंने तो यह भी पूछा कि आखिर ऐसी क्या मजबूरी थी जिससे युद्ध को रोका गया।

### परीक्षा में रिजल्ट की अहमियत होती है



ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमने आतंकियों को उनके घर में घुसकर मारा, सेना ने आतंकियों से हमारी माताओं-बहनों के सिंदूर का बदला लिया, हमारा मकसद आतंकी ठिकाने तबाह करना था और सेनाओं ने अपना लक्ष्य हासिल किया, हमने किसी के दबाव में पाकिस्तान से सीजफायर नहीं किया, विपक्ष पूछ रहा है कि युद्ध में हमारे कितने फाइटर जेट गिरे, उन्होंने यह नहीं पूछा कि हमारे सशस्त्र बलों ने दुश्मनों के कितने जेट गिराए, परीक्षा में रिजल्ट की अहमियत होती है, कितनी पेंसिल टूटी या पेन गुमे, यह पूछना बेईमानी है, ऑपरेशन सिंदूर के सभी लक्ष्य तय समय में हासिल कर लिए गए थे।

**-राजनाथ सिंह**
**रक्षा मंत्री**

# संवादहीन संसद में सहमा लोकतंत्र और सत्ता का एकालाप





**वीरेश तरार**

**बहस करने की बजाय, संसद को कुशलता से चलाने की बजाय, सांसदों को निष्कासित कर देना संसदीय गरिमा का अपमान है। यह परंपरा नहीं, अराजकता है और तो और, एक ऐतिहासिक विस्मृति के रूप में यह घटना भी दर्ज हुई कि भारत के उपराष्ट्रपति, जो राज्यसभा के सभापति भी होते हैं, उनके खिलाफ विपक्ष ने अविश्वास प्रस्ताव लाने की घोषणा की। यह इस बात का संकेत है कि संसद के उच्च सदन में भी अब असहमति के लिए कोई सम्मान नहीं बचा।**

भारत का लोकतंत्र बहुमत से नहीं, संवाद से चलता है। संसद केवल बहुमत की गिनती का मंच नहीं, बल्कि विचारों की परख, नीतियों की बहस और जनमत की अभिव्यक्ति का पवित्र स्थल है, किन्तु दुर्भाग्यवश, बीते कुछ वर्षों में यह देखा गया है कि बहुमत के अहंकार ने संवाद की संस्कृति को हाशिए पर डाल दिया है। न सत्तापक्ष सुनना चाहता है, न विपक्ष को बोलने दिया जाता है। संसद की कार्यवाही सुचारू नहीं, बल्कि रणनीतिक बन गई है, जहां विपक्ष की हर आलोचना देशद्रोह का पर्याय बना दी जाती है, और बहुमत का हर निर्णय अंतिम सत्य मान लिया जाता है। भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित नेहरू ने संसद को एक ऐसा मंच माना जहां उन्हें आलोचना सुननी हो, तो वे पूरे धैर्य से सुनें। प्रत्यक्षम् किम् प्रमाणम् , प्रचंड बहुमत होते हुए भी विपरीत विचारधारा और मुखर वक्तव्य शैली के साथ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उन्होंने ना केवल अपने मंत्रीमंडल में शामिल किया वरन् उनकी कही बातों का संज्ञान भी लिया। एक बार जब राममनोहर लोहिया ने बेहद तीखी भाषा में सरकार की नीतियों की आलोचना की, तो नेहरू ने उन्हें बोलने से नहीं रोका, बल्कि कहा कि आलोचना लोकतंत्र का प्राण है। अगर मैं आलोचना नहीं सुन सकता, तो मुझे यहां नहीं होना चाहिए। यह कथन न केवल उनकी राजनीतिक परिपक्वता दर्शाता है, बल्कि उस समय की लोकतांत्रिक संस्कृति से हमारा परिचय भी कराता है, लेकिन वर्तमान समय में संसद में जो दृश्य देखने को मिलते हैं, वे लोकतंत्र के लिए चिंता का कारण बनते जा रहे हैं। जिस संसद को सरकार और विपक्ष मिलकर चलाते हैं, वह अब टकराव का अखाड़ा बनती जा रही है।

सत्तापक्ष संवाद की बजाए, संख्याबल पर निर्भर हो गया है और विपक्ष अपने अधिकारों के लिए आंदोलन करने को विवश है। इस प्रक्रिया में सबसे अधिक नुकसान उस लोकतंत्र को हो रहा है जिसे जनता ने अपने मत से चुना था। इसी संदर्भ में तीन कृषि कानूनों का प्रसंग हमारे सामने एक जीवंत उदाहरण के रूप में खड़ा है। बिना पर्याप्त बहस, बिना किसी संसदीय समिति में भेजे और बिना विपक्ष की सहमति या जन-संवाद के, तीन महत्वपूर्ण कानून संसद में पारित कर दिए गए। जिनका सीधा असर देश के लगभग पचास प्रतिशत किसानों पर पड़ना था, उनकी आवाज तक को न सुना गया। न कोई संसद में विस्तृत बहस हुई, न किसानों के संगठनों को विश्वास में लिया गया। परिणाम यह हुआ कि देश के किसान एक वर्ष से अधिक समय तक सड़कों पर रहे, सैकड़ों जानें गईं, और अंततः सरकार को कानून वापस लेने पड़े। यह केवल नीति की हार नहीं थी, यह संवादहीन शासन के पतन का प्रतीक था। इसी दौर में संसद के अंदर और बाहर कई ऐसी घटनाएं हुईं जिन्होंने लोकतंत्र की नींव को झकझोर दिया। कई बार विपक्ष के सांसदों को सदन से निलंबित कर दिया गया। केवल इसलिए कि उन्होंने अपनी बात रखने की कोशिश की।

बहस करने की बजाय, संसद को कुशलता से चलाने की बजाय, सांसदों को निष्कासित कर देना संसदीय गरिमा का अपमान है। यह परंपरा नहीं, अराजकता है और तो और, एक ऐतिहासिक विस्मृति के रूप में यह घटना भी दर्ज हुई कि भारत के उपराष्ट्रपति, जो राज्यसभा के सभापति भी होते हैं, उनके खिलाफ विपक्ष ने अविश्वास प्रस्ताव लाने की घोषणा की। यह इस बात का संकेत है कि संसद के उच्च सदन में भी अब असहमति के लिए कोई सम्मान नहीं बचा। यह लोकतंत्र की सेहत के लिए खतरनाक संकेत है। संसद के इतिहास में ऐसा भी समय रहा है जब इंदिरा गांधी की सरकार ने आपातकाल लागू कर देश की संवैधानिक संस्थाओं को लगभग ठप कर दिया। संविधान संशोधन के माध्यम से ऐसा बदलाव लाया गया जिसने संविधान की आत्मा को ही झकझोर दिया। उस समय भी संसद को महज एक औपचारिक मुहर बना दिया गया। लेकिन जनता ने इसका जवाब दिया और आपातकाल के बाद के चुनावों में लोकतंत्र की पुनर्स्थापना हुई।

उसी प्रकार जब अटल बिहारी वाजपेई प्रधानमंत्री थे, तब उन्होंने विपक्ष को हमेशा सुना। बहुमत न होने के बावजूद, उन्होंने संवाद को कभी छोड़ा नहीं। विपक्ष के संशोधन प्रस्तावों को गंभीरता से लिया गया, नीतियों में समावेश किया गया। मनमोहन सिंह, सोमनाथ चटर्जी जैसे विपक्षी नेताओं की बातें ध्यान से सुनी जाती थीं। संसद में बहस होती थी, तीखी आलोचना होती थी, पर लो. कतंत्र चलता था। संसद, संसद की तरह चलती थी। आज उस परंपरा का पतन हो रहा है। संसद का मानसून सत्र कई बार बिना किसी कार्यवाही के समाप्त हो जाता है क्योंकि विपक्ष को बोलने नहीं दिया जाता या विपक्ष केवल वाकआउट तक सीमित रह जाता है। विधेयक बिना चर्चा पारित हो जाते हैं। संसदीय समितियों का महत्व कम हो गया है। विधाई प्रक्रिया में जनता की भागीदारी लगभग समाप्त हो चुकी है। आज जरूरत है उस संस्कृति की पुनः स्थापना की, जहां बहस हो, असहमति हो, संवाद हो, संशोधन हो, और सबसे जरूरी सहमति हो। लोकतंत्र केवल चुनाव जीतने का नाम नहीं है, वह सत्ता चलाने की जिम्मेदारी है कृ सबको साथ लेकर, सबकी सुनकर। संसद में बहुमत का अर्थ केवल विधेयक पारित कराना नहीं, बल्कि सहमति बनाना होना चाहिए। यदि संसद में संवाद खत्म हो गया, तो लोकतंत्र केवल एक ढांचा बनकर रह जाएगा कृ जिसमें आत्मा नहीं होगी। विपक्ष का काम केवल विरोध करना नहीं, वैकल्पिक सोच प्रस्तुत करना है। और सत्ता का धर्म है, उस विरोध को सुनना। एक स्वस्थ संसद वही है, जिसमें बहस होती हो, न की जिसमें बहुमत का शोर सुनाई दे।

आज के समय में जब राजनीति संवाद से अधिक प्रचार की ओर बढ़ रही है, तब यह लेख एक स्मरण है कि भारत का लोकतंत्र बहस, संशोधन और सहमति से चलता है। संसद केवल बहुमत की गिनती का नाम नहीं, बल्कि देश की आत्मा की अभिव्यक्ति है। और यदि वह आत्मा मौन हो गई, तो लोकतंत्र केवल दिखावा बन जाएगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# समय के साथ अंतरिक्ष में भारत का बढ़ता कद

इसकी शुरुआत बमुश्किल दिखाई दे रही एक दरार से हुई जो फाल्कन-9 बूस्टर की प्रेशर फीडलाइन के वेल्ड जॉइंट में छिपी हुई थी। यह अंतरिक्ष उड़ान की विशाल मशीनरी में संभवतः एक छोटी सी खामी रही होगी, लेकिन भारत के लिए, यह निर्णायक घड़ी थी। इसरो के हमारे सचेत और अटल वैज्ञानिकों ने जवाब मांगा। उन्होंने कामचलाऊ उपायों की बजाए, मरम्मत पर जोर दिया और ऐसा करके, उन्होंने न सिर्फ एक मिशन की रक्षा की बल्कि एक सपने की भी हिफाजत की। उस सपने ने 25 जून, 2025 को उड़ान भरी, जब भारतीय वायु सेना के अधिकारी और इसरो-प्रशिक्षित अंतरिक्ष यात्री, ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला, एक्सिओम-4 मिशन के जरिए कक्षा में पहुंचे। एक दिन बाद अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से जुड़कर, वह कृन सिर्फ अंतरिक्ष में, बल्कि मानव-केंद्रित विज्ञान, चिकित्सा और प्रौद्योगिकी के भविष्य में भी भारत की अगली बड़ी छलांग का चेहरा बन गए।

यह कोई रस्मी यात्रा नहीं थी। यह एक वैज्ञानिक धर्मयुद्ध था। शुक्ला अपने साथ सात माइक्रोग्रैविटी प्रयोग लेकर गए थे। इनमें से प्रत्येक प्रयोग को भारतीय शोधकर्ताओं ने उन सवालों के उत्तर जानने के लिए सावधानीपूर्वक डिजाइन किया था, जो न केवल अंतरिक्ष यात्रियों के लिए, बल्कि हमारे समूचे देश के किसानों, डॉक्टरों, इंजीनियरों और छात्रों के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। अंतरिक्ष में मेथी और मूंग के बीजों के अंकुरित होने के बारे में विचार कीजिए। यह सुनने में सरल, लगभग काव्यात्मक प्रतीत होता है। लेकिन इसके निहितार्थ गहरे हैं। अंतरिक्ष यान के सीमित क्षेत्र में, जहां पोषण का प्रत्येक ग्राम मायने रखता है, वहां यह समझना कि माइक्रोग्रैविटी में भारतीय फसलें कैसे व्यवहार करती हैं, लंबी अवधि के मिशनों के लिए चालक दल के आहार को नए सिरे से परिभाषित कर सकता है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि यह पृथ्वी पर, विशेष रूप से मृदा क्षरण और जल की कमी से जूझ रहे क्षेत्रों में, ऊर्ध्वाधर खेती और हाइड्रोपोनिक्स में नवाचारों को प्रेरित कर सकता है।

इसके अलावा भारतीय टार्डिग्रेड्स का अध्ययनकृइन सूक्ष्म जीवों को इनकी मजबूती के लिए जाना जाता है। सुप्तावस्था से जागे इन सूक्ष्म जीवों का अंतरिक्ष में जीवित रहने, प्रजनन और जेनेटिक एक्सप्रेशन की दृष्टि से अवलोकन गया। उनका व्यवहार जैविक सहनशक्ति के रहस्यों को उजागर कर सकता है, जो टीके के विकास से लेकर जलवायु-प्रतिरोधी कृषि तक, हर चीज में सहायक हो सकता है। शुक्ला ने मायोजेनेसिस प्रयोग भी किया। इस प्रयोग में इस बात की पड़ताल की गई कि मानव मांसपेशी कोशिकाएं अंतरिक्ष की परिस्थितियों और पोषक तत्वों के प्रति कैसी प्रतिक्रिया देती हैं। यह निष्कर्ष मांसपेशीय क्षय के उपचार में क्रांतिकारी बदलाव ला सकते हैं, जिससे न केवल अंतरिक्ष यात्रियों को, बल्कि वृद्ध रोगियों और आघात या ट्रामा से उबर रहे लोगों को भी लाभ होगा। अन्य जारी प्रयोगों में सायनोबैक्टीरिया की वृद्धि ये ऐसे जीव हैं, जो संभवतः किसी दिन अंतरिक्ष में जीवन-रक्षक प्रणालियों की सहायता कर सकते हैं तथा चावल, लोबिया, तिल, बैंगन और टमाटर जैसे भारतीय फसलों के बीजों का माइक्रोग्रैविटी के संपर्क में आना शामिल है। इन बीजों को पीढ़ी दर पीढ़ी उगाया जाएगा ताकि वंशानुगत परिवर्तनों का अध्ययन किया जा सके, जिससे संभावित रूप से चरम वातावरण के अनुकूल नई फसल किस्में विकसित हो सकें।


यहां तक कि मानव-मशीन संपर्क को भी परखा गया। शुक्ला ने यह समझने के लिए वेब-आधारित आकलन किया कि इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले के साथ बातचीत करने की हमारी क्षमता को माइक्रोग्रैविटी किस प्रकार प्रभावित करती है -जो भविष्य के अंतरिक्ष स्टेशनों और अंतरिक्ष यान के लिए सहज ज्ञान युक्त इंटरफेस डिजाइन करने के लिए एक महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि है। यह कोई अमूर्त प्रयास नहीं हैं। यह समाज के लिए विज्ञान के भारतीय लोकाचार में गहराई से निहित हैं। एक्सिओम-4 का हर प्रयोग पृथ्वी पर जीवन को प्रभावित करने की क्षमता रखता हैकृचाहे वह ओडिशा का कोई जनजातीय किसान हो, शिलांग का कोई स्कूली बच्चा हो, या लद्दाख का कोई फ्रंटलाइन डॉक्टर हो।

इस मिशन ने वैश्विक अंतरिक्ष कूटनीति में भारत के बढ़ते कद को भी दर्शाया। सुरक्षा प्रोटोकॉल पर हमारे द्वारा जोर दिए जाने ने स्पेसएक्स को एक संभावित विनाशकारी खामी की पहचान करने और उसे ठीक करने में मदद की। नासा, ईएसए और एक्सिओम स्पेस के साथ हमारा सहयोग समान साझेदारी के एक नए युग को दर्शाता है, जहां भारत केवल भाग ही नहीं ले रहा है, बल्कि नेतृत्व भी कर रहा है। पूरे मिशन के दौरान, इसरो के फ्लाइट सर्जनों ने शुक्ला के स्वास्थ्य पर नजर रखते हुए उनकी शारीरिक और मानसिक सेहत का ध्यान रखा। वे पूरे जोश में रहे और लखनऊ से लेकर त्रिवेंद्रम, बैंगलोर से लेकर शिलांग तक, पूरे भारत के छात्रों से बातचीत करते रहे और युवा मन में विज्ञान और अंतरिक्ष की संभावनाओं के प्रति उत्साह जगाते रहे। शुक्ला अब लौट आए हैं और वह अपने साथ प्रचुर मात्रा में डेटा, नमूने लाए हैं और उनके द्वारा लाई गई अंतर्दृष्टि भारत के आगामी गगनयान मिशन और भारत अंतरिक्ष स्टेशन को शक्ति प्रदान करेगी।

**-डा. जितेंद्र सिंह**


(लेखक केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार, पृथ्वी विज्ञान और प्रधानमंत्री कार्यालय, परमाणु ऊर्जा विभाग, अंतरिक्ष विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन राज्य मंत्री हैं)

# अमेरिकी हस्तक्षेप से मुक्ति की दिशा में मध्य एशिया



**तनवीर जाफरी**

इस्राईल को लंबे समय से मिल रहे अमेरिकी संरक्षण से वैसे तो पूरी दुनिया भली भांति वाकिफ है परन्तु अब इस अमेरिकी संरक्षण के चलते इस्राईल खासतौर से गजा में जिसतरह मानवता की लगातार बर्बर हत्या करता जा रहा है उसे देखकर दुनिया के अधिकांश देश न केवल इस्राईल के खिलाफ होते जा रहे हैं बल्कि उन्हें इस्राईल को दिया जाने वाला अमे. रिकी संरक्षण भी अब रास नहीं आ रहा है। वास्तव में शांतिप्रिय मध्य एशिया में तबाही,बर्बादी व अशांति की इबारत लिखने वाला अमेरिकी संरक्षित इस्राईल ही है।



7 अक्टूबर 2023 को जब से दक्षिणी इस्राइल पर हमास द्वारा हमले किए गए और 251 लोगों को बंधक बनाया गया उसके बाद इस्राईली सेना (आईडीएफ) ने हमास की आतंकी कार्रवाई के जवाब में जिस तरह गजा पट्टी में बड़े पैमाने पर सैन्य कार्रवाई शुरू की और आज तक जारी है उसने इस्राईल व अमेरिका के अमानवीय चेहरे को पूरी तरह उजागर कर दिया है। गजा में बर्बरता और अत्याचार की हर सीमाओं को इस्राईल पार कर चुका है। रिहाइशी बस्तियों अस्पतालों स्कूलों शरणार्थी कैंपों धर्मस्थलों आदि को खंडहर बनाने के बाद अब भूखे निहत्थों को मार रहा है।

खबर है कि गजा में गजा ह्यूमनटेरियन फाउंडेशन (जीएचएफ) की ओर से बांटा जा रहा खाना बहुत कम लोगों तक पहुंचने के कारण वहां भुखमरी की स्थिति पैदा हो गई है। कई बार ऐसी अमानवीय घटना भी घटी कि जब जीएचएफ के भोजन वितरण केंद्र पर मदद लेने के लिए भूख से तड़पते बच्चे व महिलाएं भोजन की खातिर आकर लाइन में लगे उसी समय उन पर इसरा. इली सुरक्षा बलों ने गोलियां चला दीं जिससे दर्जनों लोग मरे गए। कई बार इस्राईली सुरक्षा बलों द्वारा भूखे शरणार्थियों को खाना देने के लिए बुलाया गया, बाद में लाइन में खड़े होने के बाद उनपर गोलीबारी कर अनेक लोगों की हत्या कर दी गई।

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय के अनुसार पिछले दो महीनों में भोजन हासिल करने की कोशिश कर रहे एक हजार से अधिक फिलस्तीनी, इस्राईली हमलों में मारे जा चुके हैं। इनमें से कम से कम 766 लोगों की मौत उन चार वितरण केंद्रों के आसपास हुई है, जिन्हें जीएचएफ संचालित करता है। इसके अलावा 288 लोगों की मौत संयुक्त राष्ट्र और अन्य सहायता केंद्रों के पास हुई है। सौ से अधिक सहायता संगठनों और मानवाधिकार समूहों का कहना है कि गजा में बड़े पैमाने पर मानव जनित भुखमरी फैल रही है। अंतर्राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा विशेषज्ञों ने इन हालात के लिए इस्राईल को जिम्मेदार ठहराया है क्योंकि वही फिलस्तीनी क्षेत्रों में भेजी जाने वाली सप्लाई को नियंत्रित करता है।

आम लोग ही नहीं बल्कि गजा में युद्ध की रिपोर्टिंग करने वाले अनेक स्थानीय व विदेशी पत्रकार व उनका परिवार भी भुखमरी का सामना करने को मजबूर है। कुछ पत्रकार तो इस हद तक असहाय हो चुके हैं कि वे अपने मासूम असहाय बच्चों व परिवार के लिए भोजन तक नहीं जुटा पा रहे हैं। गजा में काम करने वाले कुछ पत्रकार तो अपनी जान की बाजी लगाकर लाइनों में लगकर चौरिटी किचन से खाना ले रहे हैं। उनके बच्चे दिन में सिर्फ एक बार दाल, चावल या पास्ता खा कर गुजारा करने को मजबूर हैं। कुछ पत्रकारों ने तो यहां तक बताया कि उन्होंने भूख दबाने के लिए नमक मिला पानी पीना शुरू कर दिया है। जरा सोचिए जिन पत्रकारों की बदौलत दुनिया को इस्राईली सेना के जुल्म और गजा के लोगों की बेबसी व बर्बादी की खबर सुनाई व दिखाई देती थी अगर वही पत्रकार व उनका परिवार सुरक्षित नहीं रहेगा तो अमेरिकी संरक्षित इस्राईल के काले करतूत दुनिया तक कैसे पहुंचेंगे?

इन्हीं हालात में अनेक अंतर्राष्ट्रीय राहत संगठन और मानवाधिकार समूह बड़े पैमाने पर भुखमरी फैलने की चेतावनी दे रहे हैं। एक ओर तो इस्राईल-अमेरिका फिलिस्तीनियों के अधिकारों की लड़ाई लड़ने वाले हमास को आतंकी संगठन बताकर उसकी आड़ में पूरे फिलिस्तीन पर नियंत्रण हासिल करने की फिराक में है तो दूसरी ओर यही इस्राईल-अमेरिकाअहमद हुसैन अल-शरा, जिसे अबू मोहम्मद अल-जुलानी के नाम से भी जाना जाता है, को सीरिया में बशर अल असद का तख्ता पलटकर उसे अंतरिम राष्ट्रपति बना देता है। यह वही जुलानी है जिस पर कुछ समय पहले तक अमेरिका ने दस मिलियन डॉलर का ईनाम घोषित कर रखा था, क्योंकि वह अलकायदा से जुड़ा था। 2017 में उसने अन्य कई आतंकी संगठनों के साथ मिलाकर हयात तहरीर अल-शाम HTS नामक संगठन बना लिया था। अमेरिका ने HTS को आतंकी लिस्ट में भी रखा था। अब अमेरिका ने उसके संगठन HTS को आतंकी लिस्ट से भी हटा दिया है। गोया जो व्यक्ति अमेरिका के हर विभाजनकारी इरादों में साथ रहे वह उसके लिए आतंकवादी नहीं और जो उसके और इजरायल के खिलाफ हो या अपनी स्वतंत्र नीति रखता हो वह आतंकवादी घोषित हो जाता है चाहे वह ईरान जैसा संप्रभुता संपन्न राष्ट्र ही क्यों न हो?

बहरहाल, अमेरिका को सर्वशक्तिमान मानने वाले व अमेरिकी रहम ो करम पर जीने वाले कुछ अमेरिकी पिठू देशों की शासकों व तानाशाहों की बात छोड़ दें तो पूरा विश्व खासकर मध्य एशियाई देश इस बात को समझ चुके हैं कि अब समय आ गया है कि किसी भी तरह इस्राईल को सबक सिखाया जाए और मध्य एशियाई क्षेत्रों को अमेरिकी हस्तक्षेप से मुक्ति दिलाई जाए। ईरान का भय दिखाकर सुन्नी शिया मतभेदों को बढ़ावा देना दरअसल अमेरिका की सुन्नी देशों के प्रति हमदर्दी नहीं बल्कि एक बड़ी चाल है जिसे मुस्लिम जगत अब बखूबी समझ चुका है। मुस्लिम जगत जुलानी की आड़ में सीरिया को बर्बाद करने की साजिश को भी समझ रहा है।परन्तु खबर यह भी है कि सीरियाई जनता भी अमेरिका इस्राईल के सीरिया के प्रति नापाक इरादों को भांप कर एकजुट होने लगी है। मध्य एशियाई क्षेत्रों को अमेरिका से मुक्त कराने के शुरुआत संकेत मिलने लगे हैं। ईरान ने गत 23 जून को कतर की राजधानी दोहा स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डे अल-उदीद एयरबेस पर मिसाइलें दाग कर तथा इराक और सीरिया में भी अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बना कर यह चेतावनी दे दी है कि अमेरिकी सैन्य अड्डे मध्य एशियाई क्षेत्रों में सुरक्षित नहीं हैं। साथ ही इराकी प्रतिरोध समूहों, विशेष रूप से कताइब हिजबुल्लाह, ने इराकी सरकार को यह चेतावनी जारी कर दी है कि वह अमेरिकी सेना को दो महीने के भीतर बगदाद अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा और ऐन अल-असद बेस जैसे इराकी सैन्य ठिकानों, से पूरी तरह से हटने के लिए कहे। इराकी प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी को इस संबंध में पहले से सहमति के आधार पर कार्रवाई करने के लिए पर्याप्त समय दिया गया था और अब केवल दो महीने बचे हैं यानी सितंबर 2025 के अंत तक अमेरिका को इराक छोड़ने की चेतावनी दे दी गई है। इस चेतावनी में यह भी कहा गया है कि अगर यह कार्रवाई समय सीमा में पूरी नहीं हुई, तो उनकी अलग राय होगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# गाजा में भुखमरी भयावह: डोनाल्ड ट्रम्प का इजरायल को कड़ा संदेश, 'तुरंत फैसला लो'

## इजरायल का बड़ा हमला, 34 की मौत, मृतकों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल, कई घायल

**गाजा/एडिनबरा/तेल अवीव।** इजरायल और हमास के बीच चल रहे संघर्ष के चलते गाजा में दिन-प्रतिदिन संकट और गहराता जा रहा है। उधर, इजरायल के हमले कम होने के नाम नहीं ले रहे है। ताजा घटनाक्रम की बात करें तो इजरायल ने सोमवार को गाजा में जोरदार हमला किया। इस हमले में कम से कम 34 फलस्तीनी मारे गए, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं।





यह हमला उस समय हुआ जब इजरायल ने एक दिन पहले ही कुछ इलाकों में हर दिन 10 घंटे के लिए सैन्य कार्रवाई रोकने की घोषणा की थी ताकि मानवीय मदद बेहतर ढंग से पहुंच सके। इजरायली सेना ने बताया था कि गाजा सिटी, दीर अल-बलाह और मुवासी इलाके में हर दिन सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक सैन्य कार्रवाई रोकी जाएगी। इसका मकसद था भूख से जूझ रहे लोगों तक सुरक्षित रास्तों से राहत सामग्री पहुंचाना। हालांकि इजरायल ने ये भी साफ कर दिया कि वह सैन्य अभियान पूरी तरह नहीं रोकेगा। सोमवार को जो हमले हुए, वे उसी 10 घंटे की राहत अवधि से बाहर किए गए। इस पर अभी तक इजरायली सेना की कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। गाजा की स्थिति दिन-प्रतिदिन और भयावह होती जा रही है। वहीं मामले में केंद्रीय गाजा औदा अस्पताल ने कहा कि उन्हें सात लोगों के शव मिले, जो एक अमेरिकी-इजरायली मदद केंद्र के पास इजरायली गोलीबारी में मारे गए।

20 लोग घायल भी हुए हैं। मुवासी इलाके में एक घर पर हमले में गर्भवती महिला सहित 12 लोग मारे गए। डाक्टरों ने जटिल आपरेशन के बाद महिला के गर्भस्थ शिशु को बचा लिया। वहीं खान यूनिस शहर के जापानी मोहल्ले में दो-मंजिला मकान पर हुए हमले में 11 लोग मारे गए, जिनमें से अधिकतर महिलाएं और बच्चे थे। गाजा में भूख और कुपोषण की स्थिति दिन-ब-दिन खराब हो रही है। मामले में राहत एजेंसियों ने कहा है कि इजरायल की नई मदद नीति सही दिशा में कदम जरूर है, लेकिन अब भी यह पर्याप्त नहीं है। दुनिया भर में भूखे और कुपोषित बच्चों की तस्वीरों पर भारी नाराज़गी देखी जा रही है। गौरतलब है कि सात अक्टूबर 2023 को हमास ने इजरायल पर हमला कर 1200 लोगों की हत्या की थी और 251 लोगों को बंधक बना लिया था। जवाब में इजरायल ने भारी सैन्य कार्रवाई शुरू की, जिसमें अब तक 59800 से ज्यादा फलस्तीनी मारे जा चुके हैं। फलस्वरूप गाजा में भुखमरी का संकट और गहराता जा रहा है। इजरायल का कहना है कि हमास अब भी 50 बंधकों को पकड़े हुए है, जिनमें से आधे से ज्यादा मारे जा चुके हैं। वहीं इजरायल ने हमास के

### गाजा में इजरायल ने पहली बार मदद पहुंचाई, आटा चीनी व रेडीमेड फूड के पैकेट गिराए

खिलाफ जंग के बाद पहली बार गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाई है। इजरायली सेना आईडीएफ ने आटा, चीनी, दवाई और डिब्बाबंद खाना गाजा में हवाई मार्ग से पहुंचाया। यह कदम अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के साथ मिलकर उठाया गया। वहीं, इजरायल ने गाजा के कुछ हिस्सों में सीजफायर और संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के लिए सुरक्षित रास्ते बनाने का भी ऐलान किया ताकि वहां की जनता को मदद पहुंचाई जा सके। मार्च से मई तक इजरायल ने गाजा में बाहरी सहायता पर रोक लगा दी थी। अब इजरायल का कहना है कि वह यूएन की सहायता वितरण में रुकावट नहीं डाल रहा। गाजा में इजरायल-हमास जंग को शुरू हुए 22 महीने हो चुके हैं। अब तक इस लड़ाई की वजह से 124 लोग भूख से मारे गए हैं, जिनमें से 81 बच्चे हैं। जुलाई महीने में ही भूख से 40 लोगों की मौत हुई, जिनमें 16 बच्चे हैं। इसी बीच गाजा में जंग से फैली भुखमरी पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पहली बार बयान दिया है।



शिमला। बारिश के दौरान छाता लगाकर पैदल जाते यात्री।

## अमेरिका और यूरोपीय संघ में हुआ व्यापार समझौता

**लंदन।** अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) में व्यापार को लेकर सहमति बन गई है। दोनों ने एक बैठक के बाद तय किया कि अमेरिका, ईयू के कई उत्पादों पर 15 प्रतिशत टैरिफ लगा सकेगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने रविवार को हुई बैठक के बाद यह ऐलान किया। यह घोषणा स्कॉटलैंड में हुई बातचीत के बाद एक संयुक्त प्रेस वार्ता में की गई। दोनों नेताओं ने इस समझौते को 'व्यापार संतुलन' बहाल करने और अधिक न्यायसंगत कारोबार को बढ़ावा देने वाला बताया। ट्रंप ने प्रेस वार्ता में दावा किया कि यह समझौता अमेरिकी कारों को यूरोपीय बाजार में दोबारा प्रवेश करने और ईयू में कृषि निर्यात को सरल बनाएगा। दवाईयां इस समझौते से बाहर हैं, जबकि ईयू से अमेरिका को निर्यात होने वाले स्टील और एल्युमीनियम पर मौजूदा 50 प्रतिशत शुल्क लागू रहेंगे। विदित हो कि इससे पहले तक ईयू से अमेरिका को निर्यात होने वाली कारों पर पहले ढाई प्रतिशत टैक्स था जो अब बढ़कर 15 फीसदी हो जाएगा। यह समझौता अमेरिका को ईयू उत्पादों पर व्यापक रूप से 15 प्रतिशत टैरिफ लगाने की बात कहता है।

## संक्षिप्त समाचार

### बैंकाक में गोलीबारी में छह लोगों की मौत

**बैंकाक।** थाईलैंड की राजधानी बैंकाक में सोमवार को गोलीबारी की एक घटना में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया थाईराथ ने यह जानकारी दी है। गोलीबारी में जिन लोगों की मौत हुई उनमें चार लोग बाजार के सुरक्षाकर्मी थे। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार हमलावर ने बाजार में अंधाधुंध गोलीबारी की और फिर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। इस घटना में कुल छह लोग मारे गए, जिसमें हमलावर भी शामिल है।

### ट्रक-बस की टक्कर में 16 लोगों की मौत, 51 घायल

**कोटे डी आइवर।** आइवरी कोस्ट में एक ट्रक और बस के बीच हुई टक्कर में कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई जबकि 51 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी देश के परिवहन मंत्रालय ने सोमवार को दी। मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर कहा कि यह दुर्घटना एक सार्वजनिक परिवहन बस और एक ट्रक के बीच हुई। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, 16 लोगों की मौत हो गई और 51 घायल हो गए।

### जर्मनी में ट्रेन पटरी से उतरी, तीन की मौत, कई घायल

बर्लिन। दक्षिणी जर्मन राज्य बाडेन-वुर्टेमबर्ग में रविवार शाम एक ट्रेन पटरी से उतर गई, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह जानकारी स्थानीय पुलिस ने दी। यह दुर्घटना रीडलिंगन शहर के पास उस समय हुई जब ट्रेन के दो डिब्बे पटरी से उतर गए। पुलिस के एक बयान के अनुसार, स्थानीय पुलिस ने घटनास्थल पर एक कमांड सेंटर स्थापित किया है और बचाव कर्मियों को तैनात किया है।

### इराक: बंदूकधारियों के हमले में दो लोगों की मौत

**बगदाद।** इराक की राजधानी बगदाद में रविवार को कृषि मंत्रालय के कार्यालय पर सशस्त्र बंदूकधारियों के हमले में एक पुलिस जवान और एक नागरिक की मौत हो गई। इराकी गृह मंत्रालय के एक सूत्र ने बताया कि नवनियुक्त निदेशक की अध्यक्षता में प्रशासनिक बैठक के दौरान बंदूकधारियों के एक समूह ने कार्यालय को निशाना बनाकर गोलीबारी की। इस बीच गोलियों की आवाज सुनकर वहां पहुंचे अन्य पुलिसकर्मियों पर की गई गोलीबारी में एक जवान की मौत हो गई।

## कंबोडिया ने की थाईलैंड के साथ युद्धविराम की घोषणा

**■ अमेरिका और चीन ने मध्यस्थता की, जंग में अब तक 30 से ज्यादा मौतें**

**बैंकाक/नोम पेन्ह।** कंबोडिया के प्रधानमंत्री हुन मानेट ने थाईलैंड के साथ चल रहे सीमा विवाद में युद्धविराम की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच तनाव को कम करने के लिए तत्काल लड़ाई रोकने की उम्मीद है।

चीन और अमेरिका ने इस सीजफायर में मध्यस्थता की है। दोनों देशों के बीच मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर आज शांति वार्ता हुई। इस बैठक में थाईलैंड की तरफ से कार्यवाहक प्रधानमंत्री फुमथम वेचायाचाई और कंबोडिया की तरफ से प्रधानमंत्री हुन मानेट ने हिस्सा लिया। इस बैठक की अध्यक्षता मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने की दोनों देशों के बीच सीमा विवाद के चलते बीते दिनों में भारी गोलीबारी हुई है। इसमें 33 लोगों की मौत हो चुकी है। मरने वालों में ज्यादातर आम नागरिक शामिल हैं। मलेशिया इस समय दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के संगठन एएसईएएन की अध्यक्षता कर रहा है। उसने दोनों देशों को बातचीत की मेज पर बुलाया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा था कि थाईलैंड और कंबोडिया के बीच संघर्ष को सुलझाना उनके लिए आसान काम है, क्योंकि उन्होंने पहले भारत और पाकिस्तान के बीच का विवाद भी सुलझाया है।

## हूतियों ने इजरायली जहाजों को निशाना बनाने की दी धमकी

**सना।** यमन के हूती सशस्त्र समूह ने रविवार देर रात चेतावनी दी है कि वह किसी भी गंतव्य की ओर जा रहे इज़राइल से जुड़े सभी विदेशी जहाजों को निशाना बनाना शुरू करेगा। समूह ने यह बयान गाजा के खिलाफ इज़राइल की 'नाकाबंदी के बाद वहां व्याप्त भुखमरी' का बदला लेने के लिए दिया है। हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया ने हूती द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी पर प्रसारित बयान में कहा इस कार्रवाई में इज़राइली बंदरगाहों से जुड़े किसी भी कंपनी के सभी जहाजों को निशाना बनाना शामिल है फिर चाहे उनकी राष्ट्रीयता कुछ भी हो। वे जहां कही भी हमारी सेना की पहुंच में आए, हम उन्हें निशाना बनाएंगे।

# भारतीय डॉक्टरों को यूनुस का सलाम

## बांग्लादेश प्लेन क्रैश-तीन देशों की टीम से मिले

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस ने भारत, चीन और सिंगापुर के डाक्टरों की टीमों से मुलाकात की। उन्होंने ढाका प्लेन क्रैश में घायल हुए लोगों की मदद के लिए डाक्टरों का धन्यवाद दिया।

**■ कहा: आप सिर्फ स्किल नहीं दिल भी साथ लाए**
**■ यूनुस से मिलने वाले डेलीगेशन में 21 डाक्टर व नर्स शामिल थे, इनमें ज्यादातर स्कूली बच्चे हैं**



यूनुस ने कहा कि ये टीमें सिर्फ अपनी स्किल्स नहीं, दिल भी साथ लेकर आई हैं। यह मुलाकात स्टेट गेस्ट हाउस जमुना में हुई। यूनुस से मिलने वाले डेलीगेशन में 21 डाक्टर और नर्स शामिल थीं। ये टीम ढाका में प्लेन क्रैश के पीड़ितों का इलाज कर रही हैं। इनमें ज्यादातर स्कूली बच्चे हैं। भारत ने हादसे के पीड़ितों की मदद के लिए डाक्टरों और नर्सों की एक विशेष मेडिकल टीम के साथ चिकित्सा उपकरणों की खेप भेजी है। राजधानी ढाका में 21 जुलाई को वायुसेना का एक ट्रेनी विमान माइलस्टोन स्कूल पर क्रैश हो गया था। हादसे में 31 लोगों की मौत हुई थी। इनमें 28 छात्र, 2 स्कूल स्टाफ और पायलट शामिल हैं। इसके अलावा 165 घायल हुए। इनमें से 78 की हालत गंभीर है। क्रैश हुआ फाइटर जेट चीन में बना एफ-7बीजीआई था। हादसा सोमवार दोपहर करीब 1 बजे हुआ। उस समय स्कूल में क्लासेस चल रही थीं और सैकड़ों छात्र वहां मौजूद थे। बांग्लादेशी सेना ने कहा-दुर्घटना तकनीकी खराबी के कारण हुई। पायलट ने विमान को आबादी से दूर ले जाने की कोशिश की, लेकिन यह माइलस्टोन स्कूल कैम्पस से टकरा गया। सोमवार को स्कूल के ऊपर वायुसेना का ट्रेनर विमान एफ-7बीजीआई गिर गया, जिसके बाद स्कूल परिसर में विमान का मलबा बिखर गया। हादसे में पायलट लेफ्टिनेंट मोहम्मद तौकीर इस्लाम की मौत हादसे में विमान के पायलट फ्लाइट लेफ्टिनेंट मोहम्मद तौकीर इस्लाम मारे गए।

# चीन में महिलाओं से संबंध रखने पर महंत बर्खास्त

## शाओलिन मंदिर के प्रमुख पर कई बच्चे पैदा करने का आरोप, बौद्ध संघ ने मान्यता की रद्द

बीजिंग। चीन के मशहूर शाओलिन मंदिर के प्रमुख महंत शी योंगक्सिन को बर्खास्त कर दिया गया है। उन पर मंदिर की संपत्ति और फंड के गबन, कई महिलाओं से अवैध संबंध रखने और नाजायज बच्चों के पिता होने जैसे संगीन आरोप लगे हैं।



**■ कई सरकारी एजेंसियां मिलकर इन आरोपों की जांच कर रही हैं**
**■ शी योंगक्सिन के कामों ने बौद्ध समुदाय की प्रतिष्ठा और भिक्षुओं की छवि को गंभीर नुकसान पहुंचाया है: बौद्ध संघ**

चाइना डेली की रिपोर्ट के मुताबिक कई सरकारी एजेंसियां मिलकर इन आरोपों की जांच कर रही हैं। इस बीच चीन के बौद्ध संघ ने सोमवार को उनका दीक्षा प्रमाणपत्र छीन लिया है। संघ ने अपने बयान में कहा कि शी योंगक्सिन के कामों ने बौद्ध समुदाय की प्रतिष्ठा और भिक्षुओं की छवि को गंभीर नुकसान पहुंचाया है। महंत की गतिविधियां बौद्ध धर्म के सिद्धांतों का खुला उल्लंघन मानी जा रही हैं। मामले की जांच कर रहे अधिकारियों ने कहा है कि जो भी जानकारी सामने आएगी, उसे समय-समय पर जनता के साथ साझा किया जाएगा। शाओलिन मंदिर सेंट्रल चाइना के हेनान प्रांत की पहाड़ियों में स्थित है। 1500 साल पुराना यह मंदिर सिर्फ धार्मिक कारणों से ही नहीं बल्कि अपनी मार्शल आर्ट परंपरा खासकर कुंग फू के लिए दुनियाभर में मशहूर है। हर साल देश-विदेश से लाखों लोग इस बौध धर्म के इस मंदिर को देखने आते हैं। शी योंगक्सिन 1999 से शाओलिन मंदिर के मठीधीश हैं। उन्होंने इस मंदिर को एक तरह से आधुनिक बिजनेस माडल में बदल दिया, जिसके चलते उन्हें 'सीईओ मोंक' कहा जाने लगा। उनके नेतृत्व में मंदिर ने विदेशों में स्कूल खोले और मोंक (भिक्षुओं) का एक ग्रुप बनाया जो दुनियाभर में शाओलिन कुंग फू शो करता है। हालांकि यह पहला मौका नहीं है जब योंगक्सिन विवादों में आए हैं।

सबसे पहले साल 2006 में एक स्थानीय सरकार ने उन्हें लगभग 1 मिलियन युआन (करीब+125,000) मूल्य की एक वोक्सवैगन एसयूवी उपहार में दी थी। तब माना गया कि शी ने स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा देने में मदद की थी, जिससे खुश होकर सरकार ने उन्हें यह गिफ्ट किया है। हालांकि तब योंगक्सिन ने इसे एक गिफ्ट बताया और कहा कि उन्होंने कोई व्यक्तिगत लाभ नहीं लिया गया।

## जयशंकर ने द. कोरियाई विदेश मंत्री के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने पर की चर्चा

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने दक्षिण कोरिया के नवनियुक्त विदेश मंत्री चो ह्यून से सोमवार को टेलीफोन पर बातचीत के दौरान परस्पर संबंधों को मज़बूत बनाने के उपायों पर चर्चा की। चो ह्यून को पिछले सप्ताह ही कोरिया का नया विदेश मंत्री नियुक्त किया गया था। डा. जयशंकर ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि आज सुबह कोरिया गणराज्य के विदेश मंत्री चो ह्यून से बात करके अच्छा लगा। उनके सफल कार्यकाल के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। हमारे द्विपक्षीय सहयोग को मज़बूत करने पर चर्चा की। दक्षिण कोरियाई विदेश मंत्री ने भी सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उन्होंने भारतीय विदेश मंत्री के साथ पहली बार बातचीत की।

## तुर्की ने अपने सबसे शक्तिशाली बम किए टेस्ट

**GAZAP और NEB-2 घोस्ट बम 970 किलो वजनी, एफ-16 फाइटर जेट से गिराए जा सकते हैं**

**अंकारा।** तुर्की ने अपने सबसे शक्तिशाली गैर-परमाणु बम जीएजेडएपी और एनईबी-2 घोस्ट का सफल परीक्षण किया है। तुर्की ने इस्तांबुल में आयोजित 17वें इंटरनेशनल डिफेंस इंडस्ट्री फेयर (आईडीईएफ) 2025 फेयर के दौरान 26-27 जुलाई को इस बम के टेस्ट का वीडियो जारी किया।

दोनों बम 970 किलोग्राम (लगभग 2,000 पाउंड) वजनी हैं। इसे तुर्की के रक्षा मंत्रालय के अनुसंधान और विकास (आर-डी) केंद्र ने डिजाइन किया है। जीएजेडएपी थर्मोबैरिक वारहेड से लैस है। ये बम एफ-16 फाइटर जेट से गिराए जा सकते हैं। फुटेज से पता चलता है कि यह बम सैकड़ों वर्ग मीटर के क्षेत्र को प्रभावित कर सकता है। इसमें 10 हजार विशेष कण हैं, जो विस्फोट के बाद 10.6 कण प्रति वर्ग मीटर की दर से फैलते हैं। तुर्की रक्षा मंत्रालय ने बताया कि दोनों बम के सभी परीक्षण पूरे हो चुके हैं और अब यह उपयोग के लिए तैयार है। तुर्की ने एनईबी-2 घोस्ट बम का परीक्षण किया है। ये जमीन के नीचे 295 फीट तक जाकर हमला करता है। तुर्की ने इंटरनेशनल डिफेंस इंडस्ट्री फेयर में बम के टेस्ट का वीडियो जारी किया है। इसमें बम को सटीक निशाना लगाते देखा जा सकता है। बमों को बंकरों और मजबूत संरचनाओं को तबाह करने के लिए बनाया गया है।

## सनी देओल ने दलाई लामा से की मुलाकात

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार सनी देओल ने तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा से मुलाकात की है। सनी देओल ने लद्दाख की यात्रा के दौरान तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा से मुलाकात की है। सनी देओल ने कहा कि दलाई लामा की मौजूदगी, उनकी बुद्धिमानी और आशीर्वाद से मन को काफी सुकून और शांति महसूस हुई गई है। सनी ने दलाई लामा के साथ जो तस्वीर इंस्टाग्राम पर डाली है, उसमें वह उनके सामने आदर से झुकते हुए नजर आ रहे हैं। साथ ही दलाई लामा सनी के हाथों को बड़े प्यार से अपने माथे पर लगाते हुए दिख रहे हैं। सनी देओल ने इंस्टाग्राम पर दलाई लामा की फोटो शेयर करते हुए लिखा, यह एक सम्मान और आभार से भरा पल था। लद्दाख की शांत वादियों में यात्रा करते समय मेरी मुलाकात परम पूज्य दलाई लामा से हुई। उनकी मौजूदगी, समझदारी भरी बातें और आशीर्वाद से मन को सुकून और शांति मिली। इस पल को मै कभी नहीं भूल सकता।







